यह कथन भी सुने कि—हाय, यही है बेचारा इन्द्र, जिसने सौ अश्वमेध करके भगवान् चन्द्रशेखरको प्रसन्न किया और उसके फलस्वरूप दानवयोग्य स्वर्गका राज्य मांगा था । देखो देखो इस कुबेरको, इसने पशुपाशसे मुक्त करानेवाले पाशुपत व्रतसे शिवको प्रसन्न किया, उन्होंने कुबेरसे कहा कि तुम मेरे सखा हो, फिर भी इसने पिशाचकी तरह धनपाल होनेकी प्रार्थनाकी । कितना अधिक कहा जाय, यह वैश्वानर अष्टमूर्त्ति शिवका आत्मस्वरूप है इसने अपने विवेकको खोकर—बहुत दिनों तक शिवकी आराधना करनेके बाद भी—हव्यवाहनता पाकर यह अभिमान करता है कि मैं देवोंका अन्नवाहक हूँ । इसीसे यह अपनेको कृतार्थ समझता है । बहुत दिनोंके बाद हमने इन देवपशुओंको देखा है ।

लोक अपने मनको क्यों नहीं निगृहीतकरते हैं, शिवकी शरण क्यों नहीं जाते हैं, अभिप्राय भेदके आधारपर वे मोक्षके उपायमें बँधे रहते हैं ॥ ५ ॥

देवगणने इस प्रकारके उनके उपहासवचन सुने, ऐश्वर्यकी ऊँचाई-नीचाई देखी, स्वर्गाधिपत्यका मिथ्याभिमान छोड़ा, लज्जासे उनकी आँखें नष्ट हो गईं उन्होंने निश्चय कर लिया कि हमारे स्वर्गके राज्यसे यहाँका भिक्षाटनही श्रेष्ठ है ।

अथ सुरगुरुमागतं सशिष्यं
स्वयमवधार्य धिया सनत्कुमारः ।
अपगततमसो महाप्रभावा-
नशिषदमुष्य सभाजनाय शिष्यान् ॥ ६ ॥

प्रस्थिताश्च ते परस्परालापेषु, अथर्वशिखाप्रवर्तकतामाङ्गिरसाख्य-योगरहस्यप्रवर्तकतामृग्यजुषोद्घुष्टप्रभावतामप्यनुस्मृत्य, प्रशंसन्तो ब्रह्मपुत्रं भगवन्तं तमङ्गिरसं, प्रशंसन्तश्च गूढचर्यारतं महर्षिं संवर्तशिवाचार्यं मरुत्तानुग्रहवाराणसीनिषेवणव्रताद्युपाख्यानेन, शंसन्तश्च संवर्तानुजमाङ्गिरसं सर्वतन्त्रेषु प्रवचनपारदर्शनप्रबन्धनिर्माणप्रतिभाव्यवहार-कौशलैः, परिहरन्तश्च लोकायतिकतन्त्रतीर्थकरताप्रयुक्तमपकर्षमपि बाह्य-तन्त्रप्रवर्तकपरमेश्वरनिदर्शनोपदर्शनेन, समागम्य यथाविधि संनताश्च स्वगुराविव सह शिष्यैः सुराचार्यं सनत्कुमारसमीपमानिन्यिरे ॥

इसके बाद सनत्कुमारने अपनी योगदृष्टिसे स्वयं जान लिया कि सशिष्य बृहस्पति आये हैं, इसके बाद उन्होंने तमोगुणसे पारवर्त्ती महाप्रभाव अपने शिष्योंको बृहस्पतिका आदर करनेकी आज्ञा दी ॥ ६ ॥

सनत्कुमारके शिष्योंने परस्पर कथोप कथनमें बृहस्पतिकी अथर्वशिखाप्रवर्त्तकता, आङ्गिरसनामक योगरहस्यकी प्रवर्त्तकता और ऋक्-यजुके द्वारा प्रभावकी घोषणा आदिका स्मरण किया, ब्रह्मपुत्र अङ्गिराकी प्रशंसाकी, छिपकर कार्य करने-वाले महर्षि संवर्त्त शिवाचार्यकी प्रशंसाकी, उनके द्वारा किये गये देवानुग्रह, वाराणसी-निषेवणव्रतकी चर्चाकी, संवर्त्तके अनुज आङ्गिरसके प्रवचनकला-पार-दर्शित्व, तथा प्रबन्धनिर्माणशक्ति, और व्यवहारकुशलताकी चर्चाकी । आङ्गिरसने जो चार्वाकमतका प्रवर्त्तन किया था उससे जो उनकी निकृष्टता प्रकट हुई थी, उसकी वे लोग चर्चा यह कह कर नहीं करते थे कि भगवान्ने भी तो बाह्यतन्त्रकी प्रवर्त्तनाकी थी । सनत्कुमारके शिष्यगणने देवगुरु बृहस्पतिके पास आकर अपने गुरुकी तरह उनकी वन्दनाकी ।

सनत्कुमारेण समागमे गुरो-
र्निशाम्य वृत्तां विविधास्तदर्हणाः ।
निशम्य वादेष्वथ चास्य चातुरीं
विशिष्य तस्मिन्नमरा विनेमिरे ॥ ७ ॥

आङ्गिरसोऽपि प्रणम्य भक्त्या महत्या परमेष्ठिनमिव सनत्कुमारं, आवेद्य देवकार्यं, अनुज्ञाप्य च तेन पाकशासनं, अनुव्रज्य परिष्वज्य गाढं, आदिश्य चतुर्मुखोपसर्पणेतिकर्तव्यतां, अनुगृह्य शिवेन चेतसा, विसृष्टस्तेन, विनयातिशयादादृष्टिपथादादधानः शिरस्यञ्जलिं, आस्थाय महान्तं योगं, आवर्तयन् प्रणवमेव, सहामरैरासासाद महतावधानेन हैरण्यगर्भमायतनम् । गच्छन्तः पथि--

वाग्देवीवदनारविन्दगलितब्रह्मोद्यविद्याशत-
ग्रन्थग्रन्थिविभेदजातकुतुकब्रह्मर्षिहर्षस्तवैः ।
कर्णाभ्यर्णगतैर्निवृत्तनिखिलक्लेशा दिगीशास्तदा
निर्वव्रुर्न च वव्रुरव्रणमपि स्वर्गं पुनर्गाहितुम् ॥ ८ ॥

जब देवोंने सुनाकि गुरुके आनेपर सनत्कुमारने नानाप्रकारसे उनका सत्कार किया है, और जब उन्हें सनत्कुमारकी वादचतुरता देखनेका अवसर मिला, तब देवगण सनत्कुमारके प्रति विशेष रूपमें नम्र हो गये ॥ ७ ॥

बृहस्पतिने सनत्कुमारको ब्रह्माकी तरह बड़ी भक्तिसे प्रणाम किया, देवकार्यका निवेदन किया, इसकी सूचना इन्द्रको दी, गाढ़ालिङ्गनपूर्वक इन्द्रने बृहस्पतिका अनुगमनकिया, बृहस्पतिने इन्द्रसे ब्रह्माके पास जानेका प्रकार बताया, कल्याण-कामनाके साथ इन्द्रपर अनुग्रह दिखाया, इन्द्रने जबतक बृहस्पति आँखोंके सामने रहे शिरसे हाथ जोड़कर उन्हें विदादी, अनन्तर बृहस्पति योगधारण करके प्रणवका जप करते हुए देवोंके साथ बड़ी सावधानीसे ब्रह्माके आश्रममें पहुँचे ।

मार्गमें जाते हुए देवोंने सरस्वतीके मुखकमलसे निर्गत नाना वेदान्तवाद द्वारा ग्रन्थग्रन्थियोंके खुल जानेपर कुतूहलपूर्ण ब्रह्मर्षियोंके सहर्ष स्तुतिवाक्योंके कानमें पड़नेपर समस्त क्लेशको समाप्त समझा, उनदेवोंने उससमय बड़ी शान्ति पाई, और उन्हें क्लेशरहित स्वर्गमें भी पुनः जानेकी इच्छा नहीं रही ॥ ८ ॥

अपि चाद्राक्षुरविदूर एव ते निरस्तरजस्तमोव्यतिकरतया निर्मल-सत्त्वप्रकाशराशिमिव, निष्कलङ्कशशाङ्केष्टकासंघसंघटितमिव, निरन्तर-ज्वलद्बिन्धनज्वालापरिवर्तपिण्डितदुग्धसागरोर्मिनिर्मितमिव, चिरनिपात-घनीभूतशारदाशिरश्चन्द्रचन्द्रिकाविकीर्णनीहारसारसाधितमिव, त्रैविक्रम-चरणाक्रमाविद्धविध्यण्डकपालनिरर्गलनिर्गलदलकनन्दानिपातधौतमिव, विमलभास्वरप्रभावभासितनभोविभागं, अपास्तकलङ्कानुषङ्गतयेव धूमादि-मार्गचंक्रमपङ्किलचरणपशुजनानाक्रमणीयं, अशेषभुवनसर्गावशेषसारैरिव विलक्षणैः शब्दादिभिर्विषयैरुपस्कृतं, अनुश्रवमयैः प्राकारैराभ्युदयिकोपा-सनामयैर्गोपुरैरात्मोपासनामयीभिः कक्ष्याभिः प्रणवमयेन चास्थान-मण्डपेन परिशोभितं, निजनिजकार्यनिवेदनावसरप्रतीक्षितत्तल्लोकाधि-कारिकारितसंमर्दबहिर्द्वारवितर्दिकाभागं, आगन्तुकगन्धर्वकिन्नराप्सरस्स-मारब्धतौर्यत्रिकमौखर्यपूरितप्रथमकक्ष्यं, अनभिसंधिमत्कर्मयोगनिर्मल-

---

उन्होंने समीपमें ही ब्रह्माका भवन देखा जो समस्त रजोगुण तथा तमोगुणके शान्त हो जानेके कारण निर्मल सत्त्वराशिके प्रकाशके समान लगता था। वह ऐसा प्रतीत होता था मानो निर्मल चन्द्र कलास्वरूप ईंटोंके समुदायका बना हो, सततप्रज्वलित बडवानलकी ज्वालाके संपर्कसे पिण्डीभूत क्षीरसागरकी तरङ्गोंसे निर्मित हुआ हो, बराबर पड़नेके कारण इकट्ठी हुई सरस्वती शिरश्चन्द्रकी चन्द्रिका द्वारा फैलाई गई नीहारबिन्दुओंसे बना हो, ऐसा लगता था मानो ब्रह्मभवन वामन भगवान्के चरणाघातसे ब्रह्माण्ड-कपालके फूट जानेपर बेरोक बहनेवाली अलकनन्दाके जलसे धुला हुआ हो। वह ब्रह्मभवन अपने स्वभाव स्वच्छ प्रभा-जालसे आकाशको भासित कर रहा था। धूमादि-मार्गसे जानेवाले पङ्किलचरण पापीजन वहाँ नहीं जाते हैं अतएव वहाँ किसी प्रकारके पङ्कका कलङ्क नहीं है। अशेष भुवनके निर्माणमें लगजानेके बाद बचे हुए सारभूत शब्दादि विषयोंसे ब्रह्मभवन उपस्कृत सा लगता था। वेद ही उसके प्राकार थे, अभ्युदय देनेवाली उपासनायें उसके पुरद्वार थीं, उपासनास्वरूप उसके प्रकोष्ठ थे, प्रणव उसका सभामण्डप था, बाहरके भागमें इकट्ठे हुए अपने-अपने कार्योंकी सूचना देने-वाले तत्तल्लोकाधिकारियों की वहाँ जमघट-सी लग रही थी, कक्ष्याओंमें जो पहली कक्ष्या थी उसमें आनेवाले गन्धर्व-किन्नर और अप्सरागण नृत्य-नीत-वाद्यसे

कर्मन्दिवृन्दपरिकर्मितद्वितीयकक्ष्यम्, अतिगहनन्यायसाङ्ख्ययोगादिदर्शन-तत्त्वावमर्शव्यसनकर्शितकणादकपिलपतञ्जलिप्रमुखविद्वद्दुर्दामजल्पकथा-घोषभूषिततृतीयकक्ष्यं, अतिविचित्रतरत्रयीशिखरोपपादितोपासनाभेद-वासनासनाथमुनियूथदर्शिताश्चर्यतुर्यकक्ष्यम्, अतिरहस्यवैश्वानरदहरादि-विद्यापरिचयानवद्यमहर्षिदर्शितोपासनाप्रपञ्चपञ्चमकक्ष्यं, अतिदूरविसृष्ट-दृष्टानुश्रविकविषयामिषरिरंसागन्धपरमहंसावतंसितषष्ठकक्ष्यम्, अति-चातुर्यपर्यवस्थापितानुश्रवतात्पर्यपर्यालोचनापनीतविपरीतान्वयशङ्काकलङ्क-निरङ्कुशकुशलजनालंकृतसप्तमकक्ष्यं, प्रसंख्यानपरासंख्यभृग्वङ्गिरोवसिष्ठा-दिगरिष्ठाधिकारिकमुनिमण्डलमण्डितास्थानमण्डपं,अपदं विपदां,अगोचरं वाचां, अनाशङ्कनीयमर्वाचां, अगम्यमाचारमात्रशरणैः, असाध्यमध्वरैः, अलभ्यमधिकैरपि तपोविपाकैः, दुरारोहं महादानैः, दुरवगाहमाहवसाहसैः असंभावनीयं मनसापि स्वायंभुवं भवनम् ॥

वायुमण्डलको मुखरित कर रहे थे, द्वितीय कक्ष्यामें फलकी आशा नहीं रखने-वाले कर्मयोगी संन्यासी भरे पड़े थे, तृतीय कक्ष्यामें अतिगहन न्याय-साङ्ख्य-योग आदि दर्शनोंके तत्त्वानुसन्धानमें व्यसन रखने वाले कणाद-कपिल-पतञ्जलि प्रभृति उद्धत विद्वद्गण अपने शास्त्रार्थघोष कर रहे थे, चतुर्थ कक्ष्यामें वेदान्तदर्शित अतिविचित्र उपासनाके संस्कारसे मुनिजन आश्चर्यजनक कर्म प्रदर्शित कर रहे थे, पञ्चमकक्ष्यामें अतिगुप्त वैश्वानर-दहरप्रभृति विद्याओंके परिचयसे युक्त महर्षिगण नानाविध उपासनाओं का प्रदर्शन कर रहे थे, षष्ठ कक्ष्यामें लौकिक तथा पार-लौकिक विषयसुखकी गन्धसे अपनेको अलग रखनेवाले परमहंस विराजमान थे, सप्तम कक्ष्यामें ऐसे कुशल जन विद्यमान थे जो बड़ी चतुराईके साथ वेदवाक्योंके तात्पर्यकी आलोचना करके विपरीत शङ्का-कलङ्कका अपनयन कर रहे थे। समाधिनिष्ठ असंख्य भृगु, अङ्गिरा, वसिष्ठ आदि अधिकारी मुनिमण्डल सभाभवन-को अलंकृत कर रहे थे, वहाँ किसी प्रकारकी विपत्ति नहीं थी, वह स्थान अव-र्णनीय था, वहाँ नवागन्तुकको भी किसी प्रकारकी शङ्का नहीं होती थी, वहीं आचारमात्रसे नहीं पहुँचा जा सकता था, यज्ञ वहाँ पहुँचानेकी क्षमता नहीं रखते थे, तपस्याकी अधिक मात्रासे भी वहाँ नहीं जाया जा सकता था, महा-दानोंसे वहाँ पहुँच पाना कठिन था, युद्धमें साहसका प्रदर्शन करके भी वहाँ प्रवेश नहीं पाया जा सकता था; वह मनके लिये भी अगम्य था।

स्वाध्यायाध्ययनादृतेन विधिना दृष्ट्यापि नालोकिताः
सभ्यैः प्रत्युत सर्वभोगविमुखैरुत्सारिता दूरतः ।
नृत्यन्त्यः सुरसुभ्रुवः परमधुस्तत्र व्यथां मानसी-
मानन्दैकपदेऽपि धामनि कलाकौशल्यवैफल्यतः ॥ ९ ॥

अपि च—

प्राकारगोपुरविहारवितर्दिकानां
मूलेषु यत्र हरिनीलशिलाविभङ्गाः ।
सक्ताश्चिरादिव जयन्ति युगान्तधूम-
संतानसंघटितसान्द्रमपीविलेपाः ॥ १० ॥

प्रविशन्तश्च तमालयं, 'ननु प्रातरागतस्य पुरुहूतनाम्नो दिवस्पतेः कतितमः पुरन्दरो नामायं' इति पृच्छ्यमाना दौवारिकैर्निर्जरा बलवदन्तर्ललज्जिरे । अपि च गच्छतामन्तरेणामालक्ष्य गतिमतिमलोमसां, अधिगन्तव्याधिगमेन निर्वृताः सर्वतोऽपि महर्षयः कतिचित् 'अतिचिरं कालमहो खलु वयमप्यमीषां सामीप्यसारूप्यसायुज्यसालोक्यसिद्धिमा-

---

वहाँ नृत्य करनेवाली अप्सराओंकी तरफ स्वाध्यायलग्न ब्रह्माने देखा भी नहीं, और सकल भोगसे निवृत्त सभ्योंने भी उन्हें दूर भगा दिया, इस स्थितिमें अपनी नृत्यकला-कुशलताकी विफलतासे नृत्यपरायण सुरसुन्दरियोंको बड़ी मानसिक व्यथा हुई ॥ ९ ॥

वहाँ पर प्राकार, पुरद्वार, एवं विहार-वेदिकाओंमें लगाये इन्द्रनीलमणिके खण्ड ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो प्रलयकालिक अग्निके धूमसे एकत्रित स्याहीके लेप हों ॥ १० ॥

वहाँ ब्रह्मभवनमें प्रवेश करनेपर दौवारिकोंने देवोंसे प्रश्न किया कि सवेरे जो दिवस्पति पुरुहूत आये थे, उनसे यह इन्द्र कैवें हैं ? इस प्रश्नसे देवोंके हृदयमें बड़ी लज्जा हुई । देव जब अन्दर जा रहे थे तब उनकी मलिन गति देखकर प्राप्य वस्तुको पालेनेसे शान्तचित्त कुछ महर्षियोंने कहा कि—"हमलोग भी चिरकाल तक इन देवोंके सामीप्य-सारूप्य-सायुज्य-सालोक्य आदि को प्राप्त

शासाना नानाविधानि तपांसि वृथा चक्रुम' इति विगर्हमाणाः स्वमात्मानं लज्जितानमरान् भूयोऽपि लज्जयांचक्रिरे। अथ भगवानाङ्गिरसो देवर्षिभिः परिष्वज्यमानः पदे पदे नारदादिभिः, प्रत्युद्गम्यमानो विद्वद्भिः पतञ्जलिप्रमुखैः, अभिवाद्यमानः सिद्धविद्याधरैः, आनीयमानः सबहुमानमाप्तभृत्यैः परमेष्ठिनः, परिवृतो देवैः परमाश्चर्यनिर्भरैः, प्रकृतिगुणैरिव परस्परयोगवियोगपरिणमद्भेदैरुच्चावचैर्मणिभिरुपरञ्जितं, उपर्यास्तीर्णहंसतूलिकातल्पकल्पितमहार्होपबर्हं, अहिंसानृशंस्यकोमलिमावर्जितशमदमाभोगमन्तःकरणमिव महायोगिनां, तालवृन्तचामरताम्बूलकरण्डकलाचिकाद्युपचारचतुरवरवर्णिनीजनन्यस्तवामहस्तवेष्टिततया व्याकोचाष्टदलात्मिकां व्यञ्जयदिव कमलासनतां त्रिभङ्गीसमुन्नततया त्रिवर्गातीतमिव सर्वतोभद्रं भद्रासनमधितिष्ठन्तं, समसमयसमुद्यदादित्यसहस्रभास्वरैरर्केन्दुविद्युदनलरूपचतुस्तेजःसमुत्तम्भनायेव चतुर्दिक्षुनिर्जिहानैस्तेजोभिरवलुम्पन्तमिव दिव्यमपि चक्षुर्दिवौकसां, संततव्यवहारसंसक्तचतुराग-

---

करनेकी आशामें रहकर व्यर्थ ही नाना प्रकारके तप करते रहे हैं"। इस प्रकारकी निन्दोक्तिसे स्वयम् लज्जित होनेवाले देवगणने और अधिक लज्जाका अनुभव किया। वहाँ पहुँचने पर बृहस्पतिका नारदादि देवर्षियोंने पग-पगपर आलिङ्गन किया, पतञ्जलि प्रभृति विद्वानोंने अगवानी की, सिद्ध-विद्याधरोंने अभिवादन किया, ब्रह्माके विश्वस्तभृत्योंने आदरपूर्वक उन्हें ब्रह्माके पास पहुँचाया। इस प्रकार चकित देवोंसे परिवृत बृहस्पतिने ब्रह्माको देखा। ब्रह्माका सर्वतोभद्र-भद्रासन परस्पर योग-वियोग द्वारा परिणामशील प्रकृतिके गुणोंकी तरह प्रतीत होनेवाले नानाविध मणियोंसे युक्त था, ऊपरमें हंसतूलिकामय आस्तरणपर विशाल तकिया पड़ा हुआ था, वह ऐसा लगता था—मानो अहिंसा, अक्रूरता एवं कोमलतासे पूर्ण महायोगियोंका हृदय हो, व्यंजन, चामर, पानका डिब्बा और उगलदान हाथोंमें लिये सेवापरायण सुन्दरियाँ अपने हाथ उस आसनपर डाले हुई थीं, जिससे वह आसन अष्टदल कमलके समान प्रतीत हो रहा था, वह तीन स्थानोंमें थोड़ा ऊँचा होनेसे त्रिगुणातीत सा लग रहा था। ब्रह्मा एक साथ उगनेवाले हजार सूर्योंकी तरह स्वच्छ तेज चारो ओर फैला रहे थे, मानो वह सूर्य-चन्द्र-विद्युत् और अनल रूप चार तेजोंको मन्दकर देना चाह रहे हों, उनके तेजसे देवोंके दिव्यनयन भी लुप्त हो रहे थे, ब्रह्मा चारमुखकमलोंसे बैठे हुए

माक्षरप्रेक्षणीयदन्तचन्द्रकाविकासपरिहृतसंसारशार्वरैरायतापाङ्गरिङ्गदभङ्गुरकरुणातरङ्गमालाभिराचार्यकाभिषेकमादधानैरिव योगिनामध्यात्मविद्यासु, चतुर्भिरिवान्तःपुरैर्दयितानां चतसृणामपि श्रुतीनां, आननपङ्कजैरनुगृह्णन्तमभितोऽपि महाशयान्, त्रैयम्बकमकुटावलोकनावलम्बितहंसदशार्जितेन मृणालवलयेनेव मृदुना शुचिना च सूत्रमयेनोपवीतेन सूचयन्तमिव सूत्रात्मकतामात्मनः, शस्त्रास्त्रविद्याकूपारपारीणक्षत्रियवर्गसर्गनिर्वृततयेव शस्त्रग्रहपराङ्मुखेन प्रकृत्यादिपृथिव्यन्तपञ्चविंशतितत्त्वपरिवर्तनमात्रमेव व्यापार इति प्रदर्शयतेव पाणिना दक्षिणेन परिवर्तयन्तमक्षमालिकां, अहर्मुखेषु प्रथममपामेव स्रष्टव्यतामवधार्य धार्यमाणेनेव स्फटिकमयेन कमण्डलुना परिष्कृतेतरकरपल्लवं, असकृदधीताध्यापितनिखिलनिगमान्तसिद्धान्तपान्थसनकसनन्दनादिमहादेशिकोद्भावितदुर्भेदसंशयच्छेदसंवादजिज्ञासया मुहुर्मुहुरवलोकयन्तमन्तिकगतां वाग्देवतां, आचार्यमाचार्याणां, अधिगन्तव्यमधिगन्तव्यानां, परमानन्दतुन्दिलमपि

महानुभावगणको अनुगृहीत कर रहे थे, उनके मुखकमल सतत व्यवहारमें आनेवाले चारो वेदोंके द्वारा प्रेक्षणीय मुखचन्द्रकी चन्द्रिकाके विकाससे संसारस्वरूप अन्धकारका शमन कर रहे थे, विस्तृत अपाङ्ग-प्रदेशमें चरणशील करुणातरङ्गमालासे अध्यात्म विद्यामें योगियोंके आचार्य पदपर अपना अभिषेक-सा कर रहे थे, उनके चार मुख श्रुतिरूप चार दयिताओंके चार अन्तःपुर तुल्य थे, महादेवके मुकुटको देखपानेके लिये स्वीकृत हंसरूपकी दशामें अर्जित मृणालवलयके समान स्वच्छ तथा कोमल सूत्रमय यज्ञोपवीतसे वह अपनी सूत्रात्मकता प्रकाशित कर रहे थे, शस्त्र-अस्त्र विद्याके पारगामी क्षत्रियवर्गकी सृष्टिसे निवृत्त होकर शस्त्रग्रह-पराङ्मुख एवं प्रकृतिसे लेकर पृथिवीपर्यन्त पचीस तत्त्वोंका परिवर्तन ही कार्य रह गया है इस बातकी सूचना देनेवाले अपने दायें हाथसे वह अक्षमाला घुमा रहे थे। सृष्टिके आरम्भमें जलकी ही सृष्टि होती है इसकी सूचना देनेके लिये ही मानो उसने बायें हाथसे कमण्डलु पकड़ रखा था। अनेक वार पढ़ाये गये वेदान्त-सिद्धान्तकी चिन्तनामें लीन सनक-सनन्दन प्रभृति आचार्योंकी कठिन शङ्काओंके समाधानकी जिज्ञासासे वह समीपस्थित सरस्वतीकी ओर देख रहे थे। वह आचार्योंके आचार्य, ज्ञातव्योंके ज्ञातव्य, स्वयम् आनन्दपूर्ण होकर

प्रपन्नानुग्रहैकव्यसनिनं, समष्टिं भूतग्रामस्य, साधारणं पितरमखिलल
कस्य, विश्रान्तिभूमिं विद्याफलानां, विरामपदं वाग्विभूतीनां, दूरं दु
शयानां, अदूरमात्मवेदिनां, अधिगम्य भगवन्तं पितामहं, अत्यद्भु
सभासभानाथसंदर्शनजडीकृतो वाचस्पतिरपि भगवान् वाग्देवतावलो
कनसंपन्नभयकम्पसंभ्रमस्तम्भितवाङ्मुखः क्षणमवाङ्मुखश्च तदीयदिव्य
तेजःप्रतिहतदृष्टितया यावदास्त स्तब्ध इव, तावदनुग्रहमय्या दृशा जग
न्निधेः, आगच्छ वत्सेत्यमृतासारकिरा गिरा च गिरां देव्या निर्व्याज
माप्यायितः, समाधाय कथंचिदान्तरं करणं, अनुस्मरन् प्रणवं, आवर्त
यन् ब्रह्मसूक्तानि तत्तदागमोदितानि, प्रागेव नम्रोऽपि भक्तिभारेण प्रणम्य
शतशः सहामरैः प्रसादादेव देवदेवस्य प्रारभत किंचिदेवमभिधातुम् ॥

अगन्तव्यं तर्कैरनधिगमनीयं क्रतुशतै-
रनासाद्यं दानैरनुपसरणीयं च तपसा ।
भवन्तं पश्यन्तः शुचमभिभवन्तं प्रणमतां
कृतार्था जाताः स्मः पुनरपि कृतार्थाः पुनरपि ॥ ११ ॥

भी भक्तानुग्रहव्यसनी, भूतसृष्टिके समष्टिस्वरूप तथा सकललोकके पिता थे। वह विद्याफलोंके विश्राम स्थान, वाणीके विश्रामस्थल, दुराशयोंके लिये दूरवर्त्ती, तथा आत्मज्ञानियोंके लिये समीपस्थ थे ।

ब्रह्माके पास जाकर अद्भुत सभा तथा अद्भुत सभाधीशको देखकर बृहस्पति जड़ हो गये, वाचस्पति होकर भी वह वाग्देवताके दर्शनसे उत्पन्न घबड़ाहट तथा भयसे स्तम्भित होकर नीचेकी ओर देखते रहे। ब्रह्माके तेजसे उनकी दृष्टि मानो चकाचौंधमें पड़ गई थी। इतने ही में ब्रह्माने कृपादृष्टि डालकर और सरस्वतीने 'आओ वत्स' इन शब्दोंसे पुकारकर उन्हें तरोताजा बना दिया, मानो अमृतसे सींच दिया हो। इसके बाद बृहस्पतिने किसी तरह अपने मनको संभाला, प्रणवका स्मरण किया, ब्रह्मसूक्तकी आवृत्तिकी, पहलेसे ही नम्र तो थे ही, देवोंके साथ भक्ति भावसे शतशः प्रणाम किया, और ब्रह्माके अनुग्रहसे कुछ कहना प्रारम्भ किया।

तर्क आप तक नहीं पहुँच सकते हैं, बहुत सारे यज्ञोंकी भी पहुँच आपतक नहीं हो सकती है, दान भी आपकी प्राप्ति करानेमें अक्षम है, तपस्यासे भी आपके पास तक पहुँचना कठिन है, आप प्रणाम करने वालोंके शोक दूर किया करते हैं, आपको देखकर हम वार-वार कृतार्थ हो रहे हैं ॥ ११ ॥

किंच—

भूतग्राममिमं चतुर्विधमहो निर्मासि यल्लीलया
यच्च व्याकुरुषे निरन्तरमिमाः साङ्गाश्चतस्रः श्रुतीः ।
चातुर्यं कथमीदृगित्यपगता शङ्का समस्तापि न-
श्चातुर्यं भवतो भुजेष्वपि मुखेष्वद्य स्वयं पश्यताम् ॥ १२ ॥

इति । स च ततः 'साधु वत्स साधु स्थाने किल छन्दोगाः बृहती वाक् तस्याः पतिर्बृहस्पतिरिति नाम ते निगदुः' इति प्रशस्य 'परिम्लान इव लक्ष्यते कुतः पाकशासन' इति पृच्छति सानुकम्पमम्भोजसंभवे, बृहस्पतिः पुनरिदमभाषत—

'परिम्लाना दीनाश्चिरपरिहृतस्वस्वभवना-
श्चरन्तः पादाभ्यामवनिवलये भिक्षव इव ।
यदाख्यातुं दुःखं तव सविधमेते परिगता-
स्तदद्य व्यस्मार्षुः पदमिदमुपेता वितिमिरम् ॥ १३ ॥

जरायुज, अण्डज, स्वेदज एवं उद्भिज नामक चार प्रकारके प्राणियोंको आप उत्पन्न करते हैं और साङ्ग इन चार वेदोंकी सृष्टि किया करते हैं, आपको ऐसा चातुर्य कैसे हुआ, यह हमारी शङ्का तभी दूर हो गई जब हमने आपके चार हाथ और चार मुखके दर्शन स्वयं प्राप्तकर लिये ॥ १२ ॥

इसके बाद ब्रह्माने—"साधुवत्स, वैदिकलोक कहते हैं कि बृहती वाक् का नाम है और तुम उसके पति हो उनका कहना ठीक है" इसप्रकार बृहस्पतिकी तारीफ की, और कहा— उदास क्यों दीख रहे हैं इन्द्र । ब्रह्माके द्वारा इसप्रकार पूछे जानेपर बृहस्पतिने पुनः कहा—

हम उदास तथा दीन हो रहे हैं, बहुत दिन हुए हमारे भवन छीन लिये गये हैं, हमलोग भिखमंगोंकी तरह पैदल चलकर जिस दुःखका निवेदन करनेके लिये आपके पास आये हैं वह दुःख आज आपके निर्मल स्थानमें आकर हम भूल गये हैं ॥ १३ ॥

किंच—

यत्प्रत्यस्तमितप्रपञ्चमखिलव्यापारपारंगतं
प्रत्यग्ज्योतिरनुत्तरं शमधनैरालोच्यमेतादृशैः ।
तत्संप्रश्नकथासुधाभरितयोः सेक्तुं भवत्कर्णयो-
र्मिथ्याज्ञानविचेष्टितानि बलवज्जिह्वेति जिह्वैव नः ॥ १४ ॥

अथाप्यनुयोगाज्ञानिवर्तनाय किंचिदावेद्यते । योऽसावग्रतो भवतः परिणाम इव करुणायाः, परिपाक इव शमदमोपरमाणां, अधितिष्ठति शमवतामग्रासनं दुर्वासाः, अयमेव सर्वासां निदानमस्मदापदाम् ॥

अव्याजकोपनिधिना मुनिनामुनैव
निर्वासिता सुरपतेः सुरलोकलक्ष्मीः ।
आसाद्य दानवकुलानि दिवौकसो न-
श्चक्रे पदं कृपणमानवदुर्दशानाम् ॥ १५ ॥

अथ यद्भवतैव कल्पितमध्वरहविर्जीवनममर्त्यानामपहृते तस्मिन्नसुरैः,

---

आपके सदृश शमधन जन, समस्त प्रपञ्चसे दूरवर्त्ती एवं अखिल व्यापारके परे वर्त्तमान चरम आत्मज्योतिकी ही आलोचना किया करते हैं, आपके कान आत्मज्योतिकीही चर्चासे पूर्ण रहा करते हैं, हम उन्हीं कानोंमें अपने मिथ्या ज्ञानकी बातें डालने जा रहे हैं, इस कार्यमें हमारी जिह्वा बड़ी लज्जाका अनुभव-कर रही है ॥ १४ ॥

तथापि प्रश्नकी मर्यादाकी रक्षाके लिये हम कुछ कहने जा रहे हैं। यह जो आपके आगे करुणाकी मूर्ति एवं शम, दम तथा उपरमके स्वरूप बनकर बैठे हुए हैं यही दुर्वासा हमारी सारी आपत्तियोंकी जड़ हैं ।

इस अकृत्रिमकोपके निधान दुर्वासा मुनिनेही सुरलोककी लक्ष्मीको स्वर्गसे भगा दिया है, वह लक्ष्मी दानवोंके पास चली गई है और देवगण दीन मनुष्यके योग्य दुर्दशाओंके पात्र बन गये हैं ॥ १५ ॥

आपने ही तयकर दिया था कि यज्ञ-हविर्भाग देवोंकी जीविका होगी, उसे

असंभाविते च यादाकादाचित्के दाने द्विजन्मनां, अशिक्षिते च भौमवदन्नसाधनव्यसने, भवत्प्रसादादवधूय सौवर्गराज्यसिसाधयिषां, अपहाय दिव्यभोगेषु कौतुहलं, अन्नायैव स्पृहयमाणा निरन्तरं, अनिमिषतया श्रमावर्जितमूर्च्छाः स्वापमप्यलभमानाः सुलभमाना दिवौकसः सूक्ष्मतरं व्युदपद्यन्त दुर्भगानामन्नार्थिनामर्थनाभङ्गमन्दाक्षसंधुक्षितान्तरज्वालाकलापसंभृतेषु संभ्रमेषु मानवानाम् । किं बहुना—

यदियज्जीवितमेतैस्तदायुषा कल्पितेन भवतैव ।
या त्वियती मांसलता साप्यन्नापायशोभेन ॥ १६ ॥

आस्तामिदम् ।

प्रेक्षावन्तो दिशि दिशि नराः प्रेक्षमाणा धरण्या-
मित्थंभूतान् सुरपरिवृढानिन्द्रवैश्वानरादीन् ।
तत्तत्साम्योदयफलपरामप्रमाणीं पुराणीं
मत्वा वाचं विदधति शनैः कर्ममार्गेष्ववज्ञाम् ॥ १७ ॥

असुरोंने छीन लिया, ब्राह्मण लोग असमयमें कुछ दानकरें, यह संभव नहीं है, देवोंको इसकी शिक्षाही नहीं मिली है वह भूवासियोंकी तरह अन्न पैदाकरें, आपके अनुग्रहके बलपर देवोने स्वर्गराज्यको पानेकी अभिलाषा छोड़ दी, दिव्यभोगकी इच्छा भी निवृत्त करली, सदा अन्नकी ही स्पृहा करते रहे, अनिमिष होनेके कारण इन्हें श्रमजनितमूर्च्छा की स्थितिमें नींद नहीं आती है, इन अभिमानी देवोंको बड़ी तकलीफ है, यह अभागे अन्नार्थी एवं अभ्यर्थनाभङ्गकी स्थितिमें पेटकी ज्वालासे तड़पनेवाले मानवोंकी दशाको पहुँच गये हैं ।

आपने इनकी दीर्घ आयु बनादी है इसीसे यह जीवित हैं, अन्नके नहीं मिलनेपर इनकी शोभा बनी रहेगी इस प्रकारकी आपकी लिपिके बलपर यह भले चङ्गे दीख रहे हैं ॥ १६ ॥

पृथ्वीपर रहनेवाले बुद्धिमान् मनुष्य प्रत्येक दिशामें जब इन्द्र-वैश्वानर आदि देवोंको इस रूपमें दर-दर भटकते देखते हैं, तब उनकी देवसाम्य प्रदान कराने वाली श्रुतियोंपरसे प्रमाणताबुद्धि दूर हो जाती है। और वह कर्ममार्गपर अवज्ञा करने लगते हैं ॥ १७ ॥

अथवा नैतावदभिधातव्यमस्माभिः ॥

अभिदधति ते मूर्धानं द्यामनुश्रवसूक्तयः
सुचिरमसुराश्चैतामित्थं तुदन्ति दुराशयाः ।
निगमशिखराभ्यासव्यासङ्गतो यदि विस्मृतं
तदपि भवता तन्नो दौष्कर्म्यमित्युपरम्यते ॥ १८ ॥
इमे वयमिदं तत्त्वमित्थं स्थानमियं दशा ।
परं यदत्र कर्तव्यं प्रमाणं तत्र नो भवान् ॥ १९ ॥'

इत्यावेद्य विरमत्याङ्गिरसे, विनमत्सु च युगपदमर्त्येषु, प्रसादयन् सर्वानिदमाह पद्मसंभवः । 'विदितवेदितव्यैर्भवद्भिरित्थं न विप्रतिपत्तव्यं दुर्वाससि । यतः परिणाम एष करुणायास्तत एव महेन्द्रमनुजग्राह तनीयसा शापेन । परथा कथमतिवाहनीयमिन्द्रेण परःसहस्रैरपि वासरैर्निखिलजगन्मातुरम्बिकाया निर्माल्यसमुल्लङ्घनप्रसूतमिदं दुरितम् । तदस्मिन्महत्यपराधे यावदक्षपितमेतदेनस्तावदनुस्मरणमपि भवतामपराधो महा-

---

अथवा—हमको इतना नहीं कहना चाहिए ।

वैदिक सूक्तियाँ स्वर्गको मूर्धा कहती हैं, इन दिनों दुरात्मा दैत्यगण उस स्वर्गको ही व्यथितकर रहे हैं, वेदान्त अभ्यास करनेमें लीन होनेके कारण आप इस बातको भी भूल गये, यह हमारे कर्मका दोष है ॥ १८ ॥

यह हैं हम, यही है तत्त्व, यही स्थान है, यही दशा है, इसके आगे जो करना हो, उस विषयमें हमारे लिए आपही प्रमाण हैं ॥ १९ ॥

इस प्रकार कह कर बृहस्पति चुप हो गये। देवोंने एक साथ मिलकर ब्रह्माको नमस्कार किया, तब सभीको प्रसन्न करते हुए ब्रह्माने कहा—

आप सारी बातें जानते हैं, आपको दुर्वासाके प्रति इस प्रकारका सन्देह नहीं करना चाहिये । यह दुर्वासाकी करुणाका ही परिणाम है कि उन्होंने छोटासा शाप देकर इन्द्रपर अनुग्रह दिखाया । यदि दुर्वासाने कृपा नहीं की होती तो इन्द्र हजारों दिनोंमें भी जगन्माता अम्बिकाके निर्माल्यको लांघनेसे उत्पन्न इस पापको किसप्रकार दूरकर पाते । अतः इस महापराधमें जब तक यह पाप मिट नहीं जाता तब तक आपका याद करना भी हमारे लिये महापराध होता, इसी-

निति चकितैरस्माभिरेतावदुदासितम् । महदपीदं दुरितं मन्दरपरिसरावासेन परिहृतमेव सवासनं भवताम् । तदपि जगज्जननीचरणापराधसंसर्गादधुनापि शङ्कमानैरस्माभिरन्य एवोपायः समुल्लिखितो भवदनुग्रहे । नारायणीप्रसादतिरस्कारजोऽयमपराधो नारायणीयप्रसादपुरस्कारेण समाधेय इति । तथाहि—

यदेतद्वामाङ्गं घनजघनकेशस्तनभरं
कदाचित्तच्छंभोर्भवति कमलाकौस्तुभधरम् ।
जगन्मातर्येवं यदपचरितं तन्मघवता
जगन्माता देवः प्रभवति स एव क्षपयितुम् ॥ २० ॥

तदागच्छत क्षीरसागरं, दर्शयिष्यामो भगवन्तम्' इति वदन्नासनादुत्थायान्तर्दधे भगवानब्जसंभवः ।

अथ कथमप्यमर्त्यपतयः परिहृत्य भयं
गुरुकरुणाविशेषपरिणामकृताभ्युदयाः ।

लिये हम इतने दिनोंतक आप लोगोंके विषयमें उदासीन बने रहे । इससमय भी जगज्जननी-चरणापराधसे शङ्कित होकर हमने कुछ दूसरा ही आपके अनुग्रहका उपाय ढूंढ़ निकाला है ।

नारायणीके प्रसादके तिरस्कारसे उत्पन्न इस अपराधका नारायणके प्रसादसे ही समाधान किया जाय, यही वह उपाय है । क्योंकि :—

केश, जघन, स्तन, आदि स्त्रीचिह्नोंसे युक्त जो शिवका वामाङ्ग है वह कभी कमला तथा कौस्तुभसे युक्त विष्णु बन जाता है, इस स्थितिमें इन्द्रने जो जगन्माताके प्रति अपराध किया है, उसका मार्जन जगन्माता देव विष्णु ही कर सकते हैं ॥ २० ॥

अतः आपलोग क्षीरसागर आइये, हम वहाँ भगवान् का दर्शन करा देंगे । इसप्रकार कहकर ब्रह्मा आसनसे उठे और अन्तर्हित हो गये ।

इसके बाद देवगण किसी प्रकारसे भयका परित्याग करके, गुरुकी कृपासे

अखिलजनुष्मदाशयगुहाशयमप्युदधौ
शयितमिमे समेतुमुदयुञ्जत शार्ङ्गधरम् ॥ २१ ॥

किंच—

पथि ध्वजं यं गरुडध्वजस्य
प्रस्थाय यान्तो ददृशुर्दिगीशाः ।
तमेव सद्यस्तदनुग्रहस्य
भविष्यतोऽपि ध्वजमग्रहीषुः ॥ २२ ॥

अवतरन्तश्च ते सत्यलोकादनेकसहस्रयोजनमपि पन्थानमतिलङ्घितं गणयन्तो गव्यूतिमात्रमिव, गुणयन्तो भाषितानि चतुर्मुखस्य, गुरुणाकृष्यमाणतयेव झटित्युपनिपत्य विशश्रमुरविश्रान्तपरिभ्रमदभ्रमारुतसंपातविनीतपथिकव्यथे जलदपथे । अद्राक्षुरपि तत्र ते निद्राणपुराणपुरुषनिद्राभङ्गापराधमाशङ्क्य संताडयन्तमिव विद्रुमकाण्डवेत्रदण्डैर्निवार्यमौखर्यसमुल्लासदुर्ललितानि कल्लोलमण्डलानि, निरिन्धनज्वलदबिन्धनज्वालासंबन्धान्निष्यन्दमानमिव वीचीभिरभितोऽपि, सद्यःसमा-

---

परिणाममें अभ्युदयकी आशा करते हुए, समस्त प्राणियोंके हृदयमें निवास करते हुए, समुद्रमें शयन करनेवाले भगवान् शार्ङ्गधरसे मिलनेको उद्यत हुए ॥ २१ ॥

वहाँसे चलकर मार्गमें जाते हुए देवोंने गरुडध्वज विष्णुके ध्वजस्वरूप गरुड़के दर्शन किये, और उनको ही देवोंने अपने ऊपर होनेवाले भगवदनुग्रहका चिह्न समझा ॥ २२ ॥

सत्यलोकसे उतरकर देवोंने अनेक सहस्रयोजन मार्ग दो कोसकी तरह तय किया, वह ब्रह्माकी उक्तियोंको मनमें दुहराते थे, बृहस्पति उन्हें खींचे लियेसे जा रहे थे, मेघ तथा मारुतके सम्पर्कसे पथिकोंकी व्यथाको दूर करनेवाले मेघ मार्गमें उन लोगोंने थोड़ा विश्राम किया। देवोंने वहाँ क्षीरसागर देखा जो क्षीरसागर सोते हुए भगवान्‌की नींदके उचट जानेसे होनेवाले अपराधके भयसे प्रवालदण्डों द्वारा आवश्यक मुखरतासे दुर्ललित तरङ्गोंको ताड़ित-सा कर रहा था। वह क्षीरसागर विना काष्ठके जलनेवाले बड़वानलकी ज्वालाके सम्बन्धसे तरङ्गों

स्वादितशुद्धदुग्धपूरपूरितगर्भनिर्भरविशदनोरदनिकरसंछन्नतया संपन्नमिव मण्डेन, चिरसंभृततया संभावितपयोविकारपरिजिहीर्षुणा ततस्ततः क्षिप्ताभिरम्बुजसंभवेन समूलाभिरिवौषधीभिः शैवालमञ्जरीभिरभिशोभितं, चिरपरिचितक्षीरमेघरसास्वादसुखितचातकपोतसावज्ञनिष्ठ्यूतचञ्चुपुटनिपतदितरमेघशीकरम्, गोविन्दचरणारविन्दसंदर्शनायातविबुधसंसद्विमानहंसविविच्यमानसर्वतःपतदापगासहस्रनीरकृताहारलब्धसंभ्रमबन्धनवलवदविबन्धनानलम्, सायंप्रातिकोल्लासपल्लवितकल्लोलजालवेल्लितवेलागिरिशिखरसंचारलब्धदुग्धाभिषेकमुहूर्तविमलीकृतवन्यद्विपतया परिचिन्वन्तमिव चिरादैरावतसर्गचातुरीं, क्षीरैकनिधानतया पर्वकालावगाहनप्रसक्तपरमर्षिजनप्रस्तुताघमर्षणसूक्तगोचरक्षीरपदोहानूहविचारकोलाहलाभिभूतवीचीघोषम्, तृतीयावतारश्वेततानुचिकीर्षया स्वयमपि श्वेतीभवद्भिरिव भगवतः प्राथमिकावतारजातीयैः क्षीराहारपरिणाम-

---

द्वारा चारो ओर फैल-सा रहा था। तत्काल आस्वादित शुद्ध दूधसे उदरको पूरित करनेवाले स्वच्छ मेघमण्डलसे व्याप्त होनेके कारण वह क्षीरसागर ऐसा लगता था मानो फेनसे भरा हो। उस क्षीरसागरमें शैवालमञ्जरी व्याप्त थी, वह शैवालमञ्जरी ऐसी लगती थी मानो जलमें चिरकाल तक रहनेके कारण संभावित जलविकारको दूर करनेके लिये समूल औषधियाँ ब्रह्मा द्वारा इधर-उधर बिखेर दी गई हों। चिरकालतक दूधके रसका आस्वादन करने वाले मेघके रसका आनन्द लेकर सुखित चातकशावक जहाँ कुछ मेघोंको तिरस्कारपूर्वक अपने चञ्चूपुटसे चुला दिया करते हैं। भगवान् के चरणारविन्दोंके दर्शनार्थ आये हुए देवगणके वाहन हंस पानीको दूधसे अलग करते रहते हैं अतः चारो ओरसे आकर गिरनेवाली नदियोंके जलसे जहाँका बड़वानल प्रबल होता रहता है। सायं-प्रातःकाल आनेवाली उफानके क्रममें विस्तृत तरङ्ग-समूहसे सञ्चालित वेलागिरि-शिखरके सञ्चारसे दूधमें नहलाये जानेके कारण वन्यगजोंके स्वच्छ हो जानेपर ऐरावतनिर्माण-चातुरीका जो चिरकाल तक अभ्यास किया करता है। क्षीरनिधि होनेके कारण पर्वकालमें अवगाहनार्थ आये हुए परमर्षिजन द्वारा उच्चारित अघमर्षण सूक्तमें क्षीरपदका ऊह किया गया है अथवा नहीं किया गया है इस विषयके विचार-कोलाहलसे जिसकी तरङ्गमाला अभिभूत हो रही थी। भगवान्के तृतीयावतारस्वरूप वराहकी श्वेतताके अनुकरणमें श्वेतता धारण करनेवाले मत्स्यों तथा

निर्मलैर्मत्स्यकूर्मैः परिकर्मितम्, शार्ङ्गधरम् द्रष्टुं समागच्छेदपि जा चन्द्रशेखर इति संभावनया सज्जीकृतैः कैलासैरिव पयस्तरङ्गपरिपूरितैरन्त र्गतैर्गिरिभिरभिशोभितम्, कालचक्रमिव कर्कटमकरमीनकराम्बितम् गङ्गातीर्थमिव गर्भस्थानेकमठराजिविराजितम्, पाणिनीयसूत्रमिव परस्मैपदप्रतिपादकम्, आत्मतत्त्वमिवानिर्वचनीयगुणप्रपञ्चम्, कैलास शिखरमिव शैवलक्षणलक्षितद्विजषण्डमण्डितम्, निदाघभास्करमिव नितान्तमुत्तरङ्गत्वातिभीषणम्, समष्टिमिव क्षीरसर्गस्य, समवायमिव नैर्मल्यस्य, चन्द्रतारकादिनिर्मलवस्तुवर्गनिर्माणकौतुकिना विधिना विलाप्य निषिक्तमिव भुवि रजताचलम्, क्षौमावकुण्ठनमिव क्षमायाः, पद्मना- भशयनागारपर्यन्तकुट्टिममिव स्फाटिकशिलाचितम्, अनास्पदं कविगिरां,

---

क्षीरभक्षी होनेके परिणामस्वरूप श्वेतवर्ण कूर्मोंसे जो सर्वतः व्याप्त था। उस क्षीरसागरमें छिपे हुए दुग्धतरङ्गपूर्ण पर्वत ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानों भगवान्के दर्शनार्थ कदाचित् शिवजी आजायें इसप्रकारकी संभावनासे तैयार होकर कैलास पर्वत बैठे हों। जिस प्रकारसे कालचक्र कर्क, मकर तथा मीनसे युक्त होता है उसी प्रकारसे यह क्षीरसागर केकड़े, मकर तथा मछलियोंसे युक्त था। गङ्गातीर्थ जैसे गर्भस्थान तक मठपरम्परायुक्त होता है, उसी तरह यह क्षीरसागर अभ्यन्तर- वर्त्ती अनेक कमठसमूहसे युक्त था। पाणिनीय सूत्र जैसे परस्मैपदका विधायक होता है उसीतरह यह दूसरोंका मोक्षदाता था। जैसे आत्मतत्त्वके गुणगण अनि- र्वचनीय होते हैं उसी तरह दुग्धसागरके भी गुणगण अनिर्वचनीय थे। कैलास- शिखर जैसे शैव चिह्नयुक्त ब्राह्मणों से भूषित हुआ करता है उसी तरह यह क्षीरसागर शैवलमें क्षणमात्र प्रतीत पक्षियोंसे भूषित था। ग्रीष्म ऋतुका सूर्य जिसप्रकार उत्तरकी ओर जाकर अतिभीषण हो जाता है उसी तरह यह क्षीरसागर विशाल तरङ्गोंके कारण भीषण था। वह क्षीरसागर ऐसा लगता था मानों समस्त दुग्धसृष्टि एकत्रित हुई हो। वह निर्मलताके समूहकी तरह प्रतीत होता था। चन्द्र-तारे आदि निर्मल वस्तुओंको बनानेकी कला जाननेवाले ब्रह्माने मानो रजताचलको गलाकर जमीनपर ढाल दिया हो। वह क्षीरसागर पृथ्वीके क्षौम वस्त्रसा प्रतीत हो रहा था। वह क्षीरसागर भगवान्के शयनागारकी स्फटिक शिलारचित दीवारसा लगता था। वह कवियोंकी वाणीसे परे, आश्चर्योंमें भी

आश्चर्यमाश्चर्याणां, आर्तिहरं चक्षुषोः, आनन्दमन्तःकरणस्य, दुरास-दमनाराधितनारायणचरणारविन्दानां दुग्धोदं नाम रत्नाकरम् ॥

घोषे क्वापि पुरा पयः कियदपि स्तैन्येन दैन्येन वा
लब्धुं योऽवहदीश्वरोऽपि जगतां जन्माधमं मानुषम् ।
तं विस्मापयितुं तरङ्गवलयैर्घोषानसंख्यान्सृज-
न्नाभूभूतलसंभृतेन पयसैवावृत्य यो वर्तते ॥ २३ ॥

अपि च—

खाद्या यत्र सुधैव यस्य जठरे साक्षात्स धन्वन्तरिः
शेते यत्र समस्तरोगशमनो नाम्नैव देवोऽच्युतः ।
तस्मिन्दुग्धनिधावपि स्पृहयते नैव स्थिरामासिका-
मन्तर्लीनहलाहलोष्मचकितो नाथः स्वयं पाथसाम् ॥ २४ ॥

अपश्यन्नपि मध्यतस्तस्य किंचिदन्तर्निमग्नपुराणभूदारदंष्ट्रादण्ड-क्षोभितपयःपूरसमुद्धृतमिव नवनीतपिण्डम्, अभितश्चलदुच्छृङ्खलतिमि-

---

आश्चर्य, आंखोंकी थकावटको दूर करनेवाला, अन्तःकरणको आनन्द प्रदान करनेवाला तथा अभगवद्भक्तोंके लिये अप्राप्य था ।

पुराने समयमें जिस भगवान्ने चोरीके द्वारा अथवा भिक्षावृत्तिसे थोड़ासा दूध पालनेके लिये ईश्वर होकर अधम मानव-जन्म ग्रहण किया था, उस भगवान्को आश्चर्यचकित करनेके लिये तरङ्गों द्वारा असंख्य घोषोंकी सृष्टि करनेवाला यह क्षीरसागर पातालतल तथा भूतलपर क्षीरका प्रवाह फैलाकर अवस्थित है ॥ २३ ॥

जहाँ सुधाही भक्ष्य है, जहाँ साक्षात् धन्वन्तरि निवास करते हैं, और जहाँ नाममात्रसे समस्त रोगोंको शान्त करनेवाले भगवान् अच्युत शयन करते हैं, उस क्षीरसागरमें भी अभ्यन्तरवर्त्ती बड़वानलकी गर्मीसे चकित वरुणदेव स्थिरता-पूर्वक नहीं रहना चाहते हैं ॥ २४ ॥

देवोंने उसके मध्यमें कुछ भी नहीं देखते हुए भी भीतरमें निमग्न पुराण सूकरकी दंष्ट्रासे सञ्चालित दुग्धराशिसे समुद्धृत नवनीत-पिण्डके तुल्य प्रतीत

तिमिङ्गिलकुलवालविलोडनोद्भूतमारुतोद्धूतपुञ्जीकृतमिव फेनमण्डलम्, एकतः प्रतिपर्वनिर्मुच्यमानपङ्कजनाभशयनोरगनिर्मोकराशिमिव कालपरिपाकलब्धमृद्भावनिर्मलम्, नीवीबन्धमिव वसुन्धरादुकूलस्य, कल्पान्तरीयमन्दरवेष्टनक्लेशजनितया मूर्च्छया पतितस्य वासुकेर्जरतो वलयितमिव भोगमण्डलमप्रतिरूपमन्तरीपम् ॥

स्थानं विश्वसृजोऽपि तन्निरय इत्याचक्षते यद्विदो
यद्गत्वा गमनीयमुत्तरमितः क्वापि न श्रूयते ।
आयस्यापि हि साधयन्ति यतयो यत्रारुरुक्षां परं
तद्दृष्ट्वापि पदं हरेः सुरगणास्तस्तम्भिरे गाहितुम् ॥२५॥

अपि च—

दध्युर्यावदुपायं ते गन्तुं तत्र दिवौकसः ।
तावन्निदध्युरायान्तं तत्र देवं पितामहम् ॥ २६ ॥

होनेवाले, चारो ओर चलते हुए तिमि एवं तिमिङ्गिल बालोंके द्वारा किये गये सञ्चालनसे उत्पन्न पवनसे पुञ्जीकृत फेनपटलकी तरह लगने वाले, एक ओर पर्वोंमें छोड़े गये भगवान्के शयनमें शय्याका काम देनेवाले सर्पराजके कालपरिपाकवश मिट्टी बन जानेवाले निर्मोककी तरह प्रतीत होनेवाले, पृथ्वीके वस्त्रकी नीवीकी तरह प्रतीत होनेवाले, अन्तरीपको देखा जो कल्पान्तरमें मन्दरके वेष्टनमें उपयुक्त होनेसे प्राप्त मूर्च्छाके कारण वलयीभूत वासुकिके भोगमण्डलकी तरह लगता था ।

विद्वान् लोग जिसे ब्रह्माके लिये भी मुक्तिस्थान मानते हैं, और जहाँ जानेके बाद ऊपर जाना अवशिष्ट नहीं रह जाता है, तपस्वीलोग प्रयास करके भी जहाँ जानेकी इच्छाको दृढ़ता प्रदान किया करते हैं, भगवान्के उस स्थानको देखकर भी देवगण स्तम्भित होकर रह गये ॥ २५ ॥

देवगण जब तक वहाँ जानेका उपाय सोच रहे थे, तब तक उन्होंने देखा कि वहाँ स्वयं पितामह चले आ रहे थे ॥ २६ ॥

पश्यन्नथ तत्र पाकशासनमुखानमरान् प्रासादशिखरारोहणकुतूहलिनः पङ्गूनिव भग्नमनोरथान्, प्रसादविमलया दृष्ट्यानुगृह्य सहागच्छत मयेति संदिशन्नग्रतश्चचाल कमलासनः ॥

गच्छन्नेव ततः स तत्र गलितब्रह्माधिकारैश्चिरा-
दैकान्त्यं परमं गतैर्भगवति श्रीवल्लभे दुर्लभे ।
प्राचीनैः कमलासनैरुपगतो भक्त्या महत्या नमन्
सस्नेहं सदयं सखेदमपि च प्रत्येकमादिश्यत ॥ २७ ॥

'कथमद्यापि वत्स न परिणतोऽसि ।
वल्लभोऽसि सरस्वत्या वहसे च श्रुतीर्मुखे ।
जगत्पितामहश्चासि कस्तवाप्यनुशासिता ॥ २८ ॥

तच्चिन्तय तावत्स्वयमेव—

आयुर्येषाममीषां परममभिमतं किंचिदूनो मुहूर्तः
का संपद्वा विपद्वा प्रभवति भवितुं तत्र तेषां क्षणार्धे ।

ब्रह्माने देखा कि भगवान्के प्रासाद-शिखरपर आरूढ़ होनेकी इच्छा रखनेवाले देवगण पङ्गुओंकी तरह भग्न मनोरथ हो रहे हैं, तब प्रसाद-निर्मल दृष्टिसे अनुग्रह करके ब्रह्माने कहा कि आप लोग मेरे साथ चलें, इसप्रकार कहकर ब्रह्मा आगे-आगे चलने लगे ।

ब्रह्मा जब कुछ आगे बढ़े तब ब्रह्माके अधिकारोंसे च्युत तथा अतिदुर्लभ भगवान् श्रीवल्लभमें लीन पुराने ब्रह्मगणसे साक्षात्कार हुआ, ब्रह्माने पुराने ब्रह्मगणको भक्ति-भावसे नमस्कार किया, अनन्तर पुराने ब्रह्मगणने स्नेह, दया तथा खेदके साथ ब्रह्मासे इस प्रकार कहा ॥ २७ ॥

वत्स, तुम आज तक बूढ़े क्यों नहीं हुए ?

तुम सरस्वती के वल्लभ हो, श्रुतियोंको अपने मुखमें धारण करते हो, जगत् के पितामह हो, तुमको कौन उपदेश प्रदान करे ॥ २८ ॥

तुम खुद विचार करो—

इन देवोंकी आयु एक मुहूर्त्त से भी थोड़ा कम माना गया है, उतने भरमें

तत्यक्त्वा क्षुद्रजन्तून्दिवि चरत इमांश्चिन्तयन्नात्मनीनं
वत्स त्वं प्रार्थयेथा न किमपि परमं ब्रह्म लक्ष्मीसहायम् ॥'

इति बोधितो विधिरिदमाचचक्षे—'जानामि भगवन्तो जानामि।

कतीन्द्राः कति लोकेशाः कति विश्वसृजोऽथ वा ।
श्वासे श्वासे प्रजायन्ते प्रलीयन्ते च शार्ङ्गिणः ॥ ३० ॥

तथापि क्वचिन्नियुक्तेन मया तदनुगुणं चेष्टितव्यमिति व्यवस्यन्नागतोऽस्मि । तदद्य भवद्भिरेव दर्शितं भगवन्तमभिगम्य, भवद्भिरेवाक्षरैर्व्याहरेयम्' इति प्रश्रितवादिनि पद्मसंभवे, प्रसन्नाः पारिषदा हस्तग्राहमाकर्षन्तस्तमन्तिक एव दर्शयामासुरान्तरं रहस्यमुपनिषदाम् ॥

'यं त्वं चिन्तयसे नान्यं सर्वारम्भेषु सर्वदा ।
सत्त्वं चिन्तय सेनान्यं विष्वक्सेनमिमं हरेः ॥ ३१ ॥

इमं च पश्य वैनीतकं भगवतो वैनतेयं, यस्य किल पुरा कल्पे सुधाकुम्भहरणसंरम्भसंभ्रमोद्धूतपक्षमारुतविक्षेपसमुन्मूलिततया परितो

कौनसी विपत्ति या सम्पत्ति हो सकती है । हे वत्स, इन देवोंको छोड़कर तुम कुछ अपने विषयमें लक्ष्मीवल्लभ परब्रह्मस्वरूप विष्णुसे प्रार्थना मत करना ॥ २९ ॥

इस प्रकारसे समझाये जानेपर ब्रह्माने कहा—भगवन् मैं यह जानता हूँ,

भगवान् विष्णुके प्रत्येक श्वासमें कितने इन्द्र, लोकेश तथा ब्रह्मा उत्पन्न हुआ करते हैं ॥ ३० ॥

तथापि किसी खास कार्यमें नियुक्त होनेसे मुझे तदनुकूल ही कार्य करना चाहिये यही सोचकर यहाँ उपस्थित हुआ हूँ । अतः इस समय मैं आपलोगोंके द्वारा दिये गये शब्दोंसे ही व्यवहार करूंगा, इसप्रकार नम्र व्यवहार करनेवाले ब्रह्माको देखकर प्रसन्न पार्षदगण हाथ पकड़कर खींचते हुए ब्रह्माको उस परमात्मा विष्णुका दर्शन कराया जो उपनिषदोंका रहस्य माना जाता है ।

प्रत्येक कार्यारम्भमें तुम जिनका ध्यान किया करते हो, वही हैं यह सत्त्वगुण स्वरूप भगवान् विष्णुके सेनानी विष्वक्सेन, तुम इनका ही ध्यान करो ॥ ३१ ॥

तुम इधर इस विनीत गरुड़की ओर दृष्टिपात करो, पूर्वसमयमें यह अमृतकलश लिये चला जा रहा था, वेगसे जानेके कारण इसके पक्षपातसे उन्मूलित

विकीर्यमाणेषु नन्दनोद्यानपादपेषु, प्रयत्नेन महता पारिजातमेकमाहृतवतो भगवतोऽपि मन्दाक्षमिवालक्ष्यत इति संश्रृणुमहे । अपि च—

छन्दो यथा यथा शौरेः संग्रामेषु जिगीषतः ।
तथा तथा प्रवृत्तोऽयं छन्दोमय इतीर्यते ॥ ३२ ॥

पादाङ्गुष्ठनखाग्रलम्बितमहाकूर्मद्विपाङ्घ्रिद्वय-
न्यासाटोपविभग्नचञ्चुविधृतन्यग्रोधशाखां गताः ।
येनोर्ध्वं पतता पुराणमुनयो नीताः पुरा मेनिरे
संसिद्धं सशरीरमूर्ध्वगमनं सद्यस्तपोभिर्दृढैः ॥ ३३ ॥

अस्य किलोपवीतमित्यायामतः साम्यमवधारयन्तः, पुरा निर्जरा मौर्वीपदे मेरुधन्वनो वासुकिमादिशन्निति वदन्त्येतिहासिकाः ।

पश्य ज्ञानक्रियेच्छामणिमयमुकुराबद्धमध्यात्मविद्या-
भास्वद्रत्नप्रदीपप्रकरपरिहृतध्वान्तमन्तः समन्तात् ।

होकर नन्दन काननके वृक्ष इधर-उधर बिखर गये थे, बड़े प्रयत्नसे यह केवल एकमात्र पारिजात वृक्ष ला सका था जिसके चलते इसे भगवान् विष्णुके सामने लज्जित होना पड़ा था । और—

युद्धमें विजयकी इच्छा रखनेवाले विष्णु जो इच्छा करते हैं वह गरुड़ तत्काल तदनुकूल प्रवृत्ति प्रकट करता है इसीसे इसे छन्दोमय कहा जाता है ॥ ३२ ॥

गरुड़के पादांगुष्ठके नखाग्र भागमें लटकते हुए महाकूर्मके दोनों चञ्चुलोंमें फँसे हुए वटवृक्षकी शाखाओं पर बैठे हुए प्राचीन मुनिगण गरुड़के ऊपरकी ओर उड़नेपर सशरीर ऊर्ध्वलोक गमन प्राप्तकर गये, उस ऊर्ध्वलोक-गमनको भी उन मुनियोंने अपनी उग्र तपस्याका फलही समझा ॥ ३३ ॥

वासुकिको लम्बाईमें समानता होनेके कारण गरुड़का यज्ञोपवीत समझा गया, और उस वासुकिको पूर्वसमयमें देवोंने मेरुधन्वाकी मौर्वीका स्थान प्रदान किया, यह बात ऐतिहासिकोंने बताई है ।

आप भगवान्के इस ओङ्कारस्वरूप शयनागारकी ओर देखें, इस आगारकी दीवारोंमें ज्ञान, क्रिया, इच्छास्वरूप मणिमय दर्पण लगे हुये हैं, अध्यात्म-

गाढाविद्याकवाटं प्रबलशमदमद्वारपालाभिगुप्तं
भक्तिद्वारं मुरारेरिदमिह शयनागारमोङ्काररूपम् ॥ ३४ ॥

इति प्रबोधितो विष्टिरीदृशतादृशतानवच्छिन्नवैभवमचक्षुर्ग्राह्यमनु-श्रवैकश्रवणीयमधिगन्तुमिव भगवतो रूपमासाद्य चक्षुःश्रवस्तनुमक्षिभिः सहस्राभ्यामनुभवन्तमिव परमाद्भुतं, आशयमागमानां, अतिवेलश्वासनिः-श्वासपरम्परासंपादितभोगोपचयापचयतया संततमुपपादयन्तमिव विलक्ष-णामूर्ध्वडोलाविहारनिर्वृतिं, आचार्यं योगविदां, आदिदेशिकं पदतन्त्रस्य, संप्रदायप्रवर्तकं शारीरकर्मणां भोगविमुखेषु हृदयेषु शमधनानां निरन्त-रावासनिर्वेदादिव भोगिनमेवं कमपि भुवनतलाकल्पमास्तीर्यतल्पमधि-शयानं, अतिशयानम्रमौलिभिर्महायोगिभिः प्रणामावसरप्रकीर्यमाणेषु कुसुमोपहारेषु सौकुमार्यातिशयसंसक्तैः कतिपयैरिव कल्पतरुप्रसूनैश्चिर-

---

विद्यास्वरूप चमकीले रत्नके प्रकाशसे यहाँका अन्धकार दूर भगा दिया गया है, अनादि अविद्यारूप कपाट इसमें लगा है, शम-दमरूप प्रबल दौवारिक इसके द्वारपाल हैं और भक्ति ही इसमें दरवाजा है ॥ ३४ ॥

इस प्रकार ससझाये जानेपर ब्रह्माने देखा कि यह विष्णु ईदृश अथवा तादृश आदि प्रकारविशेषसे अपरिच्छिन्न वैभवशाली हैं, इन्हें नयन नहीं देख सकते हैं, एकमात्र वेद ही इनका ज्ञान करा सकता है, इसी भगवान्‌के रूपको साक्षात् देख पानेके लिये चक्षुःश्रवाका रूपधारणकरके भगवान् दो हजार नयनोंसे इस परमाद्भुत विष्णुतत्त्वका अनुभव किया करते हैं। यह विष्णु आगमोंके आशय हैं। यह प्रबल निःश्वासके द्वारा भोगकी न्यूनता तथा अधिकताका सम्पादन करके विलक्षण ऊर्ध्वदोलाविहारके सुखका अनुभव किया करते हैं। यह योगियोंके आचार्य, पदतन्त्रके आदिम प्रवर्त्तक, तथा शारीर कर्मके सम्प्रदायप्रवर्त्तक हैं। शमधन योगियोंके भोगविमुख हृदयोंमें सतत निवास करते रहनेके कारण खिन्न होकर इस विष्णुने भुवनभूषण भोगीको शयनस्थल बनाकर निद्राका अनुभव किया है। आदिजननी लक्ष्मी तथा धरणीके गोदमें उनके दोनों चरण विद्यमान हैं जो चरण अतिनम्रमौलि योगियों द्वारा प्रणामकालमें विकीर्ण पुष्पोपहारमें-से सौकुमार्यवश संसक्त कतिपय कल्पतरुपुष्पके समान प्रतीत होनेवाले एवं चिरनिर्गत

निर्गतसिद्धसिन्धुशीकरशेषैरिव ततस्ततो लग्नैर्नखरैर्निरर्गलापवर्गदान-संसूचनाय नियन्त्रितेनेव ध्वजेन संसारकान्तारसंचरणखिन्नशारीर-कच्छायाप्रदानाय समावर्जितेनेव छत्रेण च परिष्कृताभ्यां पादकमला-भ्यामलंकुर्वाणमङ्कतलमादिजनन्योर्लक्ष्मीधरण्योः, कटितटावद्धकनकांशुक-प्रभातरङ्गपरिष्वङ्गपिशङ्गीकृतवसुमतीकमलाविवेचनाचतुरतत्तत्परिचारि-कोपचारविपर्यासपरिहासविनोदिनं, आविर्भविष्यदसंख्यहिरण्यगर्भाङ्कु-रमयमणिशताचितकर्णिकेन प्रतिसर्गावर्तमानप्रकृत्यादिधरण्यन्ततत्त्व-किञ्जल्कपुञ्जेन प्रपितामहेन भुवनानां पाण्डरेण सरोरुहेण मण्डितनाभि-मण्डलं, निर्मलचिन्मयवपुषि नित्यानुबिम्बितेन मृगमदतिलकेनेव वक्षःस्थितायाः श्रियः श्रीवत्सेन हृदयादुद्भूते चन्द्रमसि स्पर्धया स्वयमपि हृदयादाविर्भवता बालसूर्येणेव कौस्तुभेन भूषयन्तमप्राकृतानि भूषणान्य-पराणि, दिग्दन्तिशुण्डादण्डैरिव दिव्यतरुप्रकाण्डैरिव दुर्मददानव-निर्मथनयशोविशदैरिव मौक्तिकदामवेष्टितैर्विजयेन्दिरासमाश्लिष्टैरिव

गङ्गाकी जलबिन्दुके समान प्रतीत होनेवाले नखोंसे तथा अनन्त अपवर्ग प्रदान करनेकी सूचनाके लिये नियन्त्रितध्वज एवं संसाररूप काननमें संचरण करनेसे खिन्न आत्मगणको छाया प्रदान करनेके लिये प्रस्तुत छत्रसे शोभित हो रहे हैं। कमर में बँधे हुए स्वर्ण-वर्ण वस्त्रकी प्रभासे पीताभ शरीर हो जानेके कारण कौन लक्ष्मी हैं और कौन धरणी है यह पहचान पाना कठिन हो रहा है अतएव दासियाँ कमला तथा धरणीको नहीं पहचान सकनेके कारण उपचार में भ्रम करती हैं और भगवान् उनकी खिल्लियाँ उड़ाकर विनोद करते हैं। भगवान्का नाभिमण्डल श्वेतकमलसे मण्डित है, उस कमलकी कर्णिका पैदा होनेवाले असंख्य हिरण्यगर्भके अङ्कुर सदृश प्रतीत होनेवाले मणिशतसे व्याप्त है और प्रत्येक सृष्टिमें होनेवाले प्रकृत्यादि धरणीपर्यन्त तत्त्व स्वरूप जिसके किञ्जल्क हैं ऐसा है वह कमल। वक्षःस्थिता लक्ष्मी निर्मल चिन्मय शरीरमें सदा प्रतिबिम्बित हुआ करती है जिससे भगवान्का श्रीवत्सरूप लाञ्छन लक्ष्मीका मृगमद-लेपसा प्रतीत होता है। कौस्तुभ ऐसा लगता है मानो भगवान्के हृदयसे चन्द्रमाको निकलते देखकर स्पर्धावश सूर्य ही भगवान्के हृदयसे निकल रहाहो। कौस्तुभके प्रकाशमें अन्यान्य साधारण भूषण फीके लग रहे हैं। दिग्गजोंके शुण्डादण्डके समान, दिव्यतरु-प्रकाण्डसदृश, दुर्मददानवोंके दमनसे लब्ध कीर्तिसे विमलीकृत, मौक्तिक

विचित्रकनकाङ्गदकङ्कणाद्यलंकृतैश्चतुर्भिर्भुजैः सूचयन्तमिव चतुर्व्यूहतां, अहर्मुखविकसदाम्रपल्लवोल्लासिनि दन्तच्छदे विप्रकीर्णतया सान्ध्यराग संमूर्च्छितचान्द्रकोद्गारानुकारिणा मन्दस्मितेन कलिकलुषजीवाशयप्रसादनकतकरेणुभिः कैवल्यलक्ष्मीस्वयंवरदामभिरिव कलितनानावर्णविन्यासपेशलैः परिवहत्करुणासारसंपातशीतलैः कटाक्षैरप्यनुगृह्णन्तमनन्यशरणान्महामुनीन्, कार्णवेष्टनिकविलसन्मुखारविन्दकामनीयकावलोकनविस्मयमानकमलाविसीर्णचुम्बनासक्ताम्बूलरागसंपर्द्विडम्बिना पद्मरागतिलकेन परिष्कृतफालवलयं, अतिनिर्मलफणामण्डलोदरप्रतिबिम्बितैरहिराजफणामणिगणैरिव किरीटरत्नैरभिरञ्जितमहार्होपबर्हं, अतिविनयभारभङ्गुरैरनन्यार्पितदृष्टिभिराकृतिमद्भिरायुधैःपञ्चभिरभितोऽपि यथोचितमासेव्यमानं, अनुपमेयं, प्राकृतैर्भावैः, अप्रमेयमनुत्तरपदारोहपङ्गुभिरर्वाचीनैः प्रमाणैः अक्षोभ्यं विज्ञानसागरं, अक्षयं महानन्दशेवधिं, अतिदुर्लभ-

---

दामवेष्टित तथा विजयलक्ष्मी-समालिङ्गित भगवान्के चार विचित्र कनककेयूरादि भूषण-भूषित हाथ उनके सङ्कर्षणादि चतुर्व्यूहसे लग रहे हैं। वह प्रभातकालमें उल्लसित आम्रपल्लवके समान प्रतीत होनेवाले ओठपर फैले रहनेके कारण सान्ध्यरागरञ्जित चन्द्रिकाका अनुकरण करने वाले मन्दस्मितसे तथा कलियुगके दोषोंसे पूर्ण जीवरूप जलाशयको स्वच्छ करनेमें कतकरजके समान और लक्ष्मी स्वयंवरण माल्यतुल्य, और नानावर्णयुक्त और करुणा-प्रवाहपूर्ण होनेसे शीतल कटाक्षसे अनन्यशरण महामुनियोंको अनुगृहीत सा करते प्रतीत हो रहे हैं भगवान्का कपाल प्रदेश पद्मराग-तिलकसे शोभित हो रहा है वह पद्मराग-तिलक ऐसा लग रहा है मानो कार्णवेष्टनिक नामक आलिङ्गन-प्रभेदसे प्रसन्नमुखी कमला ने चुम्बन करके ताम्बूलराग लगा दिया हो। भगवान्के किरीट मणियोंसे उनके शिरोपधान जगमग कर रहे हैं, ऐसा लगता है, मानो अतिस्वच्छ फणामण्डलपर प्रतिबिम्बित होनेवाले अहिराजके फणामणि ही उनके शिरोपधानको जगमगा रहे हों। अत्यन्त विनीत एवं अनन्यदर्शी शरीरधारी उनके पांच आयुध उनकी चारों ओर सेवामें उपस्थित हैं। सांसारिक पदार्थोंसे उनकी उपमा नहीं हो सकती है। आगे चरण रखसकनेमें असमर्थ नये प्रमाणगण उनका ज्ञान नहीं करा सकते हैं। वह अकम्प्य विज्ञान-सागर तथा अक्षय महानन्दनिधि हैं। वेदके

मश्रुतानुश्रवैरमीमांसितोपनिषदाशयैरनध्यासितनिदिध्यासनपथैरक्षालित-कर्माशयैरनुल्लङ्घिताविद्यकपर्वपञ्चकैः, अनायासलभ्यमतिदृढावलम्बित-गुरुचरणैरपायोपायवृत्तिपराङ्मुखैरप्रकम्प्यविश्वासभाजनैरात्मार्पणतत्त्ववेदिभिर्महाभागैः, असाधारणषाड्गुण्यं, अखिललोकशरण्य-मालक्ष्य सर्वप्रमाणपरायणं भगवन्तं नारायणं असकृत्प्रणिपतन्, असकृदुत्थाय, बध्नन् शिरस्यञ्जलिं, असकृदावर्तयन् प्रणवं, असकृदनुस्मरन् रतत्त्वं, अश्रुपूर्णैर्लोचनैरविरलपुलकाङ्कितैरङ्गकैरानन्दगद्गदैश्च वचोभिरित्थमस्तावीत्—

'क्षन्तारं सकलागसां जलधियां यन्तारमन्तस्तमो-
हन्तारं जगतामनुत्तरपराहंताङ्कितोरःस्थलम् ।
उद्यत्कौस्तुभशोभमुत्पलवनीसच्छायमच्छायत-
स्निग्धापाङ्गतरङ्गमैक्षिषि परं ब्रह्माच्युतं शाश्वतम् ॥ ३५ ॥
किं तर्कैरतिवक्रैः किं फलमुपबृंहणैर्विविधैः ।
अत्रैक्षिषि श्रुतीनामाशयमहिराजभोगशयम् ॥ ३६ ॥

अज्ञाता तथा उपनिषदोंके अभिप्रायको नहीं जानने वाले उनका परिचय नहीं पासकते हैं । निदिध्यासनपथसे अपरिचित तथा कर्मबन्धनोंसे अमुक्त एवं आविद्यक पर्वपञ्चकसे अरहितजनकी पहुँच वहाँ तक नहीं है । दृढ़ भावसे गुरुपादसेवी, आत्मार्पणतत्त्वज्ञ, अपाय तथा उपायसे विरक्त, दृढ़ विश्वासभाजन व्यक्ति उहें अनायास पासकता है । उनके सर्वज्ञता आदि छःगुण असाधारण हैं । अखिल विश्वके शरणप्रद सर्वप्रमाणपरायण उन भगवान् नारायणको देखकर ब्रह्माने बारबार प्रणाम किया, उठकर अञ्जलि बाँधी, असकृत् प्रणव दुहराया और परम तत्त्वका ध्यान किया । अश्रुपूर्ण नयनों, रोमाञ्चित अङ्गों, एवं आनन्दगद्गद वचनोंसे ब्रह्माने भगवान्की स्तुति इस प्रकारसेकी । 'आज सौभाग्यवश हमने सकल अपराधोंकी क्षमा करनेवाले, आन्तरिक अन्धकारके हरण करनेवाले, अनन्त अहन्तासे पूर्ण हृदय, कौस्तुभ-भूषित, उत्पलसमान कान्ति, स्निग्धापाङ्ग, तथा नित्यपरब्रह्मस्वरूप भगवान्के दर्शन प्राप्त किये हैं ॥ ३५ ॥

कुटिलतर्कोंकी क्या आवश्यकता है ? नाना प्रकारके विस्तृत विवेचनकी भी क्या जरूरत है ? मैंने श्रुतिप्रतिपाद्य परमात्माको यहाँ शेषके फणोंपर सोते देख लिया है ॥३६॥

अहो धन्योऽस्मि धन्योऽस्मि ।

एकं तद्द्विविभूति त्रिधामनिहितं चतुर्व्यूहम् ।
पञ्चायुधं प्रपद्ये षड्गुणसंपन्नमशरणः शरणम् ॥ ३७ ॥' इति।

अत्रान्तरे वाचस्पतिं पुरस्कृत्य वासवमुखा बर्हिर्मुखाः प्रविकीर्य पुष्पाञ्जलीन्, प्रणिपत्य दूरतः शतकृत्वः, समुत्थाय शिरसि संघटिताञ्जलयो विस्मयस्तिमिताः स्तम्भवदासांचक्रिरे ॥

तुष्टूषतोऽस्य बहुधा सुरदेशिकस्य
दिव्याद्भुतानि चरितानि परस्य धाम्नः ।
स्तब्धा सती श्वशुरदर्शनसाध्वसेन
वाणी न वक्त्रकुहराद्बहिराविरासीत् ॥ ३८ ॥

ततः प्रसादविमलपद्मनाभकटाक्षपरिक्षेपविदितेङ्गितया पादमूलनिविष्टया तस्य भगवत्या पद्महस्तया निसर्गमधुरैरपि निर्भरवात्सल्यसुधासारमधुरैरक्षरैः—'वत्स चिरादागतोऽसि, वर्तसे कुशलेन, का इमाः

अहा, मैं धन्यहूँ, मैं धन्यहूँ ।

एक होकर ही जो दो विभूतियोंसे युक्त हैं, जो तीन रूपमें व्याप्त एवं सङ्कर्षणादि चतुर्व्यूहशाली हैं, जो पञ्चायुध एवं षड्गुणयुक्त हैं, मैं अशरण उस शरणागतवत्सलकी शरणमें जाता हूँ ॥ ३७ ॥

इसीबीच इन्द्रादि देवोंने बृहस्पतिको आगे करके पुष्पाञ्जलि अर्पितकी, दूरसे ही शतशः प्रणाम किये, उठकर सिरसे अञ्जलि बाँधी, फिर स्तम्भकी तरह विस्मयसे ठिठककर खड़े रहे ।

देवगुरु बृहस्पति नानाप्रकारसे भगवान्के परम धामकी स्तुतिकरना चाहतेथे, परन्तु ब्रह्माके जनक विष्णुरूप-श्वशुरके दर्शनसे लज्जित होकर सरस्वती बृहस्पतिके मुखरूप गुहासे बाहर निकलना ही नहीं चाहती थी ॥ ३८ ॥

इसके बाद भगवान्के चरणोंके समीपमें बैठी हुई लक्ष्मीने देखा कि भगवान् इन्द्रादि देवगणपर प्रसन्न दृष्टिपात कर रहे हैं, बस लक्ष्मी भगवान्के अभिप्रायको समझगईं और लक्ष्मीने स्वभावतः मधुर तथा वात्सल्यभावपूर्ण शब्दोंमें कहा बेटा, बहुत दिनोंपर आये, अच्छी तरह तो हो ? यह प्रजायें कौन हैं जो भीतसी

प्रजाः कान्दिशीका इव लक्ष्यन्ते' इत्यनुयुज्यमानो विधिरन्तरानन्द-तुन्दिलः प्रणम्य शतशः परां देवतामिदमाबभाषे—

'जय जय जगदम्ब जाम्बूनदाम्भोजकोशप्रभे
जय जय कमलाक्षवक्षःस्थलीहर्म्यनर्मप्रिये ।
जय जय करुणाकटाक्षप्रतीक्षत्रिलोकेश्वरे
जय जय जनिमार्गलग्नाणुवर्गापवर्गप्रदे ॥ ३९ ॥

वत्सेति प्रवहत्सुधारसपरिष्वक्तं यदामन्त्रितं
दृष्टं यच्च दयातरङ्गशिशिरोत्सङ्गैरपाङ्गैस्त्वया ।
तस्मादस्म्यधुना विशिष्य कुशली धन्याश्च देवा इमे
विज्ञाप्यं तु कथं हरौ किमथवा तस्यादिरादिश्यताम् ॥'

इति यावत्प्रार्थयते कमलां कमलासनस्तावद्गोविन्द एव स्वयमित्थ-मनुजगृहे—

लग रही हैं, इस प्रकार पूछे जानेपर ब्रह्मा आनन्दसे पूर्णहृदय हो गये, लक्ष्मी-स्वरूप परा देवताको शतशः प्रणाम किया, और इस प्रकार कहा—

हे स्वर्णमय कमलके कोशकी कान्तिके समान देहकान्तिशालिनि, हे कमल-लोचन विष्णुकी छाती रूप भवनमें क्रीडापरायणे, तुम्हारी जयहो जयहो। त्रिलोकेश्वर तुम्हारी करुणादृष्टिकी प्रतीक्षामें रहा करते हैं, तुम्हारी जयहो। तुम जन्ममार्गमें निरत अणुओंको मुक्ति प्रदानकरती हो, तुम्हारी जयहो ॥ ३९ ॥

मुझे जो सुधासे सने वत्स शब्दसे सम्बोधन किया गया, कृपायुक्त नयनापाङ्गों-से देखा गया, इतनेसे ही मैं अब कुशली हूँ और यह देवगण धन्य हो रहे हैं, भगवान्से किस प्रकार अपनी बात कही जाय, इसका आदि कृपया आप बतावें ॥ ४० ॥

ब्रह्माने जभी लक्ष्मीसे इस प्रकार प्रार्थनाकी, तभी स्वयं भगवान्ने इस प्रकार कहा—

'स्रष्टासि तात जगतोऽस्य चराचरस्य
संधारयस्यथ मुखैश्चतुरोऽपि वेदान् ।
तेनासि लोकदयितो दयितो ममापि
तद् ब्रूहि कं सफलयामि मनोरथं ते ॥ ४१ ॥
कत्यसृजं विश्वसृजः कति वा स्रक्ष्यामि कति सृजाम्यधुना ।
भवति परभक्तिशालिनि भवतीव न मे क्वचित् करुणा ॥ ४२ ॥'

इति मधुरां गिरमिन्दिरापतेः पिबन्नष्टभिः कर्णैः पितामहस्तादात्विक-हर्षसंभ्रमावलुप्तवक्तव्यः कथंचिदिदमाचचक्षे—

'स्वप्नोन्मादावपि हि सृजतो नाथ वस्तूनि मिथ्या
संधार्यन्ते ननु च मनुजैरप्यमी वेदवादाः ।
प्रापं श्रेयः किमहमियता प्रापमेवानया तु
स्वामिन्दृष्ट्या तव शिशिरया मङ्गलं मङ्गलानाम् ॥ ४३ ॥

हे ब्रह्मन्, तुम इस चराचर जगत्के स्रष्टाहो, तुमनें अपने मुखों द्वारा वेदोंको धारण किया है, तुम लोकके प्रति दयालु हो, अतएव मेरे प्रियहो, बताओ मैं तुम्हारा कौन-सा मनोरथ पूर्ण करूँ ? ॥ ४१ ॥

मैंने कितने ब्रह्मा पैदा किये हैं, और आगे भी कितने ब्रह्मा पैदा करूँगा ? परन्तु परम भक्त होनेके कारण आपपर मुझे जितनी दया है उतनी दया किसी भी दूसरे ब्रह्मापर नहीं है ॥ ४२ ॥

भगवान्की इस मधुर वाणीको ब्रह्मा अपने आठ कानोंसे पीते रहे, उस समयके हर्षसे अपना वक्तव्य वह भूल गये, किसी प्रकार यही कहा—

हे नाथ, स्वप्न तथा उन्माद भी मिथ्यावस्तुओंकी सृष्टि किया करते हैं, मनुष्यगण भी वेदोंको धारण करते ही हैं, (अतः सृष्टि करने तथा वेद धारण करनेसे) इतने भरसे मुझे कुछ महत्त्व नहीं प्राप्त हो जाना है। हाँ यह बात अवश्य है कि आपकी इस शीतल कृपादृष्टिसे मुझे मंगलोंमें भी मङ्गल प्राप्त हो गया है ॥ ४३ ॥

मनोरथानामपि यो मनोरथः सुदुर्लभानामपि यत्सुदुर्लभम् ।
तदेव लब्धं तव पादपङ्कजं कदर्थनान्येव कदर्थनान्यतः ॥

अपि च—

के देवाः के दनुजाः किं जगदेवेदमन्ततः कोऽहम् ।
परिहृत्य विमोहमिमं पालय दासोऽस्मि दासोऽस्मि ॥ ४५ ॥'

इति कटाक्षपातेन कमलायाः परिग्रहेण च भगवतः प्रतिबुध्य तत्त्वमुदासीने पद्मसंभवे, प्रपञ्चपाञ्चालिकानटनसूत्रधारः परमपुरुषः सर्वपथीनया महामायया तमाच्छादयन्, कर्तव्यमस्योपदिदेश—'सत्यमेव भवानाह कदर्थनान्येव कदर्थनानीति । अलमेव ह्यग्रतः स्थितिरस्माकम्, अवहितो गृहाणेदं, आदिश च सर्वानमरान्—

संधानं कुरुतासुरैः प्रथमतो मन्थानमुर्वीधरं
कृत्वा मन्दरमर्णवे क्षिपत ते यूयं समेतास्ततः ।
बद्ध्वा वासुकिनाथ मन्थत ततः संत्पस्यते या सुधा
तामास्वाद्य गमिष्यथाप्यमरतां यूयं न वः शत्रवः ॥ ४६ ॥

आपका जो चरणकमल मनोरथोंका भी मनोरथ तथा दुर्लभवस्तुओंमें भी सुदुर्लभ है, वही मुझे प्राप्त हो गया है, इसके अतिरिक्त जो भी अभ्यर्थनाकी जायगी वह एक प्रकारसे कदर्थना ही होगी ॥ ४४ ॥

देव कौन हैं, ? दानव कौन हैं ? जगत् क्या है ? अन्ततः मैं ही कौन हूँ ? भगवन् मैं आपका दास हूँ, कृपया इस मोहको दूर करके मेरी रक्षा कीजिये ॥ ४५ ॥

इस प्रकार लक्ष्मीकी कृपादृष्टि तथा भगवान्का अनुग्रह पाकर ब्रह्मा उदासीन हो गये, तब प्रपञ्च चलानेवाले भगवान्ने व्यापक मायासे ब्रह्माको आवृत करते हुए इस प्रकारसे उपदेश दिया—आप ठीक ही कहते हैं कि अन्य प्रार्थनायें कदर्थनायें हैं । हम लोगोंका इसमें आगे रहना व्यर्थ है । सावधानीसे इसे ग्रहण करो, और देवोंसे कह दो—

हे देवगण, आप पहले असुरोंसे मिलकर मन्दराचलको मन्थन साधन बनाकर राक्षसोंके साथ मन्दराचलको सागरमें डालें, वासुकि नागको रज्जु बनावें, उसीसे मन्दराचलको बांधकर सागरको मथें, उससे जो सुधा निकलेगी, उसे पीकर आप ही अमर होंगे, आपके शत्रु असुर अमर नहीं होंगे ॥ ४६ ॥

परं तु भवितात्र दुष्परिहरः प्रत्यूहः परिहरिष्यते च प्रसादाद्देवदेवस्य । तदद्यप्रभृति विशिष्यावलम्बध्वमम्बिकारमणं शरणमिति ॥

जानम्यहमुमाकान्तं जानासि त्वं च मद्गिरा ।
जानन्ति किमिमे मूढास्तत्सम्यगनुशिष्यताम् ॥ ४७ ॥'

इति परमुपदेशं देशिको देवतानां
निरवधिकरुणाब्धिर्निर्जरेभ्यो वितीर्य ।
स्वयमपि हृदि गाढं चिन्तयन्निन्दुचूडं
मिषति कमलपीठे पद्मनाभस्तिरोऽभूत् ॥ ४८ ॥

अथ यथोपदेशमिन्दिरापतेरादिश्यादेष्टव्यमन्तर्हिते पितामहे, पूर्णमनोरथा दिवौकसः पुरहराराधनकौतूहलेन पुनरासेदुरुपत्यकां परमानन्दमन्थरा मन्दराद्रेः ॥

इति श्रीमद्भरद्वाजकुलजलधिकौस्तुभश्रीकण्ठमतप्रतिष्ठापनाचार्यचतुरधिकशतप्रबन्धनिर्वाहकश्रीमन्महाव्रतयाजिश्रीमदप्पयदीक्षितसोदर्यश्रीमदाच्चान्दीक्षितपौत्रेण नारायणदीक्षितात्मजेन श्रीभूमिदेवीगर्भसंभवेन श्रीनीलकण्ठदीक्षितेन विरचिते श्रीनीलकण्ठविजये चम्पूकाव्ये द्वितीय आश्वासः ।

परन्तु इसमें बड़ा भारी विघ्न होगा, उसे महादेवकी कृपा ही दूर करेगी । अतः आपलोग आजसे ही खासकरके महादेवको शरणमें जायें ।

मैं महादेवको जानताहूँ, तुम भी उन्हें मेरे कहनेसे जानते हो, ये मूर्ख देवगण उन्हें क्या जानते हैं, अतः इन्हें उनके सम्बन्धमें भली भाँति समझा दो ॥ ४७ ॥

इसके बाद, अनन्त करुणासागर होनेके कारण देवाधिदेव विष्णुने उक्त प्रकारसे देवोंको उपदेश दिया, और स्वयं चन्द्रचूड़ शिवका हृदयमें ध्यान करते हुए कमलके मूँदते ही—ब्रह्मा अन्तर्हित हो गये ॥ ४८ ॥

भगवान्के कथनानुसार देवोंको उपदेश देकर ब्रह्माके अन्तर्हित हो जानेपर पूर्णमनोरथ देवगण महादेवकी आराधनाके लिये पुनः मन्दराचलकी उपत्यकामें चले आये ।

द्वितीय आश्वास समाप्त

★

तृतीयाश्वासः

उपासीना नानाविधिभिरुपहारैश्च विविधैः
शरण्यं लोकानां शशधरकलोत्तंसममराः ।
मृषा संधित्सन्तः प्रकृतिकुटिलैर्दानवगणै-
र्विरिञ्चिस्यादेशादवृणुत गुरुं दूत्यविधये ॥ १ ॥
'परायणं नः परमं भवान्यतो
गुरुः पुरोधाः सचिवश्च दैवतम् ।
अतो वयं तावदनन्यसाधना
वृणीमहे त्वामवमेऽपि कर्मणि ॥ २ ॥'
इति प्रार्थितो देवैरिदमुवाच वाचस्पतिः—'नैतावदभिधातव्यम् ।
हि किंचिदवमं नाम कर्मास्ति राजोपजीविनाम् ।
तत्तस्य कीर्तिदं कर्म तदलभ्यं तदीप्सितम् ।
राजानः पुरुषं यत्र राजकीयं नियुञ्जते ॥ ३ ॥

देवगण नानाप्रकारके उपहारों द्वारा लोकशरण्य चन्द्रशेखरकी आराधना करने लगे । उन लोगोंने स्वभावतः कुटिल दानवोंके साथ झूठी संधि करनेके लिए दूतके रूपमें बृहस्पतिका वरण किया जैसा कि ब्रह्माने उन्हें आदेश दिया था ॥१॥

देवगणने बृहस्पतिसे कहा कि आप हमारे गुरु, पुरोहित, मन्त्री एवं पूज्य तथा सभी कुछ हैं, हम अनन्योपाय होकर इस नीच कार्यके लिए भी आपका ही वरण कर रहे हैं ॥ २ ॥

इस प्रकार देवों द्वारा प्रार्थित होनेपर बृहस्पतिने कहा—इतना कहनेकी आवश्यकता नहीं है । राज-सेवकोंके लिए कुछ भी कार्य नीच नहीं है ।

राजा लोग जिस कार्यके लिए अपने आदमीको नियुक्त करें वही कार्य उस आदमीके लिए कीर्त्तिप्रद, अलभ्य, तथा ईप्सित हुआ करता है ॥ ३ ॥

परंतु किंचिदत्र विवेक्तव्यम् । तथाहि—

अनालोच्य निजां शक्तिमदृष्ट्वा कार्यगाधताम् ।
औत्सुक्यादवगाहन्ते मन्दा मज्जन्ति चातलम् ॥ ४ ॥

सन्धिर्नाम ऋजूपायः साधुष्वेवायमायतते न पृथग्जनेषु । पुनर्दुरहंकारदूषितेषु दानवेषु । किंच । दूतवाङ्मुखकौशलसाधनीयोऽयमर्थः कथं नाम दूतदर्शनमप्यसहमानेषु संघटते । श्रूयत एव हि वैश्रवणेन प्रहितो दूतः सद्य एव समापितः सदसि लङ्कापतेः । अपि च प्रवृत्ताः समरकर्मणि भग्नोद्यमाः सर्वतोऽपि संधित्सन्ते दूरदर्शिनो लब्धं कथंचिदपि लिप्सितं, नतु लब्धमपि नाशयितुम् । पश्यत—

स्थानाच्च्यावयितुं क्षणात्पुनरपि स्थानेऽभिषेक्तुं च वा
शक्ताः केलिकथान्तरेष्वपि भवन्त्यर्धोद्गता यद्गिरः ।

परन्तु इसमें कुछ विचार करना है, क्योंकि—

अपनी शक्ति बिना विचार किये, और कार्यकी गम्भीरताको बिना देखे यदि कोई औत्सुक्यवश कार्यमें हाथ डाल देता है तो वह पाताल चला जाता है—असफल रहता है ॥ ४ ॥

सन्धि है बड़ा सरल उपाय, परन्तु वह साधुओंके साथ हो सकती है साधारण जनके साथ नहीं । दुरहङ्कार दूषित दानवोंके साथ तो सन्धि बहुत दूर है और यह बात भी है कि सन्धिरूप कार्य दूतके वचनसे ही सिद्ध किया जा सकता है । दानवगण तो दूतके दर्शनको बर्दास्त नहीं करते हैं तब उनके साथ सन्धि कैसे की जा सकती है । सुनते हैं कुबेर द्वारा भेजा गया दूत—रावणकी सभामें तत्काल मार दिया गया था । और यह बात भी है कि युद्धमें प्रवृत्त होकर भग्नोद्यम होनेपर दूरदर्शी जन किसी तरह अभीष्ट वस्तु पानेके लिए सन्धि करना चाहते हैं, लब्ध वस्तुको भी गँवानेके लिए कोई भी सन्धि करना नहीं चाहता है । देखें—

जिन दानवोंकी अनायास भावसे अर्धनिर्गत बाणी क्षणभरमें स्थानसे गिराने तथा पुनः क्षणभरमें ही स्थानपर आरूढ़ करनेमें समर्थ हो सकते

तेऽमी सर्वसुनिर्वृता दनुभुवः संधाय किं धावता
भिक्षार्थं परितोऽधुना मघवता संपादयन्त्वीप्सितम् ॥ ५ ॥

अपि च—

गौरश्वः करिणः स्त्रियो मणिगणाः शस्त्राणि वस्त्राणि वा
यानि प्राभृतयेम तान्यपहृतान्याक्रम्य तैरेव नः ।
तद्रिक्तेन करेण रिक्ततरया वाचापि चाहं कथं
शक्तः स्यां दनुजेश्वरान्वशयितुं संद्रष्टुमप्यन्ततः ॥ ६ ॥'

इति युक्तियुक्तमुपपाद्य विरमति देवगुरौ, विहस्तेषु च समस्तेषु दैवतेषु कृतमुखः स्वयं शतमखः किंचिदिदमाचचक्षे । 'भगवन्नेवमेवैतद्यदभिहितं भवता । किंतु—

निःसंख्यस्फुरदुत्तरोत्तरचमत्कारासु धारासु ते
वाचामक्षरमक्षरं त्रिजगतीवाग्गर्वसर्वंकषम् ।
श्रोतुं लालयितुं पुनः प्रतिसमाधातुं च वा किंचिद-
प्यर्वाञ्चः क इमे वयं यदि परं देवः स वाचां निधिः ॥७॥

है, वे दानव सर्वथा स्वस्थ हैं, वे भिक्षाके लिए इधर-उधर दौड़ते हुए आपके इन्द्रके साथ सन्धि करके क्या अभीष्ट प्राप्त करेंगे ? ॥ ५ ॥

गाय, हाथी, स्त्रियाँ, मणिगण, शस्त्र, या वस्त्र जो कुछ भी हम सन्धिके लिए दानवोंको उपहृत कर सकते थे, वह समस्त वस्तुएँ तो उन्होंने पहले ही हमसे छीनकर अपने वशमें कर ली हैं, ऐसी स्थितिमें इन रिक्तहाथोंसे तथा अतिशय रिक्तवचनसे दानवोंको मिलानेमें अथवा उनसे साक्षात्कार करनेमें किस प्रकार समर्थ हो सकते हैं ॥ ६ ॥

इस प्रकार युक्तियुक्त वचन कहकर बृहस्पतिके चुप हो जानेपर स्वयं इन्द्रने मुँह खोलकर इस प्रकारसे कहा भगवन्, आपका कथन अक्षरशः सत्य है, किन्तु—असङ्ख्य रूपमें उत्तरोत्तर चमत्कारयुक्त आपकी वचनधाराके अक्षर-अक्षर जगतीके गर्वको दूर करने में समर्थ हैं । उस वचनधाराको सुनने, समझने तथा उसका उत्तर देनेमें हम नये लोग क्या समर्थ हो सकते हैं, इसका उत्तर केवल वचनोंकी निधि सरस्वती से ही बन सकता है ॥ ७ ॥

परं त्विदमेकमनुस्मारयाम्यादिष्टं यदध्यक्षमेव नः समस्तानां संधा
कुरुतासुरैरिति शार्ङ्गधन्वना परमेष्ठिने, यदपि च तेन तुभ्यम् ।

शिष्टं यदत्र दुष्टं वा न विवेक्तुं क्षमामहे ।
स जानाति स जानीते त्वं जानीषे तदन्ततः ॥ ८ ॥' इति

अनितरशरणत्वमात्मनस्तदृढमुपपादयताथ देवभर्त्रा ।
प्रतिहतवचनो गुरुः सुराणां प्रकटयितुं धियमात्मनः प्रतस्थे ॥

गच्छन्नेव च स पथि सर्वं करणीयमवधारयामास । अपि च—

अयं कालो बुद्धेरयमवसरश्चाटुवचसा-
मियं युक्ता वेला दिशि दिशि यशः संघटयितुम् ।
असावत्यर्घो नः सुकृतमुपचेतुं सुमहदि-
त्यवस्यन् प्राप प्रागसुरगुरुमाखण्डलगुरुः ॥ १० ॥

परन्तु मैं एक बातकी याद दिलाना चाहता हूँ जो विष्णुने हमलोगोंके सामनेमें ही ब्रह्मासे कहा था—"असुरोंसे सन्धि कीजिये ।" यही बात ब्रह्माने भी आपसे कही थी ।

इस विषयमें क्या अच्छा क्या बुरा होगा, हम उसकी विवेचना करनेकी क्षमता नहीं रखते हैं । इस विषयको अच्छी तरह वही जानते हैं या ब्रह्मा जानते हैं और अन्ततः आप जानते हैं ॥ ८ ॥

इस प्रकार इन्द्रने दृढ़तापूर्वक बता दिया कि अब दूसरा उपाय नहीं है, सभी अनन्यशरण हो रहे हैं । इन्द्रके वचनसे बृहस्पतिकी बातें शान्त हो गईं, अनन्तर बृहस्पति अपना बुद्धिकौशल प्रकट करनेके लिए चल पड़े ॥ ९ ॥

मार्गमें जाते समय ही बृहस्पतिने समस्त कार्यकलाप बुद्धिमें स्थिरकर लिया, और उन्होंने सोचा कि यही बुद्धिकौशल प्रदर्शित करनेका अवसर है, यही चाटुकारिता प्रकट करनेका मौका है, यही दिगन्तव्यापी यश सञ्चित करनेकी उपयुक्त घड़ी है, यही मुझे महान् पुण्य अर्जित करनेकी सुविधा मिली है । इस प्रकार विचार करते हुए बृहस्पति पहले शुक्रके आवासपर पहुँचे ॥ १० ॥

ततश्च तमतर्कितोपनतमभिगम्य सह शिष्यैः, अभ्यर्च्य विधिवदर्घ्यादिभिः सपर्याभिः, आसयन्महति मणिविष्टरे, भार्गवः स्वयमासीनस्तदनुज्ञया सविनयमिदमाचचक्षे—'अद्य मे सफलं जीवितं, अद्य हुतं विधिवदग्निषु, अद्य दत्तमतिथिष्वभ्यागतेषु, अद्याधीतमागमेषु सरहस्येषु, अद्याराधिता गुरवः, अद्य फलिनो गृहाश्रमाः । किं बहुना । अद्यायमन्वयः प्रतिष्ठितो भृगोः यदनुल्लिखितं मनोरथैः, अनवाप्यं तपोभिरपि, आशासनीयं गृहमेधिनां, आसादितमनायासेन मया स्वयमागमनं भगवतोऽधुना' इत्युदाहरति भार्गवे पुनरिदमुवाच वाचस्पतिः—

'पुत्रावुभौ प्रथमजौ भृगुराङ्गिराश्च
ख्यातौ कुले शमवतां ननु पद्मयोनेः ।
तद्भार्गवस्य कुलमाङ्गिरसः प्रपन्न-
श्चित्रीयते किमिह सोदरसंप्रयोगे ॥ ११ ॥

अपि च—

निष्ठामाश्रमधर्मपालनविधौ नित्याभियोगं शिवे
शक्तिं कर्तुमकर्तुमन्यथयितुं तन्त्रेषु राज्ञामपि ।

एकाएक उपस्थित बृहस्पतिको देखकर सशिष्य शुक्राचार्यने उनकी यथोचित अभ्यर्थना की, मणिमय आसनपर बैठाया, तदनन्तर स्वयं भी उनके सामने बैठकर शुक्राचार्यने नम्रतापूर्वक बृहस्पतिसे कहा—आज मेरा जीवन सार्थक हुआ, मेरे द्वारा किया गया सविधि अग्निहोत्र, अतिथि सत्कार, वेदाध्ययन, गुरुसेवन सार्थक हुआ, आज मेरा गृहाश्रम सफल हुआ । अधिक क्या कहा जाय, आज यह भृगुका वंश प्रतिष्ठापन्न हुआ है कि मनोरथों द्वारा अप्राप्य, तपस्यासे अलभ्य एवं आयाससे अनधिगम्य आप स्वयं पधारे हैं । शुक्रके द्वारा इस प्रकार कहे जानेपर बृहस्पतिने पुनः कहा—

भृगु तथा अङ्गिरा नामके ब्रह्माके पुत्र तपस्वियोंमें प्रख्यात हैं । (भृगुके पुत्र आप हैं और अङ्गिराका पुत्र मैं हूँ) अब यदि आङ्गिरस बृहस्पति भार्गवके घर आते हैं तो इस भाइयोंके मिलनमें आश्चर्यका स्थान ही कहाँ है ? ॥ ११ ॥

आश्रमधर्मके पालनके प्रति आपकी निष्ठा, शिवके विषयमें अनवरत भक्ति, एवं राजतन्त्रमें जो चाहें वैसा कर सकनेकी आपकी क्षमताके विषयमें सदा सुनता

वंश्रावमनुक्षणोपचितया प्रीत्याहमस्म्यागतो
यत्सत्यं भवदीक्षणाय हृदये तत्रावयोः साक्षिणी ॥ १२ ॥

इत्यभिदधानो गुरुरलमतिवात्सल्यादतिलालनेनेत्यभिधाय, विसृ
ामाजिकान्, विविक्ते पृष्टः कविना समागमनकारणमुदाजहारैनमु
त्तिगर्भया गिरा। 'आवेदनीयं किमखिलवेदिषु भवादृशेषु। तथा हि-

जानीषे जगदेव तावदखिलं स्वप्नेन्द्रजालोपमं
जानीषे ह्यधिकारदुर्विलसितं संसारमप्यावयोः।
जानीषे भगवत्परिग्रहपरीणाहं सुपर्वस्वपि
व्याहर्तव्यमितोऽस्ति यत्तदपि ते नापेक्षते मद्गिरम् ॥१३॥

अपि च—

येनादिश्यत वेधसा जनिमतामद्रोहतो जीवनं
तेनैव त्वयि दुर्धियां दनुभुवामादिष्टमाचार्यकम्।

रहा हूँ, इसीसे आपके प्रति उत्पन्न प्रीतिके कारण मैं आपकी सेवामें उपस्थित हुआ हूँ, मेरे आनेका उद्देश्य केवल आपका दर्शन ही है। मेरे इस कथनकी सचाईमें हमारे तथा आपके हृदय ही साक्षी हैं ॥ १२ ॥

इस प्रकार कहते हुए बृहस्पतिने फिर कहा कि अतिशय वात्सल्यके कारण अधिक आदर देनेकी आवश्यकता नहीं है। इतना कहकर बृहस्पतिने सभासदों को छोड़कर एकान्तमें शुक्रके द्वारा आगमनकारण पूछे जानेपर उपपत्तियुक्त शब्दोंमें इस प्रकार कहा—आपके समान सारी परिस्थितिके जाननेवालेके आगे कहना क्या है ?

आप जानते ही हैं कि यह सारा जगत् स्वप्नावस्था तथा इन्द्रजालकी तरह मिथ्या है, आप यह भी अच्छी तरहसे जानते हैं कि हमारा तथा आपका यह संसार अधिकारकी क्रीड़ा है। आपको यह भी ज्ञात ही है कि देवोंमें भगवान्के अनुग्रहकी कितनी मात्रा है। इसके आगे मुझे जो कुछ कहना है उसमें मेरे शब्द अपेक्षित नहीं होते हैं ॥ १३ ॥

जिस ब्रह्माने प्राणियोंको परस्पर द्रोहरहित होकर रहनेका उपदेश किया है उसी ब्रह्माने ही आपको असुरोंका आचार्यत्व प्रदान किया है। इस अर्थगहन-

अस्मिन् किं करणीयमर्थगहने मीमांसकैर्मादृशैः
शक्तस्त्वं त्वनुवर्तितुं तदपि खल्वाकाशवद्वर्तितुम् ॥१४॥

तत्कथंचिदेकीकृत्य देवासुरानेकान्तशीलाभ्यामावाभ्यामासितव्यमिति वक्तुकामोऽहमागतोऽस्मि ।' इत्यभिहितो गुरुणा यथार्थमेव तदालोचयन् कविरिदमाबभाषे—'भगवन्नेवमेवैतत् । तथा हि—

जानाम्येव यदाह पद्मनिलयो यच्चाह विश्वंभरो
यच्चास्ते हृदि ते यथा किल तदप्यग्रे विवर्तिष्यते ।
कस्त्वं संघटनेऽसि को विघटनेऽस्म्याकृष्य विश्वात्मना
योक्ष्यन्ते नचिरेण चेह तृणवद्वातेन देवासुराः ॥ १५ ॥

तदस्तु यथातथा वा संमुखीकरिष्यामि दानवान्, संभावयिष्यामि च भवन्तं, ततो यथामनोरथमभिधीयतां' इत्युपच्छन्द्य, समानीय वलेः

विषयमें हम क्या विचार कर सकते हैं, आप चाहें तो इसका अनुवर्त्तन कर सकते हैं और यदि चाहें तो आकाशकी तरह निर्लेप भी रह सकते हैं ॥ १४ ॥

अतः किसी प्रकारसे देवों और दानवोंको मिलाकरके एक कर दीजिये और आप तथा हम एकान्तसेवी बने रहिये, यही कहनेके लिए मैं आपके पास आया हूँ ।

बृहस्पतिके द्वारा इस प्रकार कहे जानेपर बृहस्पतिके कथनकी यथार्थतापर विचार करते हुए शुक्रने कहा—भगवन्, आपका कथन ठीक है ।

मैं जानता हूँ कि ब्रह्माने तथा भगवान्ने क्या कहा है । मुझे यह भी ज्ञात है कि तुम्हारे हृदयमें क्या है तथा आगे क्या होनेवाला है ?॥ तुम कौन होते हो मिलानेवाले तथा मैं कौन होता हूँ बिछुड़ानेवाला । विश्वात्मा भगवान् आकृष्ट करके शीघ्र ही देवों तथा असुरोंको युक्तकर देंगे जैसे हवा तृणोंको युक्त-कर देती है ॥ १५ ॥

अस्तु, जिस प्रकार होगा मैं आपको असुरोंसे मिला दूँगा, मैं आपका आदर करूँगा । आप जैसा चाहियेगा कह लीजियेगा । इस प्रकारसे प्रशंसा करके शुक्र बृहस्पतिको बलिकी सभामें बुला ले गये । वहाँ जानेपर शुक्रने नाना प्रकारसे

सभां, सभाजयन्विविधैरुपचारैः, सँल्लापयामास वासवगुरुम्। 'भगवन् दिष्ट्यासि दृष्टश्चिराय। किमागमनकारणं, किं कुशली मे भ्राता पुरंदरः, स किं करोति, किमावसति, नामापि तस्य न शृणुमहे तदाप्रभृति' इत्यनुयुञ्जाने बलौ सोत्प्रासमादद्दे गिरमाङ्गिरसः॥

'देयं यस्य सदेवमर्त्यभुजगं विध्यण्डमेवाखिलं
पात्रं यस्य जगन्निधिः स भगवान् देवः सरोजेक्षणः।
शिष्यो भूतपतेरसौ कुलगुरुर्यस्योशना भार्गवः
कीर्तिर्दानवराज तस्य भवतः कासां न पारे गिराम् ॥१६॥

तदभिगम्यापि सुदूरमवलोकयितव्यः पुण्यश्लोको जन इत्यागतोऽस्मि। भ्रातुरपि ते वृत्तान्तमावेदयामि॥

यस्यैवं भूर्भुवस्स्वर्भुवनपरिवृढो वर्तसे पूर्वजस्त्वं
दुर्दान्तध्वान्तभानुः स भवति भगवानेव यस्यानुजन्मा।

उनका सत्कार कराया, और बृहस्पतिकी बलिसे बातचीत करवा दी। बलिने पूछा—भगवन्, बहुत दिनोंपर आपके दर्शन हुए, मेरे अहोभाग्य। कहिये आप किधर चले हैं? मेरे भाई इन्द्र सकुशल तो हैं? वह क्या करते हैं, कहाँ हैं? इन दिनों उनका नाम भी नहीं सुनता हूँ, बलिके इस प्रकार पूछनेपर बृहस्पतिने कहा।

जो देव मर्त्य नागयुत समस्त ब्रह्माण्ड दे सकता है, जिसे भगवान् कमलनयन दानपात्रके रूपमें मिल गया है, जो स्वयं महादेवका शिष्य है, तथा जिसके कुलगुरु भृगुपुत्र शुक्राचार्य हैं, हे दानवराज, उसकी कीर्ति किसकी वाणीसे परे नहीं है, अर्थात् उस बलिकी कीर्तिका वर्णन कौन कर सकता है॥ १६॥

अतः दूर चलकर भी पुण्यात्मा बलिका दर्शन करनेको आ गया हूँ। मैं आपके भ्राताका वृत्तांत बताता हूँ।

भूः भुवः स्वः नामक तीनों लोकोंको अधिकारमें रखने वाले आप जिसके बड़े भाई हैं, दुष्टरूप अन्धकारके लिए सूर्यरूप भगवान् विष्णु जिसके अनुज हैं

संप्राप्तो यः शरण्यं त्रिभिरपि करणैर्देवदेवं त्रिणेत्रं
प्रष्टव्यं तस्य कस्मिन् कुशलमकुशलं तस्य जिष्णोः कुतः स्यात् ॥

स यदैव सङ्गररङ्गमारूढो योद्धुकामोऽवतस्थे तदैव तमशरीरिण्या गिरा निवर्तयिष्यन्नाहवान्निर्मार्ष्टुं मुनिशापमालिन्यमभ्युदयेन च योक्तुमधिकेन परमे तपसि परमेश्वरो नियुयुजे ॥

यः शक्यो न दृशापि गोचरयितुं सच्चैस्तमोगन्धिभि-
र्यत्र ब्रह्म सनातनं गिरिजया स्वैरं परिक्रीडते ।
अध्यारुह्य तमेव मन्दरमभिध्यायन्य आस्ते शिवं
कस्तं द्रक्ष्यति कः प्रवक्ष्यति कथां देवोऽपि वा दानवः ॥
प्रह्लादः प्रथमो गुरुर्भगवतस्तन्त्रेषु लक्ष्मीपते-
र्व्यातेने च विरोचनं कमलभूरध्यात्मविद्यानिधिम् ।
बाणः पारिषदाग्रणीः पशुपतेस्त्वं तु प्रवेकः सतां
सिद्धानामपि योगिनामशृणवं नैवं कुलं निर्मलम् ॥१९॥

जो मन, वचन तथा कायसे महादेवकी शरणमें जा चुका है, उसके कुशलकी क्या बात है, उसकी अकुशल हो कैसे सकती है ॥ १७ ॥

इन्द्र जब आपसे युद्ध कर रहे थे, उसी समय भगवान्‌ने आकाशवाणी द्वारा उन्हें लड़नेसे रोक दिया था और मुनिशापकृत मालिन्यको दूर करनेके लिए तथा अनन्त अभ्युदयसे युक्त करानेके लिए तपस्यामें नियुक्त किया था ।

तमोगुणयुक्त प्राणी जिसे दृष्टिसे देख भी नहीं सकता है, जहाँ पर नित्य-ब्रह्मस्वरूप शिव यथेच्छरूपमें पार्वतीके साथ क्रीड़ा किया करते हैं, उसी मन्दर-गिरिपर जाकर इन्द्र शिवका ध्यान कर रहे हैं, कौन देव या दानव उन्हें देखेगा या उनसे कुछ बातें कह सकेगा ॥ १८ ॥

लक्ष्मीपति भगवान्‌के तन्त्रमें प्रह्लाद प्रथम गुरु हुए थे, ब्रह्माने विरोचनको अध्यात्म विद्याका निधान बनाया था । बाण महादेवके परिषदमें अग्रगण्य थे । आप स्वयं सज्जनोंके मान्य हैं । इस प्रकार मैंने तो सिद्धयोगियोंमें भी किसीका इतना निर्मल कुल नहीं सुना था ॥ १९ ॥

तदत्र महाकुलप्रसूतस्य भवतो महदनुशिष्टस्य किमावेदनीयमन्यैः। स्वयमेव महाभागः स्वरूपं पर्यालोचयतु कार्यस्य ॥

ददति च वरं दत्त्वा सद्यस्तमन्यथयन्ति च
द्रुहिणहरगोविन्दाद्या दैत्येष्विति स्फुटमेव वः।
न च नियमतो देवानेवानुकम्पितुमीशते
यदसुरवरान् मध्ये मध्ये समुद्गमयन्ति च ॥२०॥
अतो ब्रह्मेशविष्णूनामपि शुद्धचिदात्मनाम्।
आचूडादानखाग्रेभ्यो मन्ये मायामयं वपुः ॥ २१ ॥

तदप्रदाय परेभ्योऽवकाशमन्योन्यसमवेतेषु युष्मासु—

यन्नैश्चिन्त्यं यदौर्जित्यं यद्बलं या सुखासिका।
यद्यशो यः प्रतापश्च सर्वं तदनुचिन्त्यताम् ॥ २२ ॥

आस्तामिदम्। अवश्यं हि विग्रहवत्सु युष्मासु भवितव्यमप्रकाशेन मया वा भार्गवेण वा। तथा च—

आप स्वयं महाकुलप्रसूत तथा महान् व्यक्तिद्वारा शिक्षित हैं, आपको दूसरा क्या उपदेश देगा, आप स्वयं कार्यके स्वरूपका विचार करें।

ब्रह्मा, शिव तथा विष्णु— दैत्योंको वरप्रदान करते हैं और फिर वरको दूसरे रूपमें उलट देते हैं, यह बात आपको स्फुटरूपमें ज्ञात है। यह भी बात नहीं है कि वे नियमपूर्वक देवोंपर दयालु ही रहा करते हैं, क्योंकि देखा जाता है कि वह बीच-बीचमें असुरोंको उन्नत कर दिया करते हैं ॥ २० ॥

अतः मैं समझता हूँ कि ब्रह्मा, विष्णु या शिव शुद्धचित् स्वरूप भले ही रहें परन्तु उनका शरीर नखसे लेकर शिखा तक मायामय है ॥ २१ ॥

अतः दूसरोंको (बनाने या बिगाड़नेका) अवसर नहीं देकर यदि आपलोग आपसमें मिल जाते हैं, तब—

जो निश्चिन्तता, जो तरक्की, जो बल तथा जो सुखस्थिति तथा जो यश तथा प्रताप होगा, उन सारी बातोंका विचार कर लीजिये ॥ २२ ॥

छोड़िये इन बातोंको। आपको तथा देवोंको जब तक झगड़ते देखेंगे, तब तक हम तथा भार्गव प्रकाशमें नहीं आयेंगे, और—

निर्वर्त्यमाना यत्नेन निर्जरैरसुरैश्च वा ।
काः क्रियाः फलवत्यः स्युरावयोरप्रकाशयोः ॥ २३ ॥

आखण्डलस्य तु मतिरन्यादृशी—

स्थीयतामग्रजैः स्वर्गे जीयतामनुजेन वा ।
सर्वथा भ्रातृभाग्येन संवृत्तं नः प्रयोजनम् ॥ २४ ॥

अहं तु भवतः सार्वज्ञ्यादविशङ्कमवादिषम् । न खल्वात्मनः सचिवोक्तमित्येवादरणीयं परसचिवोक्तमिति वा परिहरणीयं, धीमतां धीरेव सचिवः शासिता' इत्यभिधाय विरमति देवगुरौ, अवलोकितो बलिना, भार्गवः सामाजिकाननुमोदयन्निदमाचचक्षे—'भो भो सकलाशयमर्मज्ञाः, समयज्ञाः संधिविग्रहयोः, पारीणा नीतिपथे, भवन्त एव प्रमाणमर्थेषु ॥

यद्यप्यद्य गतश्रियः सुमनसो यद्यप्यसौ तद्गुरु-
र्यद्यप्यस्ति फलं न किंचिदपि नः संधाय साध्यं सुरैः ।

देव तथा असुर बड़े प्रयत्नोंसे जिन क्रियाओंको करना चाहेंगे, वह क्रियायें भी क्या हमारे प्रकाशमें नहीं रहनेपर सफल हो सकेंगी ॥ २३ ॥

इन्द्र तो दूसरे ही प्रकारकी धारणा रखते हैं, वे कहते हैं कि—

मेरे बड़े भाई स्वर्गमें रहें, मेरे छोटे भाई विजयी बनें, भाइयोंके सौभाग्यसे ही मेरा प्रयोजन सिद्ध हो जाता है ॥ २४ ॥

आपको सर्वज्ञ समझकर मैंने सारी बातें आपसे निःशङ्क होकर कह दी हैं। अपने मन्त्रीका कथन सुना जाय और दूसरेके मन्त्रीका कथन नहीं सुना जाय, ऐसी बात नहीं होनी चाहिये। बुद्धिमानोंकी अपनी बुद्धि ही मन्त्री होती है। इतना कहकर बृहस्पति चुप हो गये, तब बलिने शुक्रकी ओर देखा, शुक्रने सभासदोंकी उपेक्षा करके बलिसे कहा—अजी, आप समस्त अभिप्रायके ज्ञाता हैं, समयज्ञ हैं, सन्धिविग्रहके रहस्योंको जानते हैं, नीतिमार्गके पारदर्शी तथा कर्त्तव्य-निर्णयमें दक्ष हैं।

यद्यपि आजकल देवगण हतश्री हो गये हैं, यद्यपि यह उन देवोंके ही गुरु हैं, यद्यपि इस समय देवोंके साथ सन्धि करनेसे हमको कोई लाभ नहीं होगा,

पर्यालोच्यमथापि किंचिदुदधिं निर्मथ्य लब्ध्वा सुधां
पास्यामो वयमित्यसौ रहसि मां यत्प्राह दिव्यो मुनिः ॥'

इति। तच्छृण्वन्त एव दानवाः संमोहिता मायया वैष्णव्या सद्य एव संमेनिरे, आहुश्च---

'संधास्यामः शमधनगिरा निर्व्यलीकं सुरैः प्राक्
क्षोभिष्यामो जलधिममृतं तत्र लप्स्यामहे च।
पास्यामश्चाप्यथ तदुभये यद्यमी साधवः स्यु-
र्नैवं चेत्किं विहतमियता बाहवः क्वागमन्नः ॥ २६ ॥'

इति। ततः साधु साध्वित्यनुमोद्यमानाः सचिवेन, प्रस्थाप्य वाचस्पतिं, प्रथमतः संधास्यन्तः प्रतस्थिरे दानवाः सद्य एव मन्दरम्। पूर्णमनोरथश्च गुरुः पुनरुपावर्तमानः संददर्श मन्दरमेत्य संततशिवध्याननिर्धूतकल्मषान् शिवार्चनव्रतिनः शिवार्पितप्राणान् शिवनामकीर्तनपवित्रितमुखान्

तथापि इस बातपर विचार करना चाहिए कि—समुद्रको मथकर अमृत निकालेंगे और हमलोग अमृतपान करेंगे इस प्रकार इस स्वर्गवासी मुनिने हमसे कहा था ॥ २५ ॥

इस बातको सुनते ही वैष्णवीमायासे मोहित दानवोंने तत्काल अनुमति दे दी। राक्षसोंने कहा—

हम इस मुनिवरके कथनानुसार बिना खेदके देवोंके साथ सन्धि कर लेंगे, पहले समुद्रको मथेंगे, फिर वहाँ अमृत प्राप्त करेंगे, अगर देवगण ठीक रहेंगे तो हम दोनों ही अमृत पियेंगे, यदि देवगण कुछ इधर-उधर करेंगे तो उस स्थितिके लिए हमारे हाथ तो हैं ही, वह तो कहीं अन्यत्र नहीं चले गये रहेंगे ॥ २६ ॥

इस पर मन्त्रीने 'साधु-साधु' कहकर उनका अनुमोदन किया, बृहस्पतिको विदाकरके पहले सन्धि करनेके लिए दैत्यगण तत्काल मन्दराचलको चल पड़े। पूर्णमनोरथ होकर लौटने पर मन्दराचल आकर बृहस्पतिने देखा कि इन्द्रादि देव सतत शिवका ध्यान करते रहनेसे निष्पाप हो रहे हैं, वह शिवपूजाव्रती बन गये हैं, उनके प्राण शिव पर अर्पित हैं, उनके मुख शिवनाम कीर्त्तनसे पवित्र हो रहे

शिवकथापारायणपरायणान् शिवाहंभावभावितान् शिवाद्वैतवादकोविदान् भस्मदिग्धतनूरुहान् भसितत्रिपुण्ड्रमण्डितपञ्चाष्टादिस्थानमनोहरान् प्रालम्बिजटाजूटवलयावलम्बितशकुनिकुलनादशकुनावेदितसंनिहितशांभवप्रसादान् शुद्धाध्ववर्तिनो विज्ञानकलमानिव शुनासीरमुखान् बर्हिर्मुखान् ॥

आख्याय निखिलं वृत्तमाशयं च विरोधिनाम् ।
आदितेयान् स दैतेयैः संधातुं समनीनहत् ॥ २७ ॥

ततो महता बलेन महता संनाहेन महता चावधानेन संधातुमागताः सर्वेऽपि दानवाः, प्रकृतिकुटिला अपि परिणततपोविशेषेण परिक्षीणकल्मषतया दुर्दर्शान् मध्याह्नभास्करानिव, दुरासदान् युगान्तपावकानिव, विस्रम्भणीयान् विश्वसृज इव, पुनः पुनर्दर्शनीयान् पूर्णसुधाकरानिव, संलक्ष्य गीर्वाणान्, संत्यज्य दुर्विशङ्कितानि, प्रतिपिध्यानुयात्रिकान्, परिहृत्य शस्त्रास्त्राणि, निर्मलेन मनसा निरन्तरं परिरेभिरे । संक्रन्दनोऽपि

हैं, वह शिवकथापराथण हैं, वह बराबर शिवोऽहम्की भावनासे भावित रहते हैं, वह शिवाद्वैतवादके ज्ञाता बन गंये हैं, उनकी देह भस्म लिप्त हो रही है, पाँच अथवा आठ स्थानपर उन लोगोंने भस्म त्रिपुण्ड्र लगा रखा है, उनकी लम्बी जटाओंमें निवास करनेवाले पक्षिगणके शब्द सूचितकर रहे हैं कि शीघ्र ही इनके ऊपर शिवकी प्रसन्नता होने वाली है, वह शुद्ध मार्गावलम्बी हैं, वह विज्ञानके फलसदृश लग रहें हैं ॥

वृहस्पतिने देवोंसे सारा समाचार तथा दैत्योंका अभिप्राय बताया, और उन्होंने देवोंको दैत्योंके साथ सन्धि करनेके लिए प्रस्तुत किया ॥ २७ ॥

इसके बाद महती-सेना, पूरी तैयारी एवं बड़ी सावधानीके साथ सन्धि करनेके लिए आये हुए समस्त कुटिल दानवोंने देखा कि परिपक्व तपस्याके प्रभावसे पापोंके क्षीण हो जानेके कारण देवगण मध्याह्नकालिक सूर्यकी तरह दुर्दर्श तथा युगान्तवह्निकी तरह दुर्गम हो रहे हैं । विश्वसनीय ब्रह्माके समान एवं दर्शनीय पूर्णचन्द्रमाके सदृश लगनेवाले देवोंको देखकर दानवोंने दुःशङ्काओंका परित्याग-कर दिया, साथ आनेवाले अनुचरोंको लौटा दिया, शस्त्रास्त्र छोड़ दिये, निर्मल

यथान्यायं समागम्य दानवैः, अभिवन्द्य पुरोधसं भार्गवं, अनुमतो वाचस्पतिना, किरन्निव सुधारसं, किंचिदिदमाचचक्षे---

'साफल्यं तपसामिदं सुमहतां साफल्यमक्ष्णामिदं
साफल्यं पितुराशिषामिदमिदं साफल्यमस्यायुषः ।
श्रीमत्काश्यपतातपादचरणस्थानोचितैर्भ्रातृभि-
र्ज्यायोभिर्यदहं विरोचनमुखैर्वात्सल्यपात्रीकृतः ॥२८॥

अपि च—

आराद्धा ननु यूयमेव गुरवस्त्रैलोक्यराज्यार्पणा-
दाराद्धा गुरुभार्गवप्रभृतयो ब्रह्मर्षयः शक्तितः ।
किं कर्तव्यमितोऽपि केवलमिह श्रान्तोऽस्मि शान्तोऽस्मि च
प्राप्तुं तत्परमामृतं यदि भवत्याज्ञा यतिष्ये सुखम् ॥२९॥'

इति वदन्तम्, भ्रातरमिन्द्रमिदमाहुरसुरेश्वराः 'मैवमाखण्डल मैवम् ।

हृदयसे देवोंको गले लगाया। इन्द्रने भी यथोचित रूपमें दानवोंका स्वागत किया, शुक्र पुरोहितकी वन्दना की, और बृहस्पतिकी अनुमतिसे अमृतकी वर्षा-सी करते हुए इस प्रकारसे कहा—

यह हमारी दीर्घ तपस्याकी सफलता है, यह हमारी आँखोंकी सफलता है, यह हमारी पैतृक आशीषकी सफलता है और यह हमारी आयुकी सफलता है कि हमारे पिता काश्यपके चरणोंमें स्थान पाकर साथ खेलनेवाले हमारे भाई विरोचन प्रभृतिने मुझसे ज्येष्ठ होनेके कारण मुझे अपने वात्सल्यका पात्र बनाया है ॥ २८ ॥

हमने त्रैलोक्यका राज्य अर्पित करके बड़े भाइयों की आराधना की है, बृहस्पति एवं शुक्र आदि ब्रह्मर्षियोंकी भी शक्ति भर आराधना की है, आगे मुझे क्या करना है इस सम्बन्धमें मैं श्रान्त तथा शान्त हूँ, यदि आप अमृत प्राप्त करनेकी आज्ञा देंगे तो उसको लिये मैं प्रसन्नतापूर्वक प्रयास करूँगा ॥ २९ ॥

इस प्रकार कहते हुए अपने भाई इन्द्रको दैत्योंने कहा—नहीं नहीं, इन्द्र, आप ऐसा नहीं कहें,

त्वमसि शतक्रतुस्त्वमसि नीतिपथे कुशल-
स्त्वमसि दयास्पदं भगवतः प्रमथाधिपतेः ।
अपि खलु बालकेन भवता भवता मघवन्
निखिलमनाकुलं कुलमिदं प्रतितिष्ठते नः ॥ ३० ॥

व्याप्टते त्वयि तपसि राज्यमिदं व्याकुलीभवेदिति संरक्ष्यतेऽस्माभि-रनियुक्तैरपि साह्यमेवानुचिन्त्य भवतः ।

एकेन विधृतं राज्यमियन्तो वयमीदृशाः ।
निर्वहन्तोऽद्य जानीमो नैपुण्यं वत्स तावकम् ॥ ३१ ॥
अमृतं यदि भोक्तव्यमनुमन्यामहेतराम् ।
संविभज्यैव तद्भोज्यं न निर्भज्येति नो मतिः ॥३२॥

तदाख्यातु भवानर्णवमथनोपायमादिष्टं नारायणेन' इत्यनुयुञ्जानेषु दानवेषु, यथाश्रुतमाख्याय पुरन्दरस्तमेव मन्दरमुत्पाट्य सागरे निपा-

---

आप शतक्रतु हैं, आप नीतिनिपुण हैं, आपके ऊपर प्रमथनाथ शिवकी दया है, आप बालक भले हों, परन्तु आपने समस्त काश्यप-वंशको प्रतिष्ठित बनाया है ॥ ३० ॥

आपके तपोनिरत रहने से यह राज्य अस्त-व्यस्त न हो जाय इस विचारसे हम लोगोंने बिना आपके कहे ही राज्य संभालकर आपकी सहायता ही की है ।

आप अकेले राज्य चला चुके हैं, इतने पराक्रमी होकर हम सभी मिलकर इस समय राज्य चलाते हैं, इसलिये हम आपकी राज्यसञ्चालनचातुरीसे परिचित हैं ।

यदि अमृत पीनेकी इच्छा है तो हम सहमत हैं, केवल इतनी ही हमारी कामना है कि हम मिलकर ही अमृतपान करें, विलग होकर नहीं ॥ ३२ ॥

अतः आप बताइये कि भगवान्‌ने समुद्र-मन्थनका क्या उपाय आपसे बताया है । दानवोंके द्वारा इस प्रकारसे पूछे जानेपर इन्द्रने यथाश्रुत समुद्र-मन्थनोपाय उन्हें बता दिया, और उसी मन्दराचलको उखाड़कर समुद्रमें डालने के लिये बलिको उत्साहित किया ।

तयितुमुत्साहयामास बलिम्। ततः 'कियदेतदुत्पाटनं, नाम गिरेः, विधमामो मुखमारुतेन, विक्षिपामोऽङ्गुलिस्फोटेन, समुद्धरामो वामहस्तेन, संक्रमयामः सायकेनैकेन' इति बलोत्सेकादुच्चावचं गर्जत्सु दानवेषु, बलिरिदमवादीत्—'हन्त कथमर्भका इव यूयमकृतप्रज्ञा इव निरङ्कुशं प्रतिजानीध्वे।

विंशत्यापि भुजैः पुरा गिरिवरं विक्षोभयञ् शूलिनः
पादाङ्गुष्ठनखाग्रयन्त्रणदलद्दोःसंधिबन्धश्चिरम्।
क्रोशंक्रोशमवाप वार्षिकनिशामण्डूकवद्यः श्रमं
युष्माभिः श्रुतिगोचरं न गमितः शङ्के स लङ्केश्वरः ॥३३॥

अपि द्रष्टुमशक्यो यः सिद्धैरपि महर्षिभिः।
विना शंभोः प्रसादेन कथमुत्पाटयेम तम् ॥ ३४ ॥

इन्द्रकी बातें सुनकर दानवोंने कहना प्रारम्भ किया—पहाड़का उखाड़ना कौनसी बड़ी बात है? इसे तो हम मुँहकी फूँकसे उड़ा दे सकते हैं, चुटकी बजाकर फेंक दे सकते हैं, वामहस्त से उठा ले सकते हैं, एक बाणसे चलितकर दे सकते हैं। इस प्रकार दैत्यगण जब बलगर्वसे गरज रहे थे तब बलिने कहा—हाय आपलोग बालकों की तरह क्या बे सिर-पैरकी प्रतिज्ञायें करते चले जा रहे हैं?

बीस बाहुओंके रहते हुए रावणने पूर्वकालमें गिरिवर मन्दरको चलायमान किया था, उस समय पादाङ्गुष्ठके नखाग्रभागसे यन्त्रित होनेपर उसके बीसों हाथोंकी सन्धियाँ टूटने सी लगी थीं, और वह रावण बरसाती मेढ़ककी तरह चिल्लाकर किसी तरह एक कोश तक ले जाने में ही थक गया था, क्या आपने कभी उस लङ्केश्वर रावणके बारे में कुछ नहीं सुना है॥ ३३॥

विना महादेवकी कृपाके सिद्ध-महर्षि लोग भी जिस मन्दर पर्वत को देख भी नहीं सकते हैं, विना महादेवकी कृपाके हम उसी मन्दर पर्वतको किस प्रकार उखाड़ सकेंगे॥ ३४॥

तदद्य वयं सर्वे प्रपद्य भगवन्तमुमाकान्तं प्रसाद्य वाङ्मनःकायैः प्रार्थयेमहि प्रार्थनीयम्' इति । ततः साधु साध्वित्यभिनन्द्यमाना भार्गवाङ्गिरसाभ्यामन्योन्यकृतसंविदो देवासुराः, प्रतिपद्य मन्दरं शैलम्, प्रणिधाय मनांसि, वर्तमानाः कठोरे तपसि, वाग्भिरस्तुवन्नित्थमम्बिकारमणम्—

'युगविगमोन्मिषद्विपमलोचनकोणपत-
द्भुतवहविस्फुलिङ्गहुतसर्वजगद्ध्विषे ।
अचलधनुर्धराय हरिणाङ्कशिखामणये
विजयजयैकहेतुविशिखाय नमो भवते ॥ ३५ ॥

शिवं ध्यायस्यन्तः सकलजगतां यच्छसि शिवं
शिवोऽसि त्वं नाम्ना ननु शिवतरश्चासि विदितः ।
शिवार्थी जन्तुस्तच्छिवमखिलभावेन भगवन्
भवन्तं हित्वान्यं शरणयतु कं नान्यशरणः ॥३६॥

अतः आज हम सभी चलकर भगवान् पार्वतीपतिको मन-वचन-कायसे प्रसन्न करें तथा अभिलषित वस्तुकी प्रार्थना करें ।

शुक्र तथा बृहस्पतिने साधु साधु कहकर उनका अनुमोदन किया, तब देव तथा असुर मन्दराचलके पास आये, मनको एकाग्र किया, कठोर तप किया, एवं वाणीसे शिवकी इस प्रकार स्तुति की--

प्रलयकालमें विकसित तृतीय नेत्रके कोणसे निकलने वाले अग्नि स्फुलिङ्गमें आपने विश्वका होमकर दिया है, आप अचल धनुर्धर तथा चन्द्रभूषण हैं, आपके बाण विजयके साधन हैं, हे शिव, हम आपको नमस्कार करते हैं ॥ ३५ ॥

आप अपने अन्तःकरणमें शिवका ध्यान करते हैं, आप समस्त जगत्को शिव देते हैं, आपका नाम ही शिव है, आप शिवतरके रूपमें विदित हैं । हे भगवन्, अपनी भलाई चाहने वाला प्राणी आपके अतिरिक्त किसकी शरण जाय ? दूसरा कोई उसे शरण देने वाला नहीं है ॥ ३६ ॥

तदिदानीम्—

मन्दिरं क्षालयन्तस्ते मन्दरं दुग्धसागरे ।
अमृतं लब्धुमिच्छामस्तद्भवाननुमन्यताम् ॥ ३७ ॥' इति ।

ततस्तथा कुरुतेति घनस्तनितगम्भीरया गिरा गगनसंभवया संतोषिताः सन्तोऽसुराः सुराश्च समनह्यन् ॥

विनिघ्नन्तः पादैरथ विचलयन्तः करतलै-
रुदस्यन्तो दण्डैरुपरि च किरन्तस्तमिषुभिः ।
निषेदुः श्रान्तास्ते यदपि च विषेदुर्दनुभुवो
निमित्तं दुष्टं तन्निखिलमुशना तेषु जगृहे ॥ ३८ ॥

अथ प्रतीक्षमाणश्चरलग्नमाचार्यो दिवौकसां 'संवर्तोचितं रूपमालम्ब्य सर्वतो वाहि' इति संदिदेश गन्धवाहम् ॥

अथ दिवसावसान इव पद्मभुवः पवनः
स्वयमकृत क्षणादिव विदिक्षु च दिक्षु चरन् ।

अतः इस समय—

हम आपके मन्दिरस्वरूप इस मन्दराचलको क्षीरसागरमें धोकर उससे अमृत प्राप्त करना चाहते हैं, कृपया आप हमें वैसा करनेकी अनुमति प्रदान करें ॥ ३७ ॥

इसके बाद मेघगर्जनके समान गम्भीर वाणीमें आकाशवाणी हुई कि आप वैसा ही करें, इसपर सन्तुष्ट होकर देवों तथा दानवोंने वैसा करनेकी तैयारी प्रारम्भ की ।

मन्दर पर चरणोंसे आघात करके, उसे हाथोंसे चलाकर, दण्डोंसे उठाकर एवं बाणोंसे आहत करके दैत्यगण श्रान्त होकर बैठ गये, वे खिन्न हो उठे, शुक्रने दानवोंकी इस असफलताको अशकुन समझा ॥ ३८ ॥

देवगुरुने अन्तिमलग्न-प्रतीक्षा करते हुए वासुदेवसे कहा कि आप प्रलयकालिक रूप धारण करके चारो ओर प्रवाहित हों ।

इसके बाद ब्रह्माके दिवसावसान अर्थात् प्रलयकालमें जैसे पवन दिशाओं

अलघुविघूर्णितार्णवसमुक्षितकुक्षितल-
क्षितिवलयार्द्रताशिथिलमूलमहार्यकुलम् ॥ ३९ ॥
स्तोकस्तोकप्रचलदनिलग्रासदुर्भिक्षखेदैः
कालं कालं कथमपि चिरं यापयांचक्रिरे ये ।
आकण्ठं ते पपुरिममविच्छिन्नधारं समीरं
प्राप्ताः शंभोरुपकरणतां पन्नगास्तन्नगाग्रे ॥ ४०॥

अथ तमदृष्टचरं वेगमनलसारथेरभिनन्दत इव मन्दरस्य गिरेर-लक्ष्यत मनागिव शिरःकम्पः ॥

चकम्पे हन्तायं गिरिरनुचकम्पे पुरहरो
जहीतेदं क्लैब्यं जहित च वृथावस्थितमिदम् ।
इति स्वेन स्वेन व्यवसितधियः काश्यपसुताः
समेता गर्जन्तः सपदि चलयामासुरचलम् ॥ ४१ ॥

तथा विदिशाओंमें .सञ्चार करता है उसी तरह पवनका सञ्चार हुआ, और जोरोंसे हिलनेवाले सागरके जलने पृथ्वीको सींचकर गोलीकर दी, जिससे शिथिल मूल हो गया वह मन्दर पर्वत ॥ ३९ ॥

इससे पहले हवा मन्द-मन्द चलती थी, अतएव महादेवके भूषण सर्पगण आहार की दुर्लभताके कारण दुर्भिक्ष समयको बड़ी कठिनाईसे बिता रहे थे, अब जब हवा तेजीसे बहने लगी, तब उन सर्पोंको प्रचुर मात्रामें वायु मिली जिन्हें उन लोगोंने आकण्ठ पान किया, इस प्रकार उस पर्वतपर उस समय महादेवके सर्पोंके लिये सुदिन हो गया ॥ ४० ॥

वायुदेवके उस अदृष्टपूर्व वेगको देखकर उसकी प्रशंसामें मानो मन्दराचलने अपना सिर हिला दिया ।

अहा, मन्दर पर्वत हिल रहा है, मालूम पड़ता है महादेवने कृपाकर दी है, कायरपनको छोड़ो और इस व्यर्थ अवस्थानका भी परित्याग करो । इस प्रकारसे स्वयं चेष्टाशाली काश्यपके पुत्र दैत्यगणने मिलकर गर्जना करते हुए मन्दराचलको चलित कर दिया ॥ ४१ ॥

तदानीं च—

निष्पतद्द्रुममुत्पतत्खगमद्भुतस्खलदश्मभू-
झर्झरस्रुतनिर्झराम्बुझलज्झलारवभैरवम् ।
गर्भगह्वरनिर्भरभ्रमदुद्भटानिलपूरित-
क्रन्ददन्तरकन्दरं किल मन्दरं ददृशुर्जनाः ॥ ४२ ॥

गर्जन्तश्च ते तदनु पर्जन्या इव गणयन्तश्च करगतमिव कार्यमशेषं, पूर्वतो दिक्पतीन्, दक्षिणतो देवानपरान्, पश्चिमतो वाणं सहस्रबाहुं उत्तरतो महासुरानितरानपि विभज्य विनियुञ्जानाः, खाते परितः परिखावलय इव मूलगर्ते कराञ्चलानि निदधानाः, परित्यजन्तः प्रहरणानि, परिहरन्तोऽङ्गुलीयकानि, आबध्नन्तः कटितटेपूत्तरासङ्गं, आरोपयन्तः कङ्कणान्यङ्गदस्थानं, उपवीतयन्तो निवीतलम्बीनि हारमण्डलानि, उद्बोधयन्तः परस्परमसकृदपि 'समं निधत्त कराञ्चलानि, सममुत्तम्भयत, समं विस्रंसयत, समुच्छ्वसित, समं निःश्वसित, समं कुरुत बलानि, परथा विशीर्येयुः शिखराणि, विनमेदयमेव मन्दरः, क्वापि चलेदपि ततो

वृक्ष गिरने लगे, पक्षिगण उड़ने लगे, पत्थरकी जमीनके खिसकनेसे निर्झरके जल शब्द करने लगे जो शब्द भय उत्पन्न करता था, पर्वतकी गुफामें घूमती हुई वायुसे पूरित कन्दरायें आर्त्तनाद करने लगीं, इस प्रकार लोगोंने देखाकि मन्दर चल रहा है ॥ ४२ ॥

तदनन्तर दानव मेघकी तरह गरजने लगे, उन्होंने समस्त कार्यको करगत समझ लिया, पूर्व दिशामें दिक्पालोंको, पश्चिममें सहस्रबाहुबाणको, दक्षिणमें अन्यान्य देवों एवं उत्तरदिशामें अन्य महासुरोंको नियुक्त करके कार्यारम्भ किया गया। मन्दरकी चारों ओर परिखावलयकी तरह प्रतीत होनेवाली खाईमें हाथ डालकर, प्रहरण अस्त्रोंका परित्याग करके, अङ्गूठियोंको छोड़कर सभीने अपनी-अपनी चादरें कमरमें लपेट लीं। गलेमें लटकते हुए हारोंको यज्ञोपवीतकी तरह पहन लिया, कङ्कणोंको केयूरके स्थानपर पहुँचा दिया, बार-बार एक दूसरेको समझाया करते थे कि एक साथ हाथ लगाओ, एक साथ उठाओ, एक साथ गिराओ, एक साथ सांसलो, एक साथ जोर करो। यदि ऐसा नहीं करोगे तो

भद्रपीठं चन्द्रापीडस्य, समुद्विजेत दुहिता शैलराजस्य, क्षुभ्येयुः प्रमथाः, कुप्येदपि शैलादिः, चतुरन्तयानगत इव भगवानम्बिकारमणश्चतुरतरमस्माभिर्वाहनीयः' इति वादयत्सु वादित्राणि गन्धर्वेषु, गायन्तीषु गाथाः किन्नरीषु, नृत्यन्तीषु निर्जरवारकान्तासु, श्लाघमानेषु चारणेषु, प्रयुञ्जानेष्वाशिषः परमर्षिषु, वर्षत्सु दिव्यवलाहकेषु पुष्पवर्षाणि, हर हरेति तारध्वनिभिरापूरयन्तो विध्यण्डमण्डलमुन्नमयामासुरुर्वीधरं मन्दरम् ॥

आपातालनिमग्नमूर्तिनि बलान्मूले समुन्मूलिते
शैलस्यास्य भुजङ्गराजनगरप्रासादशृङ्गायिते ।
खेलन्त्यः शतशः फणीन्द्रसुदृशः स्वच्छन्दमत्तास्पदे
हृष्यद्भिः प्रतिलेभिरे दिविचरैरक्लेशमप्रार्थितम् ॥ ४३ ॥

अपि च—

अभ्यर्णस्थलभाजि तत्र शिखरिण्यामूलमुन्मूलिते
तत्क्षोभक्षुभिते च काञ्चनगिरौ किंचित्समाकुञ्चिते ।

हो सकता है इस मन्दराचलके शिखर टूट जाँय, मन्दराचल झुक जाय, कदाचित् भगवान् शङ्करका भद्रपीठ चलायमान हो उठे, पर्वतराजपुत्री उद्विग्न हो जाँय, प्रमथगण क्षुभित हो उठें, या पर्वतराजही कुपित हो उठें, अतः होशियारीसे महादेव समेत इस मन्दरको उठालें, जिससे महादेवको ऐसा लगे कि हम पालकी पर बैठे हैं। तदनन्तर गन्धर्वगण बाजे बजाने लगे, किन्नरियाँ गान करने लगीं, देवगणिकायें नृत्य करने लगीं, चारणगण स्तुतिमुखर हो उठे, ऋषिगण आशीर्वाद देने लगे, दिव्यमेघ पुष्पवृष्टि करने लगे, तब 'हर-हर' इस शब्दसे ब्रह्माण्ड-मण्डलको पूर्ण करते हुए देवों एवं दानवोंने मिल-जुलकर मन्दरको ऊपर उठा लिया।

पातालपर्यन्त फैला हुआ मन्दर पर्वतका मूल नागलोकके प्रासादोंके शिखर-सा लग रहा था, उस मूलके आमूल उखाड़ लिये जाने पर नागलोकमें स्वच्छन्द भावसे खेलनेवाली नागबालायें बिना किसी क्लेश एवं प्रार्थनाके ही प्रसन्नहृदय स्वर्गवासियों को प्राप्त हो गईं ॥ ४३ ॥

जब समापवर्त्तों उस मन्दराचलके आमूल उखाड़ लिये जाने पर उस पर्वतके

विभ्रश्यद्गृहभित्ति विश्लथपुरद्वारं विशीर्णत्रुट-
त्सौधोत्सेधविटङ्कसंघमजनि स्थानं सुराणां तदा ॥४४॥

समुद्धृत्य तमारसातलप्रतिष्ठमपि सद्यः समारोपितं कलमिव लीलया प्रस्थिताः दुग्धार्णवं प्रति देवासुराः। अशिथिलशिखरं अप्रकम्पनितम्बं अखण्डितगण्डोपलं अनुज्झितनिर्झरप्रवाहं अस्फुटितपर्यन्तदर्यन्तरं अभञ्जिततरुपुञ्जं अनुत्खातलतावितानं अस्पन्दमृगवृन्दं अनुद्भ्रान्तशकुन्तं अव्यापन्नपन्नगं अनवसन्नकिन्नरीगानं अस्तब्धसिद्धचारणकोलाहलं अविश्रान्तगान्धर्ववादित्रं अनुपरुद्धतपोधनध्यानं आनन्दयन्तो भगवन्तमुमाकान्तमवहन्त मन्दरम्। स च नीयमानः सर्वैरपि सुरासुरैरखिलभुवनाधारस्य पशुपतेरप्याधारतावलेपादिव पादैराचक्राम शिरांसि पर्वतानाम्। परितः स्फुरदच्छनिर्झरापदेशेन प्रत्यक्षमिव विचकार दिङ्-

---

सञ्चालनसे काञ्चनगिरि-सुमेरु भी थोड़ा चलित हो उठा, तब देवपुरीमें गृहभित्तियाँ कुछ खिसक गईं, पुरद्वारमें थोड़ा ढीलापन आ गया, और प्रासादशिखर पर वर्त्तमान कपोतपालिकायें जहाँ-तहाँ टूट-फूट गईं ॥ ४४ ॥

धानके फलकी तरह मन्दराचलको अनायास उठाकर देव तथा दानव क्षीरसागरकी ओर चले, पातालपर्यन्तव्यापी मूलवाले उस मन्दराचलको वे लोग इस तरहसे उठाये लिये जा रहे थे जिससे उसके शिखरोंमें शिथिलता नहीं आई थी, उसके नितम्बमें कम्पन नहीं हुआ था, उसका गण्डोपल अखण्डित था, निर्झर प्रवाहमें कुछ कमी नहीं हुई थी, समीपकी दरियाँ नहीं फूट सकी थीं, वृक्ष नहीं टूटे-फूटे थे, लतायें यथावस्थित थीं, मृगवृन्द ज्योंके त्यों बैठे थे, पक्षिगण शान्त थे, सर्प नहीं कुचले गये थे, किन्नरियोंके गीत बन्द नहीं हुए थे, सिद्ध-चारणोंका कोलाहल नहीं रुका था, गन्धर्वोंका वाद्यवादन नहीं रुका था, तपस्वियोंका ध्यान नहीं टूट पाया था। इस प्रकार महादेवको प्रसन्न करते हुए वे मन्दराचलको उठाये लिये जा रहे थे। देव तथा दानव जब मन्दराचलको लिये जा रहे थे तब वह मन्दराचल अन्यान्य पर्वतोंके शिखरों पर अपना पादन्यास करता जा रहा था मानों उसका यह गर्व उदित हो उठा हो कि वह अखिल भुवनाधार होनेवाले पशुपतिका भी आधार है। चारो ओर मन्दराचलके निर्झरके निर्मल जलका प्रकाश उसके यशकी तरह फैल रहा था।

मुखेषु यशांसि निर्मलानि । आकाश एव नीयमाने तस्मिन्, अधस्तनीषु दिव्यभूमिषु तासु तासु तपस्यन्तस्तपोधनाः कतिचिदतिचकिताः प्रायुञ्जत परमाशिषः, परिपेठुः स्वस्त्ययनानि, अजपन्नभयंकरम्, आवर्तयन्नमृतमृत्युंजयम्, अनुदध्युरापदुद्धरणमम्बिकारमणम्, आशशंसिरे च बलातिबलाभ्यामश्रमम् दिविचराणाम्। महाप्रकाशमणिगणाकीर्णस्य तस्य चलतः पथिवशादागत्य पार्श्वतलमध्वप्रतिरोधादत्रैव निलीयमानः पतिरपि त्विषां प्रदीप इव दिवा प्रवर्तितो भग्नतेजा ददृशे। अपि च पुनरक्लेशमानीयमाना पत्या सह कात्यायनी रुचिरान् प्रदेशान् पश्यन्ती विविधानि वस्तूनि परिपृच्छन्ती प्रणयिनमभीक्ष्णं प्रसन्नेन चेतसा स्थापयिष्यतोऽपि गिरिमनुजगृहे देवासुराननुजगृहे ॥

उड्डीय स्वयमुत्पतन् गिरिरसौ वाचैव नेतुं क्षमो
भग्नस्कन्धशिरोधरैर्दिविचरैरित्थं यदद्योह्यते ।

मन्दराचल जब आकाशमें जा रहा था तब नीचेकी दिव्य भूमियोंमें तपस्या करनेवाले तपस्वी लोग आश्चर्यचकित होकर आशीर्वाद प्रदान करने लगे, स्वस्त्ययन पढ़ने लगे, अभयङ्कर मन्त्र जपने लगे, मृत्युञ्जय मन्त्रकी आवृत्ति करने लगे, आपत्तियोंसे उद्धार करने वाले शिवका ध्यान करने लगे और बला तथा अतिबला नामक विद्याके प्रभावसे देवोंकी अश्रान्तिकी कामना करने लगे।

अति प्रकाशशाली मणिगणसे आकीर्ण वह मन्दराचल जब आकाशमें चल रहा था तब मार्गवश सूर्यसे वह जा मिला, उससे सूर्यका रास्ता रुक गया, उसके पास सूर्य ऐसा अप्रकाश लगता था. मानों वह दिनमें जलाया दीप हो। पतिके साथ विना किसी क्लेशके जाती हुई पार्वती रम्य प्रदेशोंको देखती और अपने प्रियतमसे नाना वस्तुओंके सम्बन्धमें पूछती हुई जा रही थी। देव तथा दानव उस मन्दराचलको ले जाकर समुद्रमें रखना चाहते थे अतः पार्वतीकी उनपर कृपा थी।

जब कहने भरसे ही यह पर्वत स्वयं उड़कर जा सकता है तब सिर तथा गर्दनको बोझसे झुकाकर देवगण उसे क्यों ढो रहे हैं, पर्वतके पंखोंको काटनेवाले

एतत्पर्वतपक्षतिक्षतिकृतो मूर्खस्य दौष्कर्म्यमि-
त्यायस्ताः पथि पर्यभाषिषत ते सर्वे सुपर्वेश्वरम् ॥ ४५ ॥

अपि च---

भग्नो यस्य दशाननः प्रचलने किंचित्प्रवृत्तः पुरा
शक्यं तस्य गिरेः कथं नयनमित्यस्ताविषुः साधवः ।
अन्ये चक्षमिरे न तद्भवति का श्लाघात्र शाखामृगै-
रानीताश्च निपातिता हि जलधौ शैलाः समूला इति ॥४६॥

इत्थमतिभारभङ्गुराः सुरासुरा यावदासेदुरन्तिकं दुग्धनिधेस्तावदुद्वेगः श्वेतद्वीपसदामुदजृम्भत । 'पश्यत पश्यत पर्यन्ते नीयमानम् महागिरिं, पातयिष्यते नूनमत्रायमर्णवे, परिप्लावयिष्यते च स निःशेषमिदमन्तरीपम्, तदद्यैव सज्जीभवत समुत्तिष्ठत सर्वतोऽपि वेलामुच्छ्रयध्वं' इति, 'हन्त केनेदमुत्प्रेक्षितं बकबन्धकौशलम् , किंचिदपि चेदुच्छ्वसिति सागरः किं करणीयमुच्छ्रितयापि वेलया, तदारोक्ष्यामो वयमद्यैव वैकुण्ठमर्क-

---

इन्द्रकी यह मूर्खतापूर्ण कृति है, रास्तेमें श्रान्त देवगण इन्द्रके सम्बन्धमें इस प्रकार बातें कर रहे थे ॥ ४५ ॥

जब देव-दानवगण मन्दराचलको लिये जा रहे थे, तब साधुजन यह कहकर उनकी स्तुति करते थे कि जिस पर्वतके उठानेमें रावण भी भग्नमनोरथ हो गया था, उस पर्वतको उठाकर ले जाना कैसे सम्भव है । कुछ ऐसे भी थे जो इस स्तुतिको नहीं सह सकते थे, उनका कहना था कि इसमें प्रशंसाकी क्या बात है, वानरगणने भी तो कितने समूल पर्वत लाकर इस सागरमें रखे थे ॥ ४६ ॥

इस प्रकार अत्यन्त भारसे पीड़ित देव तथा दानव जब क्षीरसागरके पास पहुँचे, तब श्वेत-द्वीपवासियोंमें घबड़ाहट पैदा हुई । देखो—यह पर्वत ढोकर लाया जा रहा है, अवश्य ही यह इसी समुद्रमें गिराया जायगा, इस पर्वतके समुद्रमें गिरते ही हम लोगोंका यह अन्तरीप जलप्लावित हो उठेगा, अतः अभीसे तैयार हो जाओ, सबसे ऊँचे तटपर चढ़ जाओ । कुछ लोग कहते थे कि—यह सारा प्रयास निष्फल है, अगर समुद्र थोड़ा भी बढ़ा तो ऊँचा तट क्या करेगा ? अतः

मण्डलम् वा धाम त्रिधाम्नः' इति, 'अनुचितमेतदालोचितम्, अयुक्तं हि सेवकानामपहाय भगवन्तमन्यत्र गन्तुं' इति, 'किमुच्यते भगवन्तमपहायेति, किं न विचारितं भवता, भगवानेव मन्दरपातदर्शनकुतूहलव्याजेन प्रस्थातुकामो वर्तत इति, कति वारानेष पपात मन्दरः, कति वारान्नोदजृम्भत सागरः, कस्यापि ब्रह्मणः कल्पे न जानीमो वयम् विप्रवासं, अहो खल्वमीभिराधुनिकैर्बाध्यामहे भागवतैः' इति, 'भवतु भवतु कथयन्तोऽपि दृढमितोऽपि कवलिताः सरिद्भिः सागरैश्च महत्स्वायतनेषु महीगतेषु शार्ङ्गपाणेः कति न भवद्विधाः परमभागवताः, तदास्तामिहैव भवद्भिः, आधुनिकास्तु वयमज्ञातपारावारा गोपायन्तः क्वचिदात्मानं गोविन्दमेव निरन्तरमनुसंदधीमहि' इति च विप्रवदतां विविधान्वादान्, पश्यतामसकृदुन्मील्योन्मील्य, परिपृच्छतामागच्छतो वैमानिकान्, परिभ्रमतामभितोऽपि कोलाहलेन महता, पारिषदानामग्रणीः कुपितो विष्वक्सेनो बहिर्निर्गत्य परितोऽपि चक्षुः प्रसारयन्नवलोकयन्नानी-

---

हम अभी वैकुण्ठमें अथवा अर्कमण्डलपर चले चलें। दूसरे कहते थे कि—आपका ऐसा सोचना ठीक नहीं है, सेवकगणके लिए भगवान्को छोड़कर अन्यत्र जाना उचित नहीं। अन्य जन कहते थे कि—भगवान्को छोड़नेकी क्या बात है, क्या आपने विचार नहीं किया है? भगवान् स्वयम् मन्दर-निपात-दर्शनके कुतूहलसे जाना चाह रहे हैं। कितनी बार तो यह मन्दर सागरमें गिरा है और कितनी बार यह सागर बढ़ा है। किसी ब्रह्माके कल्पमें हमने भागनेकी बात नहीं देखी है। आजके भागवत हमें भागनेको बाधित कर रहे हैं, आश्चर्य है !!

दूसरे कह रहे थे कि रहने दीजिये इन बातोंको, आपके समान कितने परमभागवत नदियों तथा समुद्रोंमें पृथ्वीपर समा चुके हैं, आप यहीं रहिये, हम नवीन भागवत हैं, हमसे सागर नहीं देखा है, हम कहीं छिपेंगे और वहीं भगवान्का ध्यान करेंगे। इस प्रकारसे विवाद करनेवालोंके परस्पर विरुद्ध कथनोंसे, एवं सिर उठाकर देखनेवाले आते हुए वैमानिकोंसे पूछनेवाले, और इधर-उधर चक्कर काटनेवाले लोगोंके कोलाहलसे कुपित भगवान्के पारिषदोंके मुख्य विष्वक्सेन बाहर निकले, उन्होंने चारों ओर आँखें फैलायीं, देखा कि समीपमें ही

यमानमभ्यर्ण एव मन्दरम्, अवधारयन्ननुपदमेव तस्य सिन्धौ निपातनम् विज्ञापयामास विनयेन विदितवेदितव्यमपि स्वधर्म इति विश्वंभरम्॥

व्यत्यस्तकौस्तुभमवप्लुतवैजयन्ति
विस्रंसमानकनकाम्बरलोभनीयम् ।
सद्यः फणीन्द्रशयनादुदतिष्ठदीशः
कैलासशैलशिखरादिव कालमेघः ॥ ४७ ॥

द्रिव्यैः पञ्चभिरायुधैः सविनयैरावद्धसेवाक्रम-
स्तत्कालोपनतैस्तपोधनगणैर्धन्यैर्वृतः कैरपि ।
अभ्यर्णे वसतस्तदा खगपतेरालम्ब्य हस्तं शनै-
र्विष्वक्सेननिवेद्यमानसरणिर्विश्वंभरो निर्ययौ ॥ ४८ ॥

अथ तमतर्कितोपनिष्क्रान्तमरविन्दनाभमवसरज्ञो विधिरर्धपथे समेत्य सह महर्षिभिर्विविक्तसेवावसरलाभविस्मयानन्दमन्थरः पश्यन्तम-चलनिपातकौतुकम् परिवार्य केवलमवतस्थे ॥

मन्दराचल लाया जा रहा है और शीघ्र ही वह समुद्रमें गिरनेवाला है, तब विष्वक्सेनने स्वधर्म समझकर भगवान्‌को नम्र शब्दोंमें इसकी सूचना दी ।

सूचना मिलते ही भगवान् सर्पशयन छोड़कर उठ खड़े हुए, वह उस समय कैलास-शिखरसे उठनेवाले काले मेघके समान प्रतीत हो रहे थे । उनके उठने से कौस्तुभ मणि व्यस्त हो रहा था और वह गिरते हुए स्वर्णाभवस्त्रसे बहु सुन्दर प्रतीत हो रहे थे ॥ ४७ ॥

भगवान् उस समय नम्रतायुक्त शरीरधारी अपने पाँच आयुधोंसे सेवित एवं तत्काल आये हुए कुछ महाभाग्यशाली तपस्वियोंसे परिवृत थे । वह समीपवर्ती गरुड़का हाथ पकड़े हुए थे, और विष्वक्सेन उन्हें मार्ग दिखला रहे थे । इस प्रकार भगवान् बाहर आये ॥ ४८ ॥

अकस्मात् भगवान्‌को बाहर आते देखकर अवसरज्ञ ब्रह्मा बीच मार्ग में ही उनके पास पहुँचे और महर्षियोंके साथ एकान्तमें सेवाका अवसर पाकर पर्वतके गिरनेको कौतुकमय दृष्टिसे देखनेवाले भगवान्‌को घेरकर खड़े हो गये ।

नवकुवलयदामश्यामलस्निग्धमुग्धं
नलिननयनमाद्यं तत्त्वमालोकयन्तः ।
परिजहुरमरौघाश्चेतसा कार्यभारम्
परिजहुरुभये ते पाणिभिः शैलभारम् ॥ ४९ ॥

ततश्च ।

सुरासुरकरोदरस्खलितशैलमूलस्थल-
स्थितोपलतलाहतिक्षुभितसिन्धुबन्धूत्थितः ।
भ्रमत्तिमितिमिङ्गिलभ्रमितबालकोलाहलैः
समं निखिलमम्बरं परिववार तारस्वनः ॥ ५० ॥

स्खलदचलसमुद्भवल्लोलकल्लोलकोलाहल-
व्यतिकरबधिरभ्रमत्कूर्मनक्रद्विपक्रन्दितैः ।
स्फुटितकमलजाण्डभाण्डप्रचण्डस्वनोत्प्रेक्षण-
क्षुभितविविधमुक्तहाहारवैश्चाहसीदच्युतः ॥ ५१ ॥

नूतननीलकमलके समान श्यामवर्ण अतिस्निग्ध मुग्धरूप कमलनयन स्वरूप आदितत्त्वको देखनेवाले देवोंने हृदयसे कर्त्तव्य-भारको उतार दिया, और उसी समय देवों तथा दानवोंने भी अपने हाथोंपरसे शैलके भारको उतार दिया ॥४९॥

देवों तथा दानवोंके हाथोंसे छूटे हुए मन्दराचलके मूलभागसे गिरनेवाले पत्थरोंके आघातसे क्षुभित होनेवाले सागरसे उत्पन्न भयङ्कर दीर्घतायुक्त शब्द आकाशमें पहुँचे हुए बाल मत्स्योंके द्वारा किये गये कोलाहलके साथ आकाशमें फैल गये ॥ ५० ॥

गिरते हुए मन्दराचलके आघातसे चञ्चल होनेवाले कल्लोलोंके कोलाहलसे बहरे हो जानेवाले घूमते हुए कूर्म, नक्र तथा हाथियोंका चिल्लाना सुनकर तथा फूटनेवाले ब्रह्माण्डोंकी भयङ्कर आवाजकी सम्भावनासे क्षुब्ध लोगों द्वारा किये गये हा-हा शब्दसे भगवान्को हँसी आ गई ॥ ५१ ॥

निर्मग्नमन्दरमणिद्युतिसंप्रदिग्धा
निष्पेतुरम्बरतले पयसः कणा ये ।
लग्नाश्चिराय लिकुचामलकाम्रमात्रा-
स्तारास्त एव परिणेमुरिति प्रतीमः ॥ ५२ ॥

पथि गिरिवरादस्माद्भारावसन्नसुरासुर-
प्रतिपदकृतस्कन्धव्यत्याससंभ्रमकम्पितात् ।
मणिभिरभितो यस्यां यस्यां भुवि स्खलितं क्वचि-
त्तस्मजनि खनिः सा सा नाम स्थलेषु जलेषु च ॥५३॥

अपि च विदूरादम्बरतलादापततोऽस्य महता वेगेन प्रकीर्यमाणे पर्यन्तगते निरवशेषं परिपीयमाने च दरीमुखैरेव परिसरगते पयसि, शून्यमिवार्णवं मन्यमाना नभश्चरा निर्मज्जुरुभयेऽपि भये । उन्मथितेषु च तन्मूलघट्टनादर्णवचरेषु जन्तुषु, ततः परिभ्रष्टाः करिण एव जलकरिणः,

---

समुद्रमें डूबते हुए मन्दराचलकी मणिद्युतिसे मिलित जो जलकण आकाशकी ओर उड़े वे जलकण बड़हर आँवले एवं आमोंकी मात्राके थे, वेही जलकण चिरकालके लिए आकाशमें लीन हो गये, पीछे चलकर—मैं समझता हूँ—वही तारोंके रूपमें परिणत हो गये ॥ ५२ ॥

देव-दानवगण जब मन्दराचलको लिये आ रहे थे तब रास्तेमें भारकी अधिकताके कारण उनके कन्धे बैठने लगे, उस समय पग-पगपर उन लोगोंने कन्धा बदलना प्रारम्भ किया था, कन्धा बदलनेके समय मन्दराचल कम्पित हो उठा करता था, उसके कम्पित होनेपर उसके ऊपर अवस्थित रत्नगण पृथ्वीपर जहाँ-जहाँ गिर पड़े थे, जहाँ कहीं जल या स्थलमें रत्न गिरे थे वहाँ खानें बन गई हैं ॥५३॥

मन्दराचल जब सुदूर आकाश देशसे बड़े वेगके साथ गिर रहा था तब उसके वेगसे समुद्रतटका सारा जल बिखर गया था तथा वह जल निःशेषरूपमें कन्दराओं द्वारा पी लिया गया था, उस समय सागर सूना-सा लगता था और देव तथा दानव भयभीत हो उठे थे । मन्दराचलके मूलसे आकाशचारी जन्तुगण

किराता एव जलमानुषाः, निर्झरचराः शफरा एव तिमयश्च तिमिङ्गिलाश्च संपेदिरे। अपि च पुनरवगाहमाने रसातलं गिरावभ्यर्णगतं दुग्धमादायादाय सुखमभिषिञ्चन्तः पारमेश्वरं लिङ्गमभ्यनन्दन्नन्दिमुखा गणाः। ऊर्ध्वमाद्यु-लोकादुत्पतता च दुग्धपूरेण परिप्लाविता सिद्धनदी बभूव दुग्धनदी। संसिक्ताश्च पयसा मधुरेण सर्वतो नन्दनोद्यानवनपादपास्तदादि सुधामधुराणि सुवते फलानि ॥

मज्जन्मन्दरशैलकन्दरपुटव्याघूर्णदर्णोभर-
स्वैरोज्जागरघोषभीषणपयःकल्लोलिनीवल्लभाः ।
खेदस्तम्भितकिंपचानविबुधप्रारब्धभूरिस्तवा
गोविन्दस्य कुतूहलं विदधिरे ते केचिदेकक्षणाः ॥५४॥

मज्जति मज्जति शैले पतति च पततीह कुलमिदं द्युसदाम् ।
शरणं शरणमतस्त्वं शार्ङ्गधरेति प्रचुक्रुशे विबुधैः ॥ ५५ ॥

पिस गये, उसमें भाग्यवश जो बच गये वे हाथी ही दरियाई हाथी हैं, किरात ही जलमानुष हैं, मन्दरके झरनोंमें रहनेवाली मछलियाँ ही तिमि तथा तिमिङ्गिलके रूपमें परिणत हुई हैं। मन्दराचल जब पातालमें पैठ रहा था तब समीपमें मिलने वाले क्षीरसागरके दूधसे शिवलिङ्गका स्नपन करानेका अवसर प्राप्त करके नन्दी आदि शिवगणको बड़ा आनन्द प्राप्त हुआ था। आकाशपर्यन्त ऊपरकी ओर दूधके उड़नेसे आकाशगङ्गा दूधकी नदी बन गयी थी। नन्दनवनके वृक्ष उस दूधसे सिक्त हो जानेके कारण ही अमृतमधुर फल फला करते हैं।

समुद्रके जलमें डूबते हुए मन्दराचलके कन्दरोंमें पानी भर आया, वे कन्दर स्वच्छन्दरूपमें भीषण रव करनेवाले समुद्र बन गये। उन अनेक भीषण समुद्रोंको देखकर श्रान्त देवगण किङ्कर्त्तव्यविमूढ़ हो भगवान्‌की स्तुति करने लगे, उन स्तुतियोंसे कुछ क्षणोंके लिए भगवान्‌को बड़ा कौतूहल हुआ ॥ ५४ ॥

मन्दरके डूबते ही समस्त देवगण डूब जायंगे और उसके गिरते ही सभी गिर पड़ेंगे, अतः हे शार्ङ्गधर, आप ही हमारे रक्षक हैं, इस प्रकार देवगण चिल्लाने लगे ॥ ५५ ॥

ततश्चकितसुरासुरस्तोमसंस्तूयमानो भगवानरविन्दलोचनः प्रसाद-विमलपावनैः परिवहत्करुणासारसान्द्रितैः कटाक्षैरनुगृह्य, कल्पतरुपल्लवोल्लासिना कैवल्यलक्ष्मीनिवासमन्दिरेण करारविन्देन तानाश्वासयामास। तत्क्षणं च भूभारभङ्गुरभुजङ्गपुङ्गवभोगवलयपरिबृंहणादिव कुलिश-कर्कशेन शाणनिकृष्टवज्रफलकस्निग्धेन सर्वतोऽप्यशेषभुवनात्मनाप्ययुतयोजनमात्रविस्तारशालिना चरमाङ्गेन, पाराशर्यसंक्षेपपरिमितैरनुश्रवैरेव चतुर्भिश्चरणैः, संकोचविकासशीलया मायेव कन्धरया, समस्तागमस्तोममस्तकेनेव च मस्तकेन परमाद्भुतेन समुद्भवन्नवनिगर्भाच्चापमुक्त इव सायकः समग्रेण रंहसा समुत्पपात महान् कमठः ॥

प्रत्युद्यत्कमठकठोरपश्चिमाङ्ग-
व्यासङ्गप्रशिथिलमूलसंनिवेशः ।
उत्क्षिप्तः प्रतनुरिवोपलो बलिष्ठै-
रद्रिर्द्रागुदपतदर्णवाद्विदूरे ॥ ५६ ॥

इसके बाद चकित देव-दानवगणसे स्तूयमान भगवान् कमलनयन प्रसन्नतासे निर्मल, पवित्र तथा करुणाप्रवाहपूर्ण कटाक्षसे देखकर कल्पवृक्ष-पल्लवकी तरह उल्लसित एवं कैवल्यलक्ष्मीके आश्रय अपने करारविन्दसे उन्हें धीरज बँधाया। उसी समय पृथ्वीके भारसे भङ्गुर शेषफणमण्डलके विस्तृत हो जानेसे वज्रकठोर, शानपर चढ़े हीरेकी तरह चिकने, सर्वतः अशेषभुवनात्मा होनेपर भी चार अयुत-योजनमात्र विस्तीर्ण पुच्छदेशसे तथा व्यास द्वारा संक्षिप्त वेदके समान चार चरणोंसे, एवं सङ्कोच-विकासशील मायाकी तरह लगनेवाली ग्रीवासे और समस्त आगमके समान लगनेवाले मस्तकसे कमठराज पृथ्वीगर्भसे निकले जो चापमुक्त बाणकी तरह वेगसे निकल रहे थे।

निकलते हुए कमठराजके कठोर पुच्छदेशसे सम्पर्क हो जानेके कारण मन्दराचलका मूल शिथिल पड़ गया और वह बलिष्ठ व्यक्ति द्वारा फेंके गये पत्थरके टुकड़ेकी तरह झटसे समुद्रसे बहुत दूर अलग फेंक दिया गया ॥ ५६ ॥

उद्वान्तसागरपयोभरिक्तगर्भ-
पर्यन्तकन्दरगलत्पवनो गिरीन्द्रः ।
मग्नोत्थितः सलिलतो महता श्रमेण
निःसीमनिःश्वसितखिन्न इवावभासे ॥ ५७ ॥

आलक्ष्य च तदाश्चर्यमानन्दमन्थरेषु वृन्दारकेषु, कृतार्था वयममुनाऽनुग्रहेण किमतः परम् करवामेति विज्ञापयत्सु विनयेन गरुडध्वजम्, समानयत वासुकिमित्यनुशशास समीपगतश्चतुराननः । ततस्तथेति प्रतिगृह्य शासनं तस्य निर्जिहाना बहिर्निर्जराः समानग्रामा यूयमेव समानयत वासुकिं सान्त्वनेनेति प्रार्थयामासुरसुरवरान् ॥

प्रागेव पातालजुषां प्रवृत्तिं जिज्ञासवो दारकुमारकाणाम् ।
ते मन्दरोद्धारबिलाध्वनैव सद्योऽवतेरुर्दनुजाः प्रहृष्टाः ॥ ५८ ॥

प्रविशन्तश्च ते ददृशुरतर्कितोद्धृतमन्दरमूलकन्दरोद्धान्तमूर्च्छितपन्न-

---

ऊपर फेंके गये सागरके जलसे खाली सागरके गर्भमें उत्पन्न वातसे पूर्ण कन्दर वह मन्दराचल बड़े परिश्रमसे पानीसे मग्नोत्थित होनेके कारण दीर्घ निःश्वाससे खिन्न-सा लग रहा था ॥ ५७ ॥

इस आश्चर्यजनक दृश्यको देखकर देवगण आनन्दविभोर हो उठे, उन लोगोंने भगवान्से नम्रतापूर्वक निवेदन किया कि हम आपके इस अनुग्रहसे कृतार्थ हो गये हैं, कहिये अब आगे क्या करें ? इसपर भगवान्के समीपमें वर्त्तमान ब्रह्माने कहा कि वासुकि नागको ले आइये । ब्रह्माकी आज्ञाको शिरोधार्य करके देवगण बाहर निकले और उन लोगोंने असुरोंसे प्रार्थनाकी कि आप लोग वासुकी नागसे अधिक परिचित हैं क्योंकि आप उनके पातालरूप गाँवके रहनेवाले हैं, अतः आप ही जायें और वासुकि नागको समझा-बुझाकर ले आयें ।

असुरोंकी स्त्रियाँ और बच्चे पहले ही पाताल गये हुए थे, उनकी खबर जाननेकी इच्छा असुरोंको थी, अतः वे मन्दरके उखाड़े जानेसे जो बिल मार्ग बन गया था उसी मार्गसे खुशी-खुशी तत्काल पातालको चल पड़े ॥ ५८ ॥

पातालमें प्रवेश करनेपर असुरोंने देखा कि मन्दराचलके एकाएक उखाड़

गाश्वासनपरिभ्रान्तबन्धुजननिरन्तरं, अर्णवनिमज्जदचलराजसंमर्दनिर्दल
दतलवितलादिलोकनिष्पेषघोषभीषिताश्वसदाश्वस्तविहस्तजानपदजनाक्रो
अतितूर्णमुद्गच्छदादिकच्छपनिष्ठुरपृष्ठसंघट्टनस्फुटितशैलशिलाभङ्गसमुच्छ
लदभङ्गुरस्फुलिङ्गपरिष्वङ्गदंदह्यमाननगरग्रामपल्लीनिवेशं, निरन्तरोत्पात-
धारानिरीक्षणसाध्वसेन पतिष्यति नाम भूतलं, चलिष्यति नाम सुमेरुः,
स्फुटिष्यति नाम विध्यण्डकपालं, प्रवेक्ष्यति नाम सागरः, परित्यक्ष्यति
नाम शेषो भुवनभारमित्यसंभावितमूलमनुक्षणमुच्चलन्तीभिः किंवदन्ती-
भिः समाकुलमभितो रसातलम्। समागम्य ते वासुकिं सभाजिता
यथोचितं समावेद्य सागरमथनसंरम्भम्, अनुपदमेव कथान्ते कथयामासुः
शनैरेव भवितव्यं भवता मन्दरवेष्टनदाम्नेति। अनुमोदमानो वचनम-
मीषामाह च स्मेदमुरगपतिः—'अहो चिराय मया श्रुतोऽयमभ्युदयो
भ्रातृजनस्य। यत्किल समागम्य दैतेयैरादितेयाः साधयन्ति मनीषितम्।
तत्र स्वयमनियुक्तैरपि काद्रवेयैर्भ्रातृभिस्तत्साहायकमाचरितव्यमिति न्याय

लिये जानेसे उसकी मूल कन्दरामें रहनेवाले नाग दूर जा गिरे हैं और उन्हें
मूर्च्छा आ गयी है बन्धुजन उन्हें आश्वासित कर रहे हैं, मन्दराचलके समुद्रग
होनेसे अतल-वितलादिलोक विदलित हो गया है, वहाँ भीषण चीत्कार मचा हुआ
है, यात्री लोग डर गये हैं, जिन्हें वहाँके रहनेवाले तसल्ली देनेमें व्यस्त हैं, अति
वेगसे निकलते हुए कमठराजके कठोर पृष्ठ भागसे टकरा जानेके कारण फूटती हुई
पर्वतशिलाके खण्डोंसे आग पैदा हो रही है जिससे नगर, ग्राम, पल्ली आदि जल
रहे हैं। पातालमें उस समय नाना प्रकारकी असम्भव किंवदन्तियाँ फैल रही थी
लोग कहते थे कि निरन्तर होनेवाली उत्पातपरम्पराके भयसे भूतल धँस जायगा
सुमेरु चलने लगेगा, ब्रह्माण्ड कपाल फट पड़ेगा, सागर पातालमें पैठ जायगा
शेष नाग पृथ्वीका भार उतार फेकेंगे। इसी समय दानवगण वासुकिके पास
आये, वासुकिने उनका यथोचित सत्कार किया। दानवोंने वासुकिसे कहा कि
सागरको मथनेकी तैयारी हो रही है, जिसमें आपको शीघ्र ही मन्दरवेष्टनरज्जु
बनना होगा। उनके कथनका समर्थन करते हुए वासुकिने मुस्कराकर कहा—
अहा, बहुत दिनोंके बाद मुझे भाइयोंका यह अभ्युदय सुननेको मिला है कि
दानवोंसे मिलकर देवगण अभीष्ट सिद्ध कर रहे हैं। इसमें तो नहीं पूछे जानेपर

एव चोदयति, अत्र किमावेदनेन भवताम् । परं तु—

मूले बालधिमग्रतः सुरगिरेर्मौलिं च मे बध्नता
कल्पे प्राचि पिनाकिना भगवताकृष्टोऽस्मि यल्लीलया ।
तत्कालश्लथसंधिबन्धपरिवृत्तास्थीनि मर्माणि ता-
न्यद्यापि स्मितजृम्भितक्षवथुषु स्वाच्छन्द्यमुच्छिन्दते ॥५९॥

अपि च—

यस्तल्पेष्वपि कोमलेषु शयितुं शक्नोमि नाश्मस्विव
त्यक्त्वा कुण्डलतां स्वपन्नपि च यो नायन्तुमद्योत्सहे ।
पाषाणद्रुमगुल्मकण्टकदरीकूटप्रपातोद्भटं
सोऽहं वेष्टयितुं क्षमः किमचलं गात्रैर्जराजर्जरैः ॥ ६० ॥

तदद्य किंचिदनुगृह्य मां, नयन्तु भवन्तस्तक्षककार्कोटकशङ्खचूड-गुलिकैरावतपद्ममुखान् महात्मनस्तरुणान् फणाधरान्, अन्ततो नयत जितश्रमं वा शेषं' इत्यभिदधानो वासुकिः पुनरित्थमभिदधे दानवैः—

भी सर्पोंको सहायता करना चाहिए । यह तो न्यायोचित है इसमें कहनेकी क्या आवश्यकता है । परन्तु—

पूर्वकल्पमें महादेवने सुमेरु पर्वतके मूलमें मेरी पूँछ तथा अगले भागमें मेरे सिरको बाँधकर अनायास इतना कसकर खींच दिया था कि तत्काल हमारी देहकी सन्धियाँ शिथिल पड़ गयी थीं, हड्डियाँ छिटक गयी थीं, मर्म चूर हो गये थे, उसीसे आज भी जब मैं हँसता, जँभाई लेता या छींकता हूँ तो मुझे परवशता प्रतीत होती है—कष्ट होता है ॥ ५९ ॥

मुलायम बिछावनपर भी मैं पत्थरपरकी तरह नहीं सो सकता हूँ, कुण्डलरूपता-को छोड़कर मुझमें सोनेके लिए भी सीधा होनेका उत्साह नहीं रह गया है । ऐसी स्थितिमें मैं इन वार्द्धक्यग्रस्त शरीरावयवोंसे पाषाण, वृक्ष, लतागुल्म, काँटे, दरियाँ, एवं झरनोंसे परिपूर्ण पर्वतको किस प्रकारसे वेष्टित करनेमें समर्थ हो सकूँगा ॥ ६० ॥

अतः आज आप मुझपर थोड़ी दया करें, आप तक्षक, कर्कोटक, शङ्खचूड़ आदि जवान सर्पोंको ले जायँ । अन्ततः शेष नागको ही ले जायँ, वे थकते नहीं हैं, इस प्रकार कहते हुए वासुकिको फिरसे दानवोंने इस प्रकार कहा—

'क्षुद्रैः किं करणीयमेभिरुरगैः क्षीणायुषामन्तकै-
र्या शेषं नयतेति वागजनि ते सैवास्तु सत्याधुना ।
भूभारे ह्युपयुक्त एष विदितः सर्वैस्ततोऽन्यः पुन-
स्त्वं शेषो भवसीति निश्चितधियस्त्वामेव याचामहे ॥ ६१ ॥

अपि श्लक्ष्णीकुर्मो मणिवदचलं पाणिकषणै-
रपि त्वां वोढास्मः सुखशयितमादुग्धजलधेः ।
सुखं चाकर्षामस्तदुपरि यथा तुष्यति भवान्
प्रसीदायच्छस्व प्रचल शनकैः प्राप्नुहि यशः ॥ ६२ ॥

किं बहुना । प्रातिवेशिका वयं भवतः परिचितहृदयाश्च चिरसंवासेन। ततस्तत्त्वमेतदवधार्यताम्—

महद्भिर्ग्रथ्नीमः स्रजमजगरैर्मन्दरचरै-
र्मरुद्भिर्वा पाशैर्भ्रमयितुमलं स्तब्धमचलम् ।

जिनकी आयु समाप्त हो गयी रहती हैं उनके लिए यमराजतुल्य इन तक्षक आदि क्षुद्र सर्पोंको लेकर मैं क्या करूँगा, आपने स्वयं कहा है कि शेषको ले जाइये, वही बात सत्य होवे । शेषनाग पृथ्वीके भारवहनमें लगे हुए हैं यह बात सर्वविदित है, अतः आपही शेष रह जाते हैं, इसलिये हम आपसे ही चलनेकी याचना करते हैं ॥ ६१ ॥

आप कहें तो हम हाथोसे घिसकर मन्दरको मणिकी तरह चिकना बनादें, आप सुखसे सो जाइये और हम आपको क्षीरसागर तक ढोकर ले चलें, आप जैसे सन्तुष्ट हों उसी तरह आरामसे मन्थनकालमें आपको खींचें, कृपा कीजिये धीरे-धीरे चलिये अवश्य, यशको हाथसे मत जाने दीजिये ॥ ६२ ॥

अधिक क्या कहें, हम आपके पड़ोसी हैं, हम पड़ोसमें रहनेके कारण आपसे परिचित हैं । इतना निश्चित समझिये—

मन्दराचलपर रहनेवाले बड़े-बड़े अजगरोंसे हम माला बना सकते हैं, अथवा बड़े-बड़े पाशोंसे हम स्थिर मन्दरको चलायमानकर सकते हैं । हम चाहें तो

करायैर्मथ्नीमो जलधिमथवा किं क्षरति नो
यशस्तूद्गातुं ते पुनरपि वदामः पुनरपि ॥ ६३ ॥'

इति प्रार्थितो दानवैरनुत्तरो भुजगपतिः प्रस्थातुकामो वलयमेकमुत्सृजन्यावदुत्तस्थौ, तावदर्णवमथनक्षोभशङ्कितपतनामवनीं धारयितुमवस्थापितः स्वयंभुवा वज्रस्तम्भ इव संददृशे । ततः प्रतिष्ठध्वमित्यनुज्ञाय दानवान्, प्रसारयन् मन्दरोद्धाररन्ध्राभिमुखं मुखं, अनुवृतस्तक्षकादिभिः, अनुमतो भूभारवहननिश्चलेन भगवता शेषेण, शनैः शनैः शिथिलीचकार भोगवलयान् ॥

अथ तेन विलाध्वना विशन्तं पवनं पार्थिवगन्धसारसान्द्रम् ।
प्रथमे पथि विश्रमे फणीन्द्राः पपुराकण्ठमयाचितोपपन्नम् ॥

ततः प्रपात इव परिहृतनिम्नोन्नते तस्मिन् बिलद्वारे, महता यत्नेन मन्दंमन्दमुत्सर्पन्तो दशयोजनं, अधःपतन्तः शतयोजनं, आरुरुक्षन्तः

हाथसे भी समुद्रको मथ दे सकते हैं, (आपके नहीं जानेसे भी हमारा कुछ बिगड़ता नहीं हैं) केवल आपको यशस्वी बनानेके उद्देश्यसे ही हम बार-बार प्रार्थना कर रहे हैं ॥ ६३ ॥

दानवों द्वारा इस प्रकारसे प्रार्थनाके किये जानेपर नागराज वासुकि अनुत्तर हो गये, वह चलनेको उद्यत होकर बलयाकार अवस्थान छोड़कर उठे, उस समय वह ऐसे प्रतीत होते थे मानों समुद्रमथनके समय पृथ्वीके पतनकी सम्भावना देखकर—उसे बचानेके लिए ब्रह्माने वज्रमय स्तम्भ बना दिया हो । इसके बाद वासुकिने असुरोंसे चलनेको कहा, स्वयं उसने मन्दरोद्धारसे बने हुए बिलकी ओर मुख किया, तक्षकादि उसके पीछे हो लिये, भू-भार वहनकरनेमें लगे रहनेके कारण निश्चल शेषने उसे अनुमति दी, फिर वासुकिने धीरे-धीरे अपने बलयाकार अवस्थानका त्याग किया ।

इसके बाद बिलके मार्गसे आनेवाली पार्थिवगन्धसे पूर्ण हवाको मार्गमें प्रथम विश्रामकालमें बिना प्रार्थनाके प्राप्त करके नागोंने उसका आकण्ठ पान किया ॥६४॥

अनन्तर प्रपातकी तरह निम्नोन्नत भावसे रहित उस बिल द्वारमें नागगण बहुत प्रयत्न करके दशयोजन आगे बढ़ते थे फिर सौ योजन नीचे चले आते थे,

पुनः, अवेक्षमाणा निम्नोन्नतानि, फूत्कुर्वन्तो भूयसा यावदश्राम्यन्नागलाशनाः, तावत्करावलम्बनप्रदानापदेशेन परिघतोमरगदाप्रासादिभिः प्रहरणैः प्रकल्पयन्त इव सोपानानि, परिकर्षयन्तः शनैः शनैरिव प्रापयामासुरवनितलं फणाधरानसुरेश्वराः ॥

आपातालात्फणधरपतेरा च मूलात्सुमेरो-
रद्राक्षुस्ते स्तिमितपतितं भोगमायासयोगात् ।
मन्थानाद्रेरवनिवलयादुद्धृतस्यातिवेगा-
दन्तर्लग्नं त्रुटितघटितं मूलमेकं भुवीव ॥ ६५ ॥

अथ कथंचिदाश्वस्तमहिपुङ्गवमालक्षयन्तो दानवा नगनगरग्रामनदनदीनदीशसंतानदन्तुरेण भौमेन पथा परिक्रमणमावेद्य मान्द्यहेतुं, आसाद्य तदनुज्ञां, आफणामण्डलादा च वालमूलादुद्धृत्य कराञ्चलैर्युगपदुपनिवेशयन्तः स्कन्धेषु तं, अपरान् पुनर्महोरगानङ्गुलीभिरङ्गुलीयकानीव, पादैर्नूपुराणीव, पाणिभिः कङ्कणानीव, कटिभिः कटिसूत्राणीव, वक्षसा हारवलयानीव, वहन्तो लीलया तारापथेन पथा दुग्धोदधिमभिप्रतस्थिरे ॥

फिर ऊपर चढ़ना चाहते थे, श्रमसे फूत्कार करते थे, इस प्रकार जब नागगण श्रान्त हो गये, तब तक हस्तावलम्बन प्रदान करनेके छलसे असुरोंने परिघ, तोमर, गदा, प्रास आदि अस्त्रोंको आगे रखकर सोपान-सा बना दिया, और धीरे-धीरे उन्हें आगे बढ़ाते हुए वह सर्पोंको पृथ्वीपर ले आये ।

पातालसे लेकर सुमेरुके मूलपर्यन्त फैले हुए तथा श्रमवश शिथिल पतित नागराजके फणको असुरोंने देखा, उन्हें वह ऐसा लगा मानों अतिवेगसे पृथ्वीसे उखाड़े गये मन्दर पर्वतका टूट-फूटकर भीतरमें लगा हुआ एक मूल हो ॥ ६५ ॥

इसके बाद असुरोंने नागराजको थोड़ा आश्वस्त देखकर कहा कि पर्वत, नगर, ग्राम, नद, नदी आदिसे घिरी इस पृथ्वीपरके मार्गसे चलनेमें गति मन्द रहेगी । तब नागराजकी आज्ञा पाकर—राक्षसोंने उन्हें फणामण्डलसे लेकर पूँछ तक एकबार हाथोंसे उठाकर कन्धोंपर डाल लिया, दूसरे सर्पोंको अङ्गुलिसे अँगूठीकी तरह, चरणोंसे नूपूरकी तरह, हाथसे कङ्कणकी तरह, कमरसे कटिसूत्रकी तरह, छातीसे हारकी तरह, उठाये हुए असुरगण अनायास आकाशमार्गसे क्षीरसागरको चल पड़े ।

दूरादलक्ष्यत सुरैर्दनुजांसलग्ना
दाघीयसी भुजगपुङ्गवभोगरेखा ।
तिर्यक्प्रवाहमुपयातवतीव दिष्ट्या
मन्दाकिनी निपतिता शिखरे हिमाद्रेः ॥ ६६ ॥

पायंपायं पवनमभितः स्थौल्यमापाद्यमानं
वाहंवाहं फणधरपतिं विश्लथस्कन्धबन्धाः ।
प्रत्युद्यातैः सुरपरिवृढैर्भारविश्रान्तिहेतोः
सार्धं दैत्या भुवि निदधिरे संनिधौ शार्ङ्गपाणेः ॥ ६७ ॥

अथ शिथिलांसमांसलितखेदविनोदकृते
परिकलिताङ्गभङ्गमभितोऽपि वपुर्धुवताम् ।
करचरणोदराङ्गुलिभुजान्तरकन्धरतो
भुवि भुजगा निपेतुरितरे विबुधद्विषताम् ॥ ६८ ॥

खर्वोन्नतासुरस्कन्धसंधारणकृतां व्यथाम् ।
वीजितो विबुधैर्दैत्यैर्विजहौ वासुकिः शनैः ॥ ६९ ॥

असुरोंके कन्धोंपर वर्त्तमान अतिदीर्घ नागराजकी देह ऐसी लग रही थी मानों हिमालयके शिखरपर वक्र प्रवाहसे गिरती हुई मन्दाकिनी हो ॥ ६६ ॥

मार्गमें हवा पीकर स्थूलताको प्राप्त वासुकि नागको ढोनेके कारण असुरोंके स्कन्ध शिथिल हो रहे थे, उन्हें विश्राम प्रदान करनेके लिए देवगण आगे आये, फिर देव तथा दानव मिलकर नागराजको भगवान्‌के आगे जमीनपर रख दिया ॥ ६७ ॥

इसके बाद दानवोंने शिथिल कन्धोंको तथा बढ़े हुए श्रमको विनोदित करनेके लिए अँगड़ाइयाँ लीं और अपने शरीरको हिलाया-डुलाया, वैसा करने से उनके हाथ, पैर, पेट, अङ्गुलि तथा गर्दनसे सर्पगण गिरने लगे ॥ ६८ ॥

ऊँचे-नीचे असुरोंके कन्धों द्वारा ढोये जानेके कारण उत्पन्न श्रान्तिको नागराजने देवों द्वारा पङ्खा किये जानेके बाद दूर किया ॥ ६९ ॥

परिश्राम्यतश्च वासुकेरतिवेलश्वासनिःश्वासपरम्परापरिणमदुपचयापचया परिणतशरकाण्डपाण्डरा च भोगयष्टिरभिपूरयितुं दुग्धसागरमापतिता विदूरादुच्छृङ्खलतरङ्गमालासमाकुला स्तब्धेव सिद्धनदी सुरासुरैरालुलोके ॥

क्षितिधरपरिपातक्षुभ्यदम्भोधिगर्भ-
प्रचलदमृतबिन्दुस्यन्दसान्द्रैः समीरैः ।
फणिपतिरपनीतस्वेदखेदो ददर्श
त्रिजगदनभिवेद्यं देवमाद्यं मुकुन्दम् ॥ ७० ॥

प्रणिपतन्नथ वासुकिः फणामणिप्रकाशधारानीराजनैराराधयामास चरणारविन्दमरविन्दनाभस्य, आह चेदम् 'भगवन्नशिक्षितोऽस्मि शेष इव व्याकरणे, अनभियुक्तोऽस्मि पद्म इव पाञ्चरात्रे, अकृतश्रमोऽस्मि कम्बलाश्वतराविव गान्धर्वे, केवलमहं भगवतो मेरुधन्वनः सायकसंधानावसरसंपन्नम् भवतश्चरणारविन्दविन्यासभाग्यं परिशीलयन्नान्तरेण करणेन,

---

थके हुए नागराजके दीर्घ निश्वाससे उपचय तथा अपचयको प्राप्त करनेवाली उनकी फणपरम्परा ऐसी प्रतीत होती थी मानों क्षीरसागरको पूर्ण करनेके लिए आई हुई निम्नोन्नत तरङ्गावलीसे युक्त दूरयात्रासे स्तब्ध आकाशगङ्गा हो ।

मन्दराचलके निपातसे क्षुब्ध समुद्रके गर्भसे उड़नेवाली अमृतकी बूँदोंसे युक्त वायुका सेवन करके नागराजने अपनी थकान मिटाई, तदनन्तर उन्होंने त्रिलोकनमस्य आदिदेव मुकुन्दके दर्शन किये ॥ ७० ॥

प्रणाम करके नागराजने फणामणियोंके प्रकाशसे भगवान्के चरणारविन्दकी आरती उतारी, और इस प्रकारसे कहा—

भगवन्, मैंने शेषनागकी तरह व्याकरण नहीं पढ़ा है, पद्मकी तरह मुझे पञ्चरात्रमें भी प्रवेश नहीं है, कम्बल तथा अश्वतरकी तरह मुझे गन्धर्व विद्याका ज्ञान नहीं है, मैं तो महादेवके द्वारा बाणके रूपमें सन्धान प्राप्त करनेके समय आपके चरणन्यासका सौभाग्य पाकर ही कृतार्थ हुआ, उस सौभाग्यको ही अन्तःकरणसे सराहता रहता हूँ, आपकी आज्ञाकी प्रतीक्षामें रहता हूँ, आपके आदेशकी

परिपालयन् भवच्छासनम्, आकाङ्क्षन् भवतो नियोगानुग्रहमासे भवदधीनः' इति । तदनु च—

'किं तन्त्रैः किं मन्त्रैः किं व्याकरणेन किं पुराणेन ।
चराणाम्बुजे निमग्ना धिषणा यदि पद्मनाभस्य ॥ ७१ ॥

इति स्तूयमानमब्जसंभवादिभिरिन्दिरारमणो वासुकिमिदमवादीत्—'वत्स वासुके न वक्तव्यमिदं त्वया । परिजानतैव हि भक्तिमियतीमपि मया प्रतिष्ठापितोऽसि प्रथमभुवनाधिपत्ये । तदिदानीं माहेश्वरं धनुरनुस्पृश्य संपादितं यशो माहेश्वरं गिरिमिमं प्रदक्षिणीकृत्य परिवर्धयेत्यादिशामि ।

तेजसाप्याययिष्यामि दिव्येन त्वामसंशयम् ।
कामं वेष्टय मन्थाद्रिं कर्षन्तु त्वां सुरासुराः ॥ ७२ ॥'

इति दत्तवरो वासुकिरिन्दिरारमणेन, परितोषयन् सुरासुरान्,

इच्छा रखनेवाला आपका जन हूँ । इसके बाद ब्रह्मा आदिने निम्नलिखित शब्दों में भगवान्‌की स्तुति की—

शास्त्रों तथा मन्त्रोंके ज्ञानसे क्या होगा, व्याकरण या पुराणसे ही क्या होने वाला है । यदि भगवान्‌के चरणोंमें बुद्धिलीन हो गई (तो शास्त्र आदिकी आवश्यकता नहीं रह जाती है) ॥ ७१ ॥

ब्रह्मा आदिसे इस प्रकार स्तुत होकर भगवान्‌ने वासुकिसे कहा—

वत्स, वासुके, तुमको इस तरह नहीं कहना चाहिये । तुम्हारी इस तरहकी भक्तिको देखकर ही मैंने तुम्हें नागलोकका राजा बनाया है । अतः अब शिवके धनुषके स्पर्शसे प्राप्त यशको शिवके पर्वतको प्रदक्षिण करके विस्तृत करो, यही मेरा तुमसे आदेश है ।

मैं तुमको दिव्य तेजसे पूर्ण कर दूँगा, तुम मन्दराचलको वेष्टित करो, और देव तथा दानव तुम्हें खींचें ॥ ७२ ॥

इस प्रकार भगवान् द्वारा दिये गये वरको प्राप्त करके वासुकिने देवों तथा

पश्यत्सु वैमानिकेषु, समुत्प्लुत्य वेगेन, सद्यःकृत्तविद्रुमकाण्डवत्संवेष्टयामास भोगेन मन्दरगिरेराभोगम् ॥

प्रणमन्तः स्तुवन्तश्च भगवन्तं जनार्दनम् ।
ववल्गुश्च जगर्जुश्च वासवाद्याः सुरासुराः ॥ ७३ ॥

इति श्रीमद्भरद्वाजकुलजलधिकौस्तुभश्रीकण्ठमतप्रतिष्ठापनाचार्यचतुरधिकशतप्रबन्ध-निर्वाहकश्रीमन्महाव्रतयाजिश्रीमदप्पयदीक्षितसोदर्यश्रीमदाच्चान्दीक्षितपौत्रेण नारायणदीक्षितात्मजेन श्रीभूमिदेवीगर्भसंभवेन श्रीनीलकण्ठ-दीक्षितेन विरचिते श्रीनीलकण्ठविजये चम्पूकाव्ये तृतीय आश्वासः ।

दानवोंको सन्तुष्ट करते हुए वैमानिकोंके सामने तत्काल कटे हुए विद्रुमकाण्डकी तरह वेगसे उछलकर—अपने फणसे मन्दर गिरिके आभोगको वेष्टितकर लिया।

इन्द्र आदि देव तथा दानव भगवान्‌को प्रणाम करके और उनकी स्तुति करके तड़पने तथा गरजने लगे ॥ ७३ ॥

तृतीय आश्वास समाप्त ।

तुरीयाश्वासः

संवेष्टयन्नथ स मन्दरमम्बुराशौ
सार्धद्वयेन वलयेन भुजङ्गराजः ।
पार्श्वद्वयेऽपि शतयोजनमुच्छ्रिशेष
पुच्छं मुखं च मथनाय सुरासुराणाम् ॥ १ ॥

ततः पूर्वजैः पूर्वकायः फणिपतेः अवरजैरपरकायश्च परिग्राह्य इति न्यायमाचक्षाणेषु दानवेषु, कटाक्षेण कमलाक्षस्य, शासनेन च स्वयंभुवः, समुत्साहिताः परिकल्प्य शिरोभागमासुरं, परिजगृहुर्वालभागमदितिसुताः । अनन्तरमन्तर्भ्रमदचलराजमूलशिलासंघसंघर्षणकण्डूयननिद्राणकमठराजनिःश्वासपरम्परापरिहृतपवनाशनलोकदुर्भिक्षं, अभितः प्रकीर्णदुग्धकल्लोलनिपातपरिपूरितशुद्धजलार्णवं, आमूलपरिभ्रमदमृतसागरैकावर्तपरिभ्रमिततिमितिमिङ्गिलोद्गीर्णतत्कालनिगीर्णाजीर्णशफरतर्णकाकीर्णं,

---

इसके बाद नागराज वासुकिने ढाई फेरे डालकर समुद्रमें मन्दराचलको वेष्टित किया और पूँछ एवं मुखकी ओर सौ योजन करके अपने शरीरको अवशिष्ट रखा, जिस अवशिष्ट भागको हाथोंसे पकड़कर देव-दानवगण समुद्रका मन्थन करेंगे ॥ १ ॥

अनन्तर दानवोंने कहा कि जो पहले पैदा हुए हैं वह नागराजके पूर्वदेह भागको पकड़ें और जो बादमें पैदा हुए हैं वह परदेह भागको पकड़ें, यही न्याय है, इसपर भगवान्‌के इशारे तथा ब्रह्माके आदेशसे शिरोभाग असुरोंके लिए छोड़कर देवोंने पुच्छ भाग ग्रहण किया । अब समुद्रमन्थन प्रारम्भ हुआ, अभ्यन्तर देशमें मन्दराचलकी मूलशिलाके भ्रमणसे कमठका पृष्ठ खुजलाया जाने लगा तत्कृत सुख विशेषसे कमठराजको नींद आ गयी, वह लम्बी साँसें लेने लगे, जिससे वायुकी प्रचुरता हो आयी अतः पवनभक्षी नागोंके लिए भक्ष्य सुलभ हो गया । चारों तरफ दूधका प्रवाह बह चला, उसके सम्पर्कसे शुद्ध जलका सागर भी पवित्र हो उठा । मूलदेश पर्यन्त क्षीर-सागर घूमने लगा उसके साथ तिमि

अत्युच्चशिखरिशिखरनिष्पतदच्छनिर्झरस्रोतोनिपातपरिधौतचक्रवालशि-
लाचक्रं, अतिरभससमुद्धूतधातुरागसमुद्भावितकाण्डसन्ध्यासंसूचितहाला-
हलोपप्लवं, उत्प्लवमानसागरं दुग्धशीकरास्वादसुहितभुजगराजभोगप्रसारण-
वेगपतदुत्पतत्सुरासुरस्तोमपर्यवस्थापनव्यग्रपद्मसंभवं, उभयपार्श्वसंघटित-
शिलासंघसंघर्षणसुखनिर्मुच्यमानचिरपरिणामनिर्मलवासुकिनिर्मोकशकल-
परिधानसंजिघृक्षानुधावत्प्रमथयूथनिनादमेदुरं, अत्यायासपरिश्रान्तजर-
दुरगराजसमुद्गान्तपरुषविषानलज्वालाकलापदुरापलालाप्रवर्तितहालाहल-
बीजावापम्, आवसथपरिभ्रमणसमुद्विग्नकात्यायनीपरिरम्भसंभ्रमानन्दित-
चन्द्रशेखरतया प्रतिक्षणमुपर्युपचीयमानमहातपःसंभारं, आरसातलपरि-
भ्रमदर्णवावर्तगर्तसंदृश्यमानफणिलोकवृत्तान्ततया प्रशान्तगृहोदन्तविचार-
सुस्थपरिजनोरगपरिचरणसंभृतानन्ददन्दशूकेश्वरं, अद्भुतमवलोकयतां,

और तिमिङ्गिल नामक विशाल मत्स्य भी घूमने लगे, घूमनेसे उनके द्वारा तत्काल भक्षित वे लघुमत्स्यगण उनके मुखोंसे निकल आये, जो अभी तक उनके जठरानल द्वारा पचाकर जीर्ण नहींकर दिये गये थे। अत्युच्च पर्वत शिखरों परसे गिरनेवाले स्वच्छ झरनोंसे लोकालोक पर्वतका शिलाचक्र धुलने लगा। अतिवेगसे धातुराग उड़ने लगे, उनसे अकाल सन्ध्या हो आयी, उस अकाल सन्ध्यारूप उत्पातने होनेवाले विषोपद्रवकी सूचना दी। उड़ते हुए सागरदुग्धकी बूँदोंको चखकर तृप्त होनेवाले नागराजने अपने फण फैलाये, उनके फणप्रसारण-वेगसे देव-दानवगण गिरने-पड़ने लगे, ब्रह्मा उन्हें यथावस्थित रूपमें स्थापित करनेके लिए व्यग्र हो उठे। दोनों भागोंमें शिला द्वारा किये गये घर्षणसे जातसुखका अनुभव करके वासुकिने पुराने निर्मल केंचुलका परित्याग किया, उस केंचुलरूप वस्त्रके सङ्ग्रहार्थ प्रमथगण इधर-उधर दौड़ लगाने लगे, उनके शब्दसे वह प्रान्त भर गया। अतिश्रमसे थके हुए बूढ़े नागराजने विषानलज्वालापूर्ण लाला उगलना प्रारम्भ किया जिससे हालाहलका बीजपवन हुआ। आवास पर्वतके परिभ्रमणसे भयभीत पार्वती द्वारा किये गये आलिङ्गनसे महादेवको प्रसन्नता प्राप्त हुई जिससे प्रतिक्षण देवों तथा दानवोंकी तपस्या बढ़ने लगी। पाताल पर्यन्त सागरका जल घूमने लगा जिससे नागलोककी सारी घटनाएँ प्रत्यक्ष दीखने लगीं, नागगण घरकी खबर जाननेकी चिन्तासे मुक्त होकर नागराजकी परिचर्यामें लग गये

अद्भुततरमद्यापि शृण्वतां, अपर्याप्तमुपन्यसितुं वाचस्पतेरपि, अशक्यं काव्यशतेनापि वर्णयितुं काव्यस्य, सर्वतो निर्वृतैरपि महर्षिभिः समुत्सृज्य समाधिमालक्ष्यमाणमपक्ष्मपरिक्षेपं, अनुल्लिखितार्थलाभसमुल्लासेन किंचिदप्यगणितशरीरक्लेशमायस्यद्भिरपि सुरासुरैरालोकमानः सागरमथनसंरम्भमाननन्द गोविन्दः ॥

निर्मन्थश्लथसंधिबन्धनिखिलोद्देशक्षरन्निर्झरः
शैलोऽदृश्यत सिद्धचारणमरुद्गन्धर्वविद्याधरैः ।
अश्रान्तभ्रमणश्रमेण जलधेः पीतं प्रभूतं पयः
स्रोतोभिः पुनरुद्वमन्निव मुखश्रोत्राक्षिनासादिभिः ॥ २ ॥

अपि च ।

निःश्वसति भोगिभर्तरि निर्दग्धमहासुरैर्विषज्वालैः ।
उच्छ्वसितममरवर्गैरुत्प्रेक्षितकार्यलाघवैरन्तः ॥ ३ ॥

जिससे नागराज आनन्दित हो उठे। वह समुद्रमन्थन वृत्त देखनेवालोंके लिए अद्भुत तथा सुननेवालोंके लिए अद्भुततर था। शुक्र काव्यशत द्वारा भी उसका वर्णन नहीं कर सकते थे। सांसारिक झंझटोंसे मुक्त महर्षिगण समाधि छोड़कर अपलक नयनोंसे उसे देख रहे थे, असम्भूत फलकी लालसासे उल्लसित देव-दानव शरीर क्लेशकी चिन्ता छोड़कर जिस समुद्रमन्थनमें लगे हुए थे उसे देखकर भगवान्को बड़ी प्रसन्नता हुई।

मन्थनकालमें सन्धिबन्धनोंके शिथिल हो जानेसे चारों ओर झरने गिरने लगे, उस समय सिद्ध, चारण, मरुद्गण तथा विद्याधरोंने उस मन्दराचलको देखा, वह ऐसा लगता था मानो उसने जो बहुत-सा समुद्रका जल पी लिया था, उसे अनवरत परिभ्रमणजन्य श्रमके कारण मुँह, कान, आँख, नाक स्वरूप स्रोतोंसे वमन कर रहा हो ॥ २ ॥

नागराजने जब निश्वास छोड़ा तब विषज्वालासे असुरगण दग्ध होने लगे, उस समय देवोंने हृदयमें कार्यकी सिद्धिकी सम्भावनासे प्रसन्नताकी साँस ली ॥३॥

मथ्नतामप्येवं महतोत्साहेन तेषामपाङ्क्षयन् शनैः शनैः शक्तिह्रासं, आप्याययन्वासुकिमम्बरचरानपि स्वतेजसा, त्रिविक्रमः स्वयमपि मथितु-मुपचक्रमे ॥

स्वेनैव भ्रमयति माधवे भुजाभ्यां
बभ्राम भ्रमरकवत्स शैलराजः ।
किं चित्रं भ्रमति महर्षिसिद्धसङ्घे
मृद्भारे क्वचन महान्भ्रमोऽजनीति ॥ ४ ॥

अत्रान्तरे च समन्ततः प्रकीर्यमाणमन्दरशिखरकाननप्रसूनपराग-परिचयादिव धूसराणि ददृशिरे दिङ्मुखानि । परिस्फुटितनिष्क्रयूनाः फणामणय इव वासुकेः प्रतिसूर्या जज्वलिरे । परितोऽप्यासन्नमकाण्ड-विप्लवं जगतामवेक्षितुमक्षमेण दयानिधिना महेश्वरेण दृशोर्निमीलनादिव प्रचकाशे पद्मबन्धुरिन्दुश्च नाकाशे । सपर्वतवनद्वीपवसुमतीकम्पसंपन्न-

---

यद्यपि देव-दानवगण बड़े उत्साहसे समुद्रमन्थन कर रहे थे, फिर भी भगवान्ने देखा कि उनकी शक्ति क्षीण होती जा रही है, तब भगवान्ने वासुकि-को तथा आकाशचारी देवोंको अपने तेजसे पूरित किया और वह खुद भी समुद्र मथने लगे ।

जब भगवान् स्वयं अपने हाथोंसे मन्दरको घुमाने लगे तब वह मन्दराचल भ्रमरक (रही) की तरह घूमने लगा । इसके लिए आश्चर्य प्रकट करनेकी जरूरत नहीं है, जिसमें महर्षि तथा सिद्धगण भ्रमण किया करते हैं उसके कारण एक मिट्टीके लोंदेमें भ्रमण क्रिया उत्पन्न हो गई यह कौन-सी बड़ी बात हो गई ॥४॥

इसी समय समस्त दिशामुख धूसर हो उठा ऐसा लगा कि बिखरे हुए मन्दरशिखरके वनका प्रसून पराग आ मिला हो । फूटकर निकले हुए वासुकि-नागके फणामणिगणकी तरह सूर्यकान्तगण प्रज्ज्वलित हो उठे । सूर्य तथा चन्द्रका प्रकाश आकाशसे लुप्त हो गया ऐसा मालूम पड़ा मानों जगत्के शीघ्रभावी अकाण्ड संहारको नहीं देख सकनेके कारण दयालु महादेवने अपने नयन बन्द कर लिये हों । पर्वत, वन, नदी तथा द्वीपोंसे युक्त पृथ्वीके कम्पनसे सुमेरु चञ्चल

चलनसुमेरुशिखरस्थसुरराजनगर-प्रासादद्दीपिका इव परिपेतुरभितोऽपि तारकाः ॥

उद्यन्निर्घातघोषप्रतिभयमुदयद्धूमकेतूपकेतु
क्रन्दद्दिक्पालगन्धद्विपमुदधिपतत्तुङ्गशैलाग्रशृङ्गम् ।
उड्डीनश्येनकङ्कप्रकरमुपचितध्वान्तमुद्भ्रान्तवातं
प्राप्तं मृत्योरकस्मादिव वदनबिलं विश्वमासीत्तदानीम् ॥ ५ ॥

तदनु निर्गमिष्यतः कालकूटस्योष्मणा क्वथिताद्उदधेरुत्पतन्तः पयःकणा यत्र यत्र निपेतुस्तत्र तत्र पर्वता व्यदीर्यन्त, पादपाः प्रजज्वलुः, पशुपक्षिणो विनेशुः, प्रागेव सागरचराणि यादांसि ॥

निःसंख्यस्फुरितस्फुलिङ्गजटिलोत्सङ्गज्वलत्पावक-
ज्वालाभङ्गविटङ्कसंकलितधूमस्तोमभीमस्ततः ।
क्रुध्यत्कालविवृत्तवक्त्रकुहरोन्मुक्ताट्टहासोद्भट-
स्फूत्कारध्वनिभीषणः प्रववृते कोऽप्यद्भुतो मारुतः ॥ ६ ॥

हो गया, फलतः स्वर्गाधीशके नगरके प्रासादोंकी दीपमालाके समान तारे चारों ओर गिरने लगे ।

भयङ्कर निर्घात शब्द होने लगे, धूमकेतु, उपकेतु आदि उदित होने लगे, दिक्पाल तथा उनके दिग्गज चीत्कार कर उठे, ऊँचे-ऊँचे पर्वतोंके शृङ्ग टूट-टूटकर सागरमें गिरने लगे, बाज तथा कङ्क आदि पक्षी उड़ने लगे, चारों ओर अन्धकार बढ़ गया, जोरोंकी हवा बहने लगी, इस प्रकार उस समय यह संसार मृत्युके मुखमें एकाएक जा पड़ा ॥ ५ ॥

इसके बाद निकलनेवाले कालकूटकी ऊष्मासे क्वथित सागरके जलकण जहाँ गिरते थे वह पर्वत फटने लगे, वृक्ष प्रज्वलित हो उठे, पशु-पक्षी नष्ट होने लगे, सागरके जल तो सर्वतः पूर्व नष्ट हुए ॥

असङ्ख्यरूपमें फैले हुए स्फुलिङ्गोंकी ज्वालासे पूर्ण पावककी ज्वालाके सम्पर्कसे धूमराशिको साथ रखकर अति भीषण बनी हुई तथा कुपित कालके मुख-विवरसे निकलनेवाले अट्टहाससे भीषणतम वायु अद्भुतरूपमें प्रकट हुई ॥ ६ ॥

स निर्जिहान एव यज्जगर्ज तर्जयन् दिशो
बभर्ज यच्च दुर्जयोष्मजर्जरं जगत् ।
ततः प्रभूतभूतघातजातपातकावली-
विलापनाभिलाषुकः किमाससाद सागरम् ॥ ७ ॥

ततस्तदालीढाः सप्तापि सिन्धवः सप्ताज्यबिन्दव इव जज्वलुरेकयैव ज्वालया । तदग्रसरोष्मतापिता एव भस्मावशेषतामभजन्त जन्तवः क्षुद्रास्त्रिभुवने । प्रदीपशिखराग्रविन्यस्तेन प्रसूनेनेव धुत्तूरस्य सुधानिधिनैव सुतरां परिम्म्ले । प्रक्षिप्तो दूरमस्य मरुतो रंहसा पतगपतिरेव किं पपात, किमुत्पपात, किमतप्यत, किं निरदह्यत, किं मुमूर्च्छ, किं जीवितं जहाविति न ज्ञायते । उद्वान्तविषानला समभिव प्राणैरुरगपतेरपि तनुर्वर्ध्रिकेव सलिलक्लिन्ना वस्त्रभस्त्रिकेव रिक्तोदरा निःसारतया क्षणादवालम्बत नितम्बतः शैलपतेः । परिमृष्टाश्च तेन मायाविनोऽपि महासुराः, सुकृतशालिनोऽपि सुपर्वाणः, माहात्म्यनिधयोऽपि महर्षयः, चिरजीवितावलेन परं

वह वायु निकलते ही दिशाओं को आतङ्कित करती हुई गरजने लगी, दुर्जय गर्मीसे जर्जर जगत्को भूनने लगी, अतः बहुसंख्यामें प्राणियोंके संहारसे उत्पन्न पापपुञ्जको प्रक्षालित करनेके लिये वह सागरके पास आई ॥ ७ ॥

उस वायुसे सम्पर्क होते ही सात समुद्र सात घृत बिन्दुओंकी तरह एक ही प्रकारकी ज्वालासे प्रज्वलित हो उठे । उस वायुके आगे चलनेवाली गर्मीसे त्रिभुवनके छोटे-छोटे प्राणीगण भस्मावशेष हो गये । प्रदीपकी शिखाके ऊपर रखे गये धत्तूर पुष्पकी तरह चन्द्रमा अत्यन्त म्लान हो उठे । उस वायुके वेगसे उड़ाये गये गरुड़ कहाँ गिरे ? किधर उड़ गये ? कितनी मात्रामें झुलसे ? कितना दग्ध हुए ? कैसे मूर्च्छित हुए, या कि मर गये कुछ भी नहीं ज्ञात हुआ । विषानल वमन करती हुई वासुकि नागकी देह जलसे भींगी वरही अथवा खाली वस्त्र निर्मित भाथीकी तरह मन्दराचलके नितम्बदेशपर लटक गई । उस भीषण वायुसे मायावी महासुर भी अछूते नहीं रह सके, पुण्यशाली देवोंपर भी उसका असर हुआ, महात्मा सिद्धगण भी उससे प्रभावित हुए, परन्तु चिरजीवित्वके बलपर वह

ज्ञन्मात्रशेषिताः, परिक्षीणया गिरा, परिभ्रमता च लोचनेन, प्राकृता इव पर्यचेष्टन्त धरणीतले ॥

ऊष्माणावबहद्विभावसुरभौ सांसिद्धिकागन्तुकौ
सस्यन्दे क्वथितं शरीरमभितः पाथोमयं पाशिनः ।
सर्वाङ्गीणदृगन्तकन्दलदतिस्फाराश्रुधाराशतैः
सेकंसेकमनुक्षणं तु मघवा गात्रं दधौ जीवितम् ॥ ८ ॥

हताः स्मो वयमस्मिन्कर्मणि प्रवर्तिता भवतेति परिभाषमाणेषु सुरासुरेषु, परितप्यमानस्ततोऽपि त्रपयैव पद्मसंभवो विश्वंभरमिदमवादीत्—'भगवन् किमेतदिति मन्यसे ।

न संवर्तः प्राप्तो न च वहति संवर्तपवनः
शतेनाब्दैः शोषं नयति स परं तु त्रिभुवनम् ।
न च व्यापद्यन्ते तदुपरि चरन्तस्तनुभृतः
क एष ब्रह्माण्डं कवलयति निःशेषयति च ॥ ९ ॥

ज्ञानमात्र शेष बने रहे, उनकी वाणी क्षीण हो गई, नयन घूमने लगे, वे साधारण जनकी तरह पृथ्वीपर लोटने लगे ।

सूर्यने स्वाभाविक ताप तथा विषाग्नि, सम्बन्धजनिततापः—दोनों प्रकारके तापोंको धारण किया, वरुणदेवका जलमय शरीर क्वथित होकर बहने लगा, इन्द्रने समस्त शरीरमें अवस्थित लोचनोंके कोणभागोंसे बहनेवाली अश्रुधाराओंसे अपनी सन्तप्त देहको पुनः पुनः सींचकर किसी प्रकार जीवन धारण किया ॥ ८ ॥

आपके द्वारा इस कार्यमें प्रवर्त्तित होनेसे हम मारे जा रहे हैं, देवों तथा दानवोंने इस प्रकार ब्रह्मासे शिकायत की, उनकी शिकायतसे पैदा होनेवाली लज्जासे ब्रह्मा सन्तप्त होकर भगवान्से कहने लगे—

भगवन्, आप क्या समझ रहे हैं, यह क्या हो रहा है ?

न संवर्त्त उपस्थित हुआ है और न संवर्त्त-वायु ही बह रही है । वह संवर्त्त भी तो सौ वर्षोंमें त्रिभुवनको शुष्क करता है । यह भी है—कि संवर्त्तवायुके ऊपर रहनेवाले प्राणी उसके शोषणसे नहीं मरते हैं, फिर यह है क्या जो ब्रह्माण्ड को उदरस्थ करके निश्शेषित करता जा रहा है ॥ ९ ॥

अपि च ।

नासौ वह्निर्न हि खलु भवत्यग्निनाग्नेः प्रणाशो
नापि क्ष्वेलो न हि गरलतो हानिराशीविषाणाम् ।
नेदं सृष्टं सकृदपि मया नोपदिष्टं त्वया वा
किं व्याहारैर्मम च किमपि क्षुभ्यतीवान्तरात्मा ॥ १० ॥'

इत्यभिदधान एव विधौ, अशङ्कितोपनतरसातलातङ्कसंघटितसमाधिक्षोभकोपदुर्दर्शकालरुद्रसमुन्निद्रितफालनेत्रसमुत्थित इव महाप्रलयपावकप्रतिसर्गनिर्गलदनर्गलशेषविषनिःश्वासधूमसमाश्लेषजनितविषमषीपिण्ड इव मथनसंक्षोभचलितवडवानलसंवलितः, सुन्दरतरमन्दरगिरिकन्दरशयस्वायंभुवशांभवलिङ्गचलनसंभावितप्रत्यवाय इव परमदारुणः, कल्पानलदग्धजगदण्डपिण्डीकरणप्रसक्तकालचण्डीकरक्षालनोदकमिव क्षीरोदमाकलयन्, प्रथमनिःसृतपवनपरिस्पन्दमात्रनिःशेषितेषु भुवनेषु, दग्धव्यानुपलम्भसंभवक्षुधाप्रसारितरसनासहस्रभीषणेन ज्वालाकलापेन लेलि

यह आग नहीं है क्योंकि आगसे आगका नाश होते नहीं देखा गया है। यह विष भी नहीं है क्योंकि विषसे सर्पोंका नाश नहीं होता है। इसका मैंने कभी भी निर्माण नहीं किया है, और न आपने ही मुझे इसके निर्माणका उपदेश किया है, अधिक क्या कहें, हमारी आत्मा चञ्चल होती जा रही है ॥ १० ॥

ब्रह्मा इस प्रकारसे भगवान्से कह ही रहे थे कि अचिन्तितरूपमें पातालमें खलबली मची, जिससे कालरुद्रकी समाधि टूट गई, इसपर जो कालरुद्रको क्रोध हुआ तो उनका ललाटनयन खुल गया, उससे निकलनेवाले प्रलयपावकके समान, प्रत्येक सृष्टिमें अविच्छिन्न भावसे निकलनेवाले शेषनागके निश्वासधूमसे रचित स्याहीके गोलेके समान, अतिरमणीय मन्दरपर्वतकी कन्दरामें आरामसे रहनेवाले स्वयंभूशिवलिङ्गके चालनसे उत्पन्न परमदारुण प्रत्यवायके समान वह हालाहल प्रलयाग्निदग्ध विश्वब्रह्माण्डको पिण्डाकार बनानेमें लगी हुई कालचण्डीके हाथ धोने लायक यही समुद्र है ऐसा समझकर—पहले निकलनेवाली वायुसे ही समस्त विश्वके निःशेषित हो जानेके कारण अन्य दाह्यवस्तुके अभावमें भूखसे फैली हुई रसनासहस्रके समान भीषण ज्वालाकलापसे विधाताके इस विश्वप्रपञ्चको

हान इव वैरिञ्चमपि प्रपञ्चं, अवसादितभुवनकोलाहलो हालाहलो निर्गत्य, वारण इव वारणमभिदुद्राव रमारमणम्। तत्क्षणं च परुषविषानल-ज्वालापरिलोपप्रतीकारमन्त्राक्षराङ्गाररूषितानीव वदनानि चतुर्वदनस्य दधिरे दन्ततालुरसनाधरे मालिन्यम्॥

म्लायन्त्यां वैजयन्त्यामथ कनकपटे धूसरे धूमजालै-
श्चक्रे निर्ज्वालचक्रे सपदि परिणतस्फोटशङ्के च शङ्खे।
उत्सर्पन्तं समन्तादपि परिकलयन्नुद्भटं कालकूटं
कालात्मा पद्मनाभो मनसि विनिदधे कालसंघर्षयोगम्॥
सिञ्चन्तीं परमामृतानि दिशि दिशि दृश्यप्राकृतैरंशुभिः
खेलन्तीममृतार्णवे मणिमयीमारुह्य नौकां नवाम्।
स्निग्धापाङ्गतरङ्गशिक्षितभवक्ष्वेलां मुकुन्दश्चिरा-
दस्मार्षीदमृतेश्वरीं भगवतीमम्बामहंभावतः॥ १२॥

दग्ध सा करता हुआ—संसारके कोलाहलको शान्त करके बाहर निकला, और एक हाथी जिस प्रकार दूसरे हाथी पर टूटता है उसी तरह भगवान् पर टूट पड़ा। तत्काल भगवान्के दाँत, तालु, जीभ तथा अधर काले पड़ गये, ऐसा प्रतीत हुआ मानो वे भयङ्कर विषानलके प्रतीकारमन्त्रोंसे रूखे हो उठे हों॥

भगवान्की वैजयन्तीमाला म्लान होने लगी, उनका स्वर्णवर्ण वस्त्र धूमजालसे धूसर हो गया, उनके चक्रकी कान्ति समाप्त हो गई, और उनके शङ्खके फूट जानेकी शङ्का प्रबल हो गई। भगवान्ने जब देखा कि यह अद्भुत कालकूट विष उनके अति समीप आता जा रहा है तब उन्होंने सोचा कि क्या मुझे मृत्युसे सङ्घर्ष करनेका अवसर भी आ जायगा॥ ११॥

इसके बाद भगवान्ने अम्बा अमृतेश्वरीका—'अहम् अमृतेश्वरी' इस तादात्म्य-भावनासे स्मरण किया जो प्रत्येक दिशामें अपनी अमानुष कान्तिसे अमृतकी वर्षा कर रही थी, जो अमृतार्णवमें मणिमय नौकापर आरूढ़ होकर खेलकर रही थी, तथा जो स्नेहमय अपाङ्गतरङ्गसे सांसारिक विषको नियन्त्रित कर रही थी॥ १२॥

तामित्थं स्मरतश्चिरं मधुभिदस्तारां सुधामालिनीं
धूतद्वैतकलङ्कशङ्करकलापुंभावरूपात्मनः ।
पाषाणव्यतिभेदजर्जरजरच्छैवालवत्तत्क्षणा-
दारात्किंचिदपासरत्परिगतो हालाहलः सर्वतः ॥ १३ ॥

अथ स्वस्थो यथापुरमम्बुजेक्षणस्तावतापि संरम्भेण तनुमात्रत्राणे पर्यवसन्नेन निराशो हालाहलनिग्रहे, निश्चिन्वन्ननितरसाध्यसाधनधौरेयैरप्यधर्यमन्तकान्तकस्य भाग इति, निर्धारयन्नन्तरेण परदेवताप्रसादमलभ्यतां शिवसाक्षात्कारस्य, चिन्तयन्नपि चिच्छक्तिविभूतिरूपतामात्मनः, परमेण समाधिना समाराध्य नारायणीमित्थमस्तावीत्—

'यज्जन्मस्थेमभङ्गव्रतमिह जगतां यच्च सर्वान्तरत्वं
यत्स्वातन्त्र्यं च मोक्षे श्रुतिषु निगदितं विश्वसाम्राज्यचिह्नम् ।
तद्यस्याः साहचर्यात्परिणमति परब्रह्मणि श्रीमहेशे
तामाद्यामात्मविद्यामहमिति कलयन्सर्वतो निर्वृतोऽस्मि ॥

मधुसूदनने जब इस प्रकारसे अमृतमयी ताराका ध्यान किया—जो अद्वैत भावमें अवस्थित शङ्करकी कलाके पुरुषरूप विष्णुकी आत्मस्वरूप है—तब तत्काल उनके चारों ओरसे वह कालकूट थोड़ा दूर चला गया जैसे पत्थरके प्रहारसे जीर्ण शैवालजाल दूर हट गया हो ॥ १३ ॥

अब भगवान् पहलेकी तरह स्वस्थ हो गये थे, परन्तु उतने संरम्भसे भगवान् अपने शरीरमात्रकी रक्षामें समर्थ हो सके इसीसे उन्होंने समझ लिया कि वह हालाहलका निग्रह नहीं कर सकेंगे, निश्चय कर लिया कि जिस कार्यमें अन्यजन सफल नहीं होते हैं वह अन्तकके भी अन्तक—शिवके ही द्वारा ही सिद्ध होता है; यह भी निश्चय कर लिया कि परदेवताकी प्रसन्नताके बिना शिवका साक्षात्कार असाध्य है, सोचा कि मेरी आत्मा चिच्छक्तिकी ही विभूति है, तब उन्होंने परम समाधि लगा कर नारायणी शक्तिकी स्तुति की ।

महेश जगत्की उत्पत्ति, स्थिति तथा प्रलयके कर्त्ता हैं, वह सर्वान्तरात्मा हैं, मोक्षके प्रति स्वतन्त्रता उनके विश्वसाम्राज्यका द्योतक है । यही सारी बातें महेशमें जिसके साहचर्यसे पैदा होती हैं, इस समय मैं उसी आत्मविद्याका अहंभावसे ध्यान करता हुआ सभी ओरसे शान्ति प्राप्तकर रहा हूँ ॥ १४ ॥

यल्लक्ष्मीदयितोऽस्मि यद्दनुभुवां जेताऽस्मि यत्कर्मिणां
कर्मस्वभ्युदयप्रदोऽस्मि यदपि ध्येयोऽस्मि वा योगिनाम् ।
तत्सर्वं त्रिपुरे महेश्वरि महामाये जगद्रूपिणि
त्वत्सौभाग्यमहाविभूतिकणिकालेशस्य लेशायते ॥ १५ ॥

अपि च—

अतीतत्रैगुण्यामशरणशरण्यां भगवती-
महं तामालम्बे दृढतरमहंतां पशुपतेः ।
तदाद्यं तत्त्वानामजरमपरिच्छेद्यमपरं
पराभूतद्वैतं परमपदमाविर्भवतु मे ॥ १६ ॥'

इति स्तुतिभिरर्थ्याभिर्ध्यायतो निश्चलं शिवाम् ।
अस्पन्देष्वस्य गात्रेषु पस्पन्दे दक्षिणो भुजः ॥ १७ ॥

अवतीर्णा चास्य कर्णसरणिमशरीरिणी वाणी ।

मैं लक्ष्मीका स्वामी, दानवोंका जेता, कर्मपरायणजनोंके लिए कर्मफलप्रद तथा योगियों द्वारा ध्येय हूँ, यह सारी मेरी विभूतियाँ, हे जगद्रूपिणि महामाये महेश्वरि त्रिपुरे, तुम्हारे सौभाग्यविभूतिके लेशका भी लेश हैं ॥ १५ ॥

मैं सत्त्व, रज, तमसे परे रहनेवाली, अशरणशरण्य, पशुपतिको अहङ्कार प्रदान करनेवाली भगवतीका दृढ़भावसे अवलम्बन करता हूँ, वह समस्त तत्त्वोंमें आदिमत्त्व, अविनाशी तथा अज्ञेय है, द्वैतको दूर करनेवाला वही परमपद मेरे आगे प्रकट हो ॥ १६ ॥

इस प्रकारसे निश्चल भावनाके द्वारा जब भगवान् भगवती शिवाका ध्यान कर रहे थे, तब उनका समस्त शरीर स्थिर हो उठा था, उसी समय उनका दाँया हाथ थोड़ा स्पन्दित हुआ ॥ १७ ॥

उनके कानोंमें यह आकाशवाणी सुनाई पड़ी ।

'साधु वत्स जगन्नाथ साधु विष्णो जगन्मय ।
पश्य त्वमात्मनात्मानं परमं ज्योतिरैश्वरम् ॥१८॥' इति ॥

अथ यावत्समाधिं तं श्लथयामास माधवः ।
तावदाविर्बभूवास्य पुरः पुरहरं महः ॥ १९ ॥

तत्र च पवित्रतरनदनदीशादितीर्थस्वरूपतासंभावितक्लेदनैयत्यानुवृत्त्येव सामिविकसितललाटविलोचनधूमरेखासंस्तवेनेव कवलितजाह्नवीकोपपरिपूरितगर्भतयेव च परिणतपाटलिम्नि जटावलये प्रतिष्ठितया सान्ध्यरागसंवलितेनेव सकलशिवज्ञानाधिगमारम्भसंसूचनायेव द्वितीयाचन्द्रतामुपजग्मुषा, परमज्ञानरूपतयेव परिहृतकलङ्कानुषङ्गेण कपर्दबन्धनोरगदंष्ट्राङ्कुरेणेव कुटिलनिर्मलेन चन्द्रखण्डेन मण्डितम्, जगन्निष्कामताहेतुतयेव निष्कामजनोपासनीयेन पक्ष्मविवरसमुच्छलदर्चिःस्फुलिङ्गपरिष्वङ्गमात्रादेव निःशेषीभवति जगति निरीक्षितव्यासंभवादि नित्य-

---

वत्स जगन्नाथ, जगन्मय विष्णो, साधु साधु ! तुम ईश्वरकी ज्योतिसे अभिन्न अपने स्वरूपको आत्मामें देखो ॥ १८ ॥

इसके बाद माधवने जब अपनी समाधिका परित्याग किया, तब उनके सामने शिवस्वरूप तेज प्रकटित हो उठा ॥ १९ ॥

अनन्तर भगवान्ने महादेवका साक्षात्कार किया, वह महादेव चन्द्रकलासे भूषित थे, उनके सिर पर वर्त्तमान चन्द्रकला अतिपवित्र, नदी, नद आदि तीर्थस्वरूप होनेके कारण गीलापनसे युक्त होनेसे अर्धविकसित ललाट-लोचनकी धूमरेखासे परिचित होनेके कारण एवं जाह्नवीके कोपको उदरस्थ करनेके कारण पूर्ण गर्भ होनेसे रक्ताभ जटामण्डलमें रहनेके कारण सान्ध्यरागरञ्जितसी लगती थी, वह चन्द्रकला सकल विज्ञानकी प्राप्तिके आरम्भकी सूचनासी देरही थी, परमज्ञानस्वरूप होनेके कारण उसमें कलङ्कका संबन्ध नहीं हो पाया था, वह जटाबन्धनमें उपयुक्त सर्पके दांतकी तरह कुटिल तथा निर्मल थी । वह महादेव भक्तोंके आन्तरिक तमको दूर करनेवाले उसतृतीय नेत्रसे युक्त थे जो तृतीय नेत्र जगत्को कामरहित बनानेका कारण होनेकी वजह से निष्कामजन-वन्दनीय था, वरुनियोंके वीचसे निकलने वाले तेजसे जगत्को निःशेष कर देनेवाले उस नयनके

निमीलितेन भसितत्रिपुण्ड्रहारमालिकापद्मरागतरलेनेव ललाटलोचनेन परिहरन्तमान्तरं तमो भक्तिमतां, कुण्डलितकुण्डलिराजफणामणिमयूखराजिनीराजितेन निसर्गसुन्दरेण गण्डमण्डलेन, श्रुत्युल्लङ्घनभयादिव कर्णान्तपर्यवसितेन निरन्तरकरुणासारवाहिना लोचनयुगलेन, त्रिपुरविजययशोविशदेनेव परापराशेषविद्यात्मना प्रवहतो वचनामृतस्य निष्यन्देनेव मन्दस्मितेन च मदयन्तमिव मनांसि महायोगिनां, कदासौ पूर्येत, कदा चेममारोहेयमिति कुतूहलादुद्ग्रीवमालोकयन्तमिव चूडाचन्द्रमसं उदञ्चितात्रपादतया किंचिदन्यतो जिगमिषन्तमिव प्रकृतिचापलेन वेदमयं मृगमपरपादनियन्त्रणेन नियच्छन्तमात्मन्येव निभृतमेकेन करेण, अतिकठिनाज्ञानपाषाणसमुट्टङ्कनायेव गृहीतटङ्कमितरकरेण, निरुपप्लवापवर्गदानसत्रदीक्षिते जयत्यभयंकरे करे निःसारभोगवदान्येन किं मयेति ह्रियेवाधोमुखेन वरोङ्कितेन करारविन्देन परिपूरयन्तमभिमतान्यभिसंधिमतां, नीरूपदिगम्बराच्छादननिर्वेदादिव बहुरूपेण तारक्षवेण

लिये विश्वमें कुछ देखनेको नहीं रह गया था अतः वह नयन बराबर मुंदा रहा करता था, वह नयन भस्म, त्रिपुण्ड्र एवं हार के पद्मरागपर तरल होता रहता था। महादेवकी शेष दो आंखें श्रुतिके उल्लङ्घनके भयसे ही कर्णपर्यन्त विश्रान्त तथा निरन्तर करुणाकी वर्षा करने वाली थीं। वह महादेव अपने मन्दस्मितसे महायोगियोंके हृदयोंको आनन्दित कर रहे थे जो मन्दस्मित त्रिपुरविजयकी कीर्त्तिसे धवल एवं परा-अपरा विद्याके रूपमें प्रवाहशील वचनामृतके प्रवाहके समान लग रहा था। महादेवका कपोल कुण्डलके रूपमें उपयुक्त सर्पराजके फणामणिकी कान्तिसे चमक रहा था। महादेवने एक हाथसे वेदस्वरूप मृगको पकड़ रखा था जो वेद मृग यही सोचा करता था कि यह चूडाचन्द्र कब पूरा होगा और कब हम इसके ऊपर चढ़ेंगे, इसी धुनमें उसने अपने चरण उठाकर और गरदन ऊँची करके ऊपरकी ओर देख रहा था। महादेवने दूसरे हाथसे छेनी पकड़ रखी थी जो अतिकठोर अज्ञानपाषाणको चीरनेके लिये गृहीत मालूम पड़ती थी। एक हाथ जब अबाध मोक्ष-प्रदानका व्रत ले चुका है विश्वको अभय दे रहा है तब मेरी क्या आवश्यकता है इस प्रकारकी लज्जासे दूसरा वरदहस्त अधोमुख हो रहा था और ध्यान करनेवालोंको अभिमत प्रदान कर रहा था। चिरकाल तक नीरूप दिगम्बर धारण करते रहनेके कारण उत्पन्न निर्वेदके चलते

चर्मणाभिसंवीतं, चिन्मयेऽतिनिर्मले वपुषि जपाकुसुमपार्श्वगस्फटिके पलन्यायेन मञ्जीरफणिफणामणिप्रभापुञ्जपिञ्जरचरणारविन्देनातिपवित्रेण भाग्ययोगनिर्मलैरन्तःकरणैरिव चरणलग्नैः समाधिषु योगिनां पञ्चभिरक्षरैः शिवसूत्रस्य पर्यवसितैरिव सव्यापसव्ययोः पादयोरतिसुन्दरैर्नखैरवतंसयन्तमादिभारतीचिकुरबन्धं, अध्यासीनमधःकृतान्तःकरणवासनाष्टकमास्तीर्णात्मत्रयमहातल्पकल्पितमखिलतत्त्वपथोत्तीर्णमानन्दमयमहार्हमासनं, अन्वास्यमानमखिललोकमातृकया संविदानन्दघनीभावसंपन्नविग्रहया कादम्बिन्येव करुणारसपूर्णया आत्मविद्ययेव सादरमालिङ्गन्त्या समानगुणरूपसौन्दर्यशीलया भगवत्या सर्वमङ्गलया, सुखविश्रान्तमिव शरन्मेघमण्डलं, सुधासारघटितमिव कर्पूरपरागसंचयं, अतिकोमलमिव स्फटिकाचलं, आहतघनीभावमिव चन्द्रिकासारं, आवर्त्यपिण्डितमिव परमामृतं,आसेचनकमासेचनकानां, आश्चर्यमाश्चर्याणां, मङ्गलं मङ्गलानां

महादेवने बहुरूप व्याघ्रचर्म धारण कर रखा था। उनका शरीर ज्ञानमय तथा अति निर्मल था, जैसे जपापुष्पके समीपमें वर्त्तमान स्फटिक पर जपापुष्पका राग प्रतिफलित होता है उसी तरह चरणभूषण बनाये गये सर्पराजकी फणामणियोंसे प्रभा द्वारा उनके नख रक्ताभ हो रहे थे। उनके नख ऐसे लगते थे मानों समाधिलग्न महायोगियोंके प्ररूढभाग्य-सम्पर्कसे निर्मल अन्तःकरण ही उनके चरणोंमें लग्न हो रहे हों या शिवसूत्रके पांच (नमः शिवाय) अक्षरही दाहिने और बायें चरणमें संसक्त हों। उन सुन्दर नखोंसे वह (चरणप्रणत) आदिभारतीके केशपाशको उद्भासित कर रहे थे। वह महादेव अन्तःकरणकी आठ वासनाओंको बिछाकर बैठे हुए-से लग रहे थे, उन्होंने आत्मत्रयका तल्प बिछा रखा था, उनका आनन्दमय बहुमूल्य आसन अखिल तत्त्वपथसे परे वर्त्तमान था। आनन्दमय शरीरधारिणी मेघमालाकी तरह करुणा रससे पूर्ण आत्मविद्या सरीखी अखिललोकजननी उनका आलिङ्गन कर रही थी, उनकी अर्धाङ्गिनी भगवती सर्वमङ्गला गुण, रूप, सौन्दर्य एवं स्वभावमें उनके ही समान थी। वह महादेव शरत्-कालके मेघकी तरह सुखविश्रान्त, सुधामें सने कर्पूरचूर्णके समान, अतिकोमल स्फटिकगिरितुल्य, घनीभूत चन्द्रिकाराशिसदृश, पिण्डीभूत परमामृत समान लग रहे थे। उन्हें देखनेसे तृप्ति नहीं होती थी, वह आश्चर्योंके आश्चर्य,

आदिमादिमतां, अवधिमवसीदतां, आकरं विद्यानां, आलयं दयासौलभ्ययोः, अचिन्तनीयप्रभावमपि चिन्तनीयमखिललोकस्य, अद्वैतब्रह्मस्वरूपमप्याविष्कृतपञ्चब्रह्मरूपम्, अतिदूरमर्वाचां प्रमाणानाम्, अविप्रकर्षगोचरमादिगिरां साक्षात्कार दाक्षायणीरमणम् ॥

शाणोल्लीढशरन्मृगाङ्कशकलस्तोमाभिरामं महः
स्तत्पश्यन्निभृतं विनिद्रकमलद्राघीयसा चक्षुषा ।
साहस्राम्बुजपूजनव्रतसमाधित्सुः पुरा साहसं
चक्रे यद्विरिरंशे स्वयं तदुचितं मेनेऽधुना माधवः ॥२०॥

अपि च ।

वैराजशाक्करथन्तरवामदेव्य-
कालेयराजनगवांव्रतरौहिणाद्यैः ।
तं सामभिर्बहुभिर्ऋग्यजुषेण चोच्चैः
शौरिः स्तुवन्पुरहरं शतशो व्यनंसीत् ॥ २१ ॥

मङ्गलोंके मङ्गल, आदियोंके आदि, अवधियोंके अवधि, विद्याओंके आकर, दया तथा सुलभताके आलय थे । वह अचिन्त्य-प्रभाव होकर भी अखिललोकचिन्तनीय, अद्वैत ब्रह्मरूप होकर भी प्रपञ्चस्वरूप द्वैतको प्रकट करने वाले, आधुनिक प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे अति दूर तथा आदिम वाणिओंके समीपस्थ थे ।

शानपर चढ़ाये गये शरद्ऋतुके चन्द्रखण्डकी तरह सुन्दर उस शिवस्वरूप तेजको विकसित कमलके सदृश दीर्घनयनोंसे शान्तभावमें देखकर शिवके लिए सहस्रकमल द्वारा पूजनव्रतके समापनकी इच्छासे पूर्वकालमें जो साहस किया था माधवने उस साहसको उचित समझा ॥ २० ॥

वैराज, शाक्वर, रथन्तर, वामदेव्य, कालेय, राजन, गवांव्रत, रौहिण आदि साममन्त्रों तथा बहुत सारे ऋग्वेद तथा यजुर्वेदके मन्त्रोंसे भगवान्ने महादेवकी स्तुति करते हुए बार-बार उन्हें प्रणाम किया ॥ २१ ॥

भव्यैरष्टभिरान्तरैः परिचरन् पुष्पैरहिंसादिभिः
कोटीरे परभक्तिभारनमिते कुर्वन्प्रणामाञ्जलिम् ।
वाग्भिर्गद्गदनिर्गताभिरखिलत्रय्यन्तसैद्धान्तिक-
स्रोतःसारमयीभिरस्तुत स तज्ज्योतिः परं ज्योतिषाम् ॥

'सान्निध्यमात्रजो यस्य स्पन्दो बिन्दोरिदं जगत् ।
अद्वन्द्वमपरिस्पन्दि तद्द्वन्द्वं नौमि शांभवम् ॥ २३ ॥

ओमित्युमेति युवयोरभिधानमेकं
सृष्ट्यादिसृष्टयवधितागुणमात्रभिन्नम् ।
एकं च तावदभिधेयमपीह रूपं
वेणी जटेति कचसंहतिभेदभिन्नम् ॥ २४ ॥

यद्घोरघोरतररूपमघोरसंज्ञ-
मावर्तितभ्रुकुटिभीषणमाननं ते ।

अतिरमणीय अहिंसा आदि आभ्यन्तर पुष्पोंके साथ भक्तिभावसे नत मस्तकसे प्रणामाञ्जलि समर्पण करते हुए भगवान् गद्गदभावसे निकलती हुई अखिल वेदान्त–सिद्धान्तकी स्रोतःसारमयी वाणीके द्वारा शिवस्वरूप ज्योतिके भी ज्योतिको नमस्कार किया ॥ २२ ॥

जिसके सान्निध्यमात्रसे बिन्दुमें स्पन्दन होता है उसीका परिणाम हो जाता है यह जगत्, सकलद्वन्द्वसे परे तथा अविनश्वर उस शाम्भवद्वन्द्वको (शिव-पार्वती के जोड़ेको) मैं नमस्कार करता हूँ ॥ २३ ॥

'ओम्' और 'उमा' आप दोनोंका यह नाम वस्तुतः एक ही है, अन्तर इतना ही है ओंकार सृष्टिके विलयका अवधि तथा उमा सृष्टिकी जननी है। ओम् तथा उमा शब्दका वाच्य अर्थ शिव तथा पार्वती भी एकही है अन्तर केवल यही है कि पार्वतीके सिर पर चोटी है और शिवके सिर पर जटा है ॥ २४ ॥

घोरसे भी अतिघोर जो आपका अघोरसंज्ञक कुटिल भ्रूभङ्गसे भीषण मुख

तदक्षिणं पशुपतेः परमं पदं मे
सांसारिकार्तिहरणं शरणं प्रपद्ये ॥ २५ ॥'

इति स्तुवन्तमिन्दिरारमणमिन्दुशेखरः परिरभ्य बाहुभ्यामिदमाचचक्षे —'भगवन् कमललोचन भवदर्शनेन परमामस्मि निर्वृतिं प्राप्तः । आत्मनोऽपि किमधिकं प्रेमपदम् । तथा हि—

शिवा घोरा चेति श्रुतिषु विदिते ये मम तनू
तयोराद्या मूर्तिः परमरमणीया त्वमसि मे ।
त्वमस्यर्धं देहे त्वमसि वदनं दक्षिणमिति
त्वयि प्रीये यावत्तव भवति तावच्च विदितम् ॥ २६ ॥

किमिच्छसि किं करणीयम्' इत्यमिदधत्युमावल्लभे, रमावल्लभेनेदमभिदधे—'किमन्यदेष्टव्यम् । इदं किल किमपि विशृङ्खलं दुर्यश इव संभावितस्य सद्यःसमाक्रान्तविध्यण्डमण्डलं, दुर्विदग्धस्य पाण्डित्यमिव तृणीकृतब्रह्मादिदैवतं, नीचगतमैश्वर्यमिव निमिषार्धमपि क्षन्तुमक्षमं,

---

है वही आप पशुपतिका दक्षिण पद है, वह सांसारिक सन्तापका दूर करनेवाला है, मैं उसे प्रणाम करता हूँ ॥ २५ ॥

इस प्रकार स्तुति करनेवाले लक्ष्मीनाथको बाहुओंसे आलिङ्गित करके शिवजी ने कहा—हे भगवन् कमललोचन, मुझे आपके दर्शनसे बड़ा आनन्द मिला है । आत्मासे बढ़कर प्रीतिपात्र हो ही क्या सकता है ? मेरी शिवा तथा घोरा नामकी जो दो देहें श्रुतियोंमें कही गई हैं, उनमें शिवा नामकी मेरी परम रमणीय देह तुमही हो । तुम मेरी देहके अर्धभाग हो, तुम मेरे दक्षिण मुख हो, मैं तुम पर कितनी प्रीति रखता हूँ यह तुमको ही विदित है ॥ २६ ॥

भगवन्, आप क्या करना चाहते हैं ? इस प्रकार शिव द्वारा पूछे जाने पर भगवान्ने कहा—इसके अतिरिक्त क्या चाहना है ? यह संभावित कार्यके नहीं कर सकनेसे उत्पन्न दुर्यशके समान, तत्काल समस्त ब्रह्माण्ड-मण्डलको आक्रान्त करनेवाला, दुर्जनके पाण्डित्यकी तरह ब्रह्मादि देवगणको तुच्छ समझनेवाला, नीच व्यक्तिगत ऐश्वर्यकी तरह क्षणभरके लिये क्षमा करनेमें असमर्थ, मूर्ख राजाकी

बालिशराजोपसेविजीवनमिव प्रतिक्षणं चित्रीयमाणं, पाशुपतावहेलनमिव भस्मीकृतजगत्त्रयं, क्षीणायुपामामयौल्वण्यमिव विफलीभवत्प्रतीकार-प्रकारं, पाषण्डमुखमिव परिहरणीयं दर्शनपथात्, प्रतारकसौहार्दमिव परमदारुणं, विषयनिषेवणमिव व्यामोहकारणं, भवत्पादाब्जवैमुख्यजं दुरितमिव भवत्प्रपदनैकभेषजं, अव्यपदेश्यमनिर्धार्यं, अदूरविप्रकर्षेण शक्यमिव विषमिति व्यपदेष्टुं, अतर्कितोपनतमतीतभवप्रारब्धमिव समाक्रम्य जगत्त्रयं, संनिपात्य देवासुरान्, प्रक्षोभ्य कमलासनं, परिवृत्य मामपि प्रवृत्तं शनैर्भूषणाम्बरादिषु, भगवत्याः सुधामालिन्याश्चरणस्मरण-प्रभावादपसृत्येव किंचिदधरोत्तरयति विश्वमिदम् ॥

अक्षोभ्यं भिषजां शतैरविषयः शस्त्रस्य वास्त्रस्य वा
दुःसाधं मणिमन्त्रयन्त्रशरणैर्दुर्निग्रहं योगिभिः ।

सेवामें नियुक्त जनके जीवनकी तरह प्रतिक्षण विचित्रता प्राप्त करनेवाला, शिव-भक्तके तिरस्कारकी तरह अशेष त्रिभुवनको भस्म कर देनेवाला, गतायु व्यक्तिके रोगवेगकी तरह समस्त प्रतीकारोपायोंको व्यर्थ बना देनेवाला, पाखण्डी व्यक्तिके मुखकी तरह नहीं देखने योग्य, ठग व्यक्तिकी मैत्रीके सदृश परमदारुण, विषय-सेवनके समान व्यामोह उत्पन्न करनेवाला, आपके चरणारविन्दसे विमुख रहने पर उत्पन्न होनेवाले पापकी तरह आपकी शरणमें जानेमात्रसे साध्य, किसी भी शब्दसे व्यवहृत होनेके अयोग्य, किसीके द्वारा अनिश्चितरूप, समीपसे देखने पर विषके रूपमें कहे जानेके योग्य, अकस्मात् प्रकट होकर, बीते हुए सृष्टिकालमें उत्पन्नके समान जगन्त्रयको आक्रान्त करके वर्त्तमान यह कोई अद्भुत पदार्थ देवों तथा दानवोंको गिरा-पड़ाकर, ब्रह्माको क्षुब्धकर धीरे-धीरे मुझको भी वस्त्र-आभूषण प्रभृतिके द्वारा घेरकर जो भगवती सुधामालिनीके स्मरणके प्रभावसे कुछ दूर हट-सा गया है, वह अद्भुत पदार्थ जगत्को विचलित कर रहा है ।

इस अद्भुत पदार्थको औषधोपचार-चतुर वैद्य नहीं छू सकते हैं, शस्त्र अथवा शास्त्रका वहाँ कुछ भी साध्य नहीं है, मणि, मन्त्र, यन्त्रआदिके ज्ञाता योगी उसको साध्य नहीं कर सकते हैं, इस पदार्थने कमलासन ब्रह्माको व्यामोहमें

व्यामुह्यत्कमलासनं विनिपतद्देवर्षिसिद्धासुरं
निर्व्यापारितमद्भुजं च किमिदं किंनाम न ज्ञायते ॥२७॥

यदादिष्टं पाल्यं जगदिति जगन्नाथ भवता
तदेतत्पर्यन्तं तव करुणया साधितमिव ।
दुरूहे दुःसाधे महति पुनरस्मिन् प्रविलये
ममेदं कार्यं यत्तव चरणयोस्तत्त्वकथनम् ॥ २८ ॥'

इति निर्विण्ण इव निवेदयति गरुडध्वजे, प्रहसन् पार्वतीरमणः, पश्य तावदिति ब्रुवन्, प्रसारयन् दक्षिणं बाहुं, अनुसस्मार हालाहलम् ॥

सर्वातङ्कविशङ्कशङ्करजटालंकारचन्द्राङ्कुर-
ज्योत्स्नानिर्भरपूरितत्रिजगतीगर्भावधूतो बहिः ।

डाल दिया है, देव, ऋषि, सिद्ध तथा असुरोंको निपातित कर दिया है, अधिक क्या कहा जाय, इसने तो मेरे हाथोंको भी व्यापारशून्य बना दिया है, यह क्या है तथा इसका क्या नाम है ? कुछ समझ में नहीं आ रहा है ॥ २७ ॥

हे जगन्नाथ, आपने मुझे जो जगत्के पालनका आदेश दिया था, इस समय तक मैं उस आदेशका आपकी दयासे पालन करता आया था । इस दुरूह तथा दुःसाध्य प्रलयमें (अब मैं उस कार्यको करनेमें अपनेको असमर्थ पा रहा हूँ अतः) मेरा यह कर्त्तव्य हो जाता है कि यथार्थ स्थितका आपके चरणोंमें निवेदनकर दूँ ॥ २८ ॥

इस प्रकार जब खिन्न होकर भगवान्ने शिवजीसे निवेदन किया तब हँसते हुए शिवजीने कहा कि देखिये तो क्या होता है ? इस प्रकार कहते हुए शिवजीने अपना दहिना हाथ फैलाया और हालाहलका स्मरण किया ।

सर्वविध आतङ्कसे विशङ्क महादेवकी जटाके अलङ्कार चन्द्रकलाकी चन्द्रिकासे जगतीका अभ्यन्तर भाग पूर्ण हो गया, उसी चन्द्रिकाके प्रभावसे वह विष न

स क्ष्वेलः क्वचन व्यलीयत महाशुण्डालशुण्डाहति-
क्षुभ्यत्क्षुद्रसरस्तरङ्गनिकरव्याकीर्णशैवालवत् ॥ २९ ॥

अजनि शनैर्विशदं जगदपसर्पति कालकूटसंतमसे ।
तात्पर्यमिव कवीनां तार्किककोलाहलोपरमे ॥ ३० ॥

ततश्च सान्निध्यत एव भगवतश्चन्द्रचूडस्य पल्लवितान्यरण्यानि, पर्यपूर्यन्त सागराः, प्रावर्तन्त सरितः, पस्पन्दिरे मरुतः, प्रचकाशिरे ज्योतींषि, प्रसेदुर्दिशः, प्रशेमुरुत्पाताः, प्रादुरभूवन्मङ्गलानि, अचेतयन्त जन्तवः, यथापुरमबुध्यत वासुकिः, उत्तस्थुर्देवासुराः, शनैरुपलभ्य संज्ञा-मम्भोजसंभवोऽपि संददर्श चन्द्रशेखरम् ॥

पर्याप्तेन्दुशतद्युतिं परिचितं सत्या शुकश्यामया
साकूतस्मितसुन्दराधरपुटं शार्दूलचर्माम्बरम् ।

जानें कहाँ विलीन हो गया, जैसे महान् शुण्डादण्डशाली गजराजके शुण्डाघातसे क्षुभित अल्पाकार जलाशयके तरङ्गोंसे उसमें यत्र-तत्र बिखरा हुआ शैवाल विलीन हो जाता है ॥ २९ ॥

हालाहलजनित अन्धकारके हटते ही विश्व अतिविशद हो उठा, जैसे तार्किकों द्वारा उपस्थापित कोलाहलके समाप्त होते ही कवियोंके तात्पर्य विशद हो उठते हैं ॥ ३० ॥

इसके ही साथ-साथ भगवान् चन्द्रचूडके सान्निध्यमात्रसे वन पल्लवित हो गये, समुद्र पूर्ण हो गया, नदियाँ बहने लगीं, हवा चलने लगी, तारे चमकने लगे, दिशायें प्रसन्न हो उठीं, उत्पात शान्त हो गये, मङ्गलमय कार्य होने लगे, जन्तुओं में चेतना लौट आई, पहलेकी तरह वासुकि नाग फिरसे मन्दरमें बाँधा गया, देव-दानव उठ खड़े हुए, और धीरे-धीरे होशमें आकर ब्रह्माने भी शिवजीके दर्शन किये ।

सौ चन्द्रमाकी तरह प्रकाशमय कान्तिवाले, शुकश्यामलाङ्गी सतीसे युक्त, अधरों पर साभिप्राय मुस्कानको धारण करनेवाले तथा व्याघ्रचर्मधारी एवं बड़ी

सावज्ञाग्रकरप्रसारणमहासंरम्भसंभावना-
संहृष्यत्कमलेक्षणं च तमसौ पश्यन्न तृप्तिं ययौ ॥३१॥

ततः प्रतिलब्धचेतना ब्रह्मादयः, पक्षिण इव सुप्तोत्थिताः प्रातरुच्चावचैः कोलाहलैरुद्यन्तमिव सहस्रकिरणमुपतिष्ठन्ते यावदुमारमणं, तावदस्य भवसागरनिमग्नभक्तजनोद्धारदर्शितानुराग इव, परिणामकर्कशपशुपाश-ग्रन्थिविश्लथनायाससंभृतारुण्य इव, पार्वतोकुचकुम्भकुङ्कुमालेपपरिचय-पाटल इव, तामरसोदरसोदरत्विषि पाणितले, पल्लव इव मधुव्रतः, पद्म-रागकरण्ड इव कस्तूरिका, जाम्बवमात्रपरिमाणजातसंकोचमपि दुराधर्ष-मूष्मणा, दुर्दर्शमतिदारुणेन तेजसा च, समालक्ष्यत तरलमिव साध्वसेन तद् गरलम् ॥

लापरवाहीके साथ हाथके अगले भागको फैलाकर किये गये सत्कारके द्वारा ब्रह्माको आनन्दित करनेवाले उस देवाधिदेव चन्द्रशेखरको देखकर ब्रह्मा अति सन्तुष्ट हुए ॥ ३१ ॥

इसके बाद ब्रह्मादिदेव होशमें आये, जैसे प्रातःकालमें सोकर उठनेवाले पक्षिगण नानाविध कोलाहलसे उगते हुए सूर्यकी आराधना करते हैं उसी तरह वे ब्रह्मादिदेव शिवकी स्तुति करने लगे ।

इसी समय वह भीषण विष महादेवके हाथ पर आ गया, उनका हाथ भवसागरमें निमग्न भक्तजनके उद्धारके प्रति अनुरागसे रञ्जित-सा लग रहा था, परिणाम-कठोर पशुपाशग्रन्थिके खोलनेके श्रमसे लाल हो गया-सा प्रतीत हो रहा था, पार्वतीके स्तनों पर किये गये कुङ्कुमलेपके सम्पर्कसे रक्तवर्ण लग रहा था, वह कमलके गर्भकी तरह रक्तवर्ण था । उस रक्तवर्ण हाथ पर वह विष पल्लव पर भ्रमरके समान तथा पद्मराग-निर्मितपात्रमें कस्तूरीके समान प्रतीत हो रहा था, यद्यपि एक जामुनफलके बराबर आकारका होनेसे वह लज्जित-सा प्रतीत होता था परन्तु सन्ताप-प्रदानमें वह अजेय था, दुर्दर्श तेज भी उसकी ओर देख तक नहीं सकते थे । वह विष भयके कारण चपल-सा लग रहा था ।

आश्चर्यस्तिमितत्रिविष्टपमतिप्रेमाहितात्याहित-
प्रत्युभ्यद्गिरिजागृहीतपुनरुद्भूताग्रहस्ताम्बुजम् ।
मह्यं मह्यमिति प्रतिस्वमसकृत्क्ष्वेलार्पणप्रार्थना-
संनह्यद्गणदर्शितस्मितलवं शंभोः स्थितं पातु नः ॥३२॥

ततः प्रकृतिस्थे जगति, प्रबुद्धेषु देवासुरेषु, परिष्टुवति पद्मविष्टरे पद्मनाभे च, निषेद्धुमनुवर्तितुमप्यपारीणतया निश्चलार्पितदृष्टिषु नन्दिमुखेषु पारिषदेषु, अन्तरेव मङ्गलमाशासानया सर्वमङ्गलया समालिङ्गितो दृढं 'हालाहलो नाम विषराजोऽयमाचम्यतेऽस्माभिः, मा विभीत, विज्वरा भवत' इति प्रतिबोध्य पश्यतो जनान्, माधव इव नवनीतम्माधवो गरलमुपयुयुजे । यस्य शिष्यवर्गे वडवानलः, भुजिष्यवर्गे भुजगविषाणि, वनीपकवर्गे वज्रनिष्पेषः, गणनीय एव गगनमणिः, तादृशि कालकूटे तादृशोमपि दारुणतामुपसंगृह्य, जम्बूफल इव, जीर्णामलक इव, खर्जूरपिण्ड इव, खदिरसारखण्ड इव, विशति निःशङ्कमाननं विषमलोचनस्य,

---

महादेवने जब उस विषको हाथमें ले लिया तब देवगण आश्चर्यसे ठिठक गये, अतिशय प्रेमवश (शिवके द्वारा विषको हाथ पर लेनेको) महान् अनर्थ समझकर पार्वतीने शिवजीका हाथ पकड़कर विष छीन लेना चाहा, परन्तु शिवजीने अपना हाथ ऊपर उठा लिया । प्रत्येक महादेवके गणके मुखोंसे यह बात निकलने लगी कि वह विष मुझे मिले—मुझे मिले । इस स्थितिमें शिवका मुस्कुराते हुए खड़ा रहना हमारी रक्षा करे ॥ ३२ ॥

इसके बाद जगत्के स्वस्थ हो जाने तथा भगवान् एवं ब्रह्माके स्तुति करने लगने पर, नन्दिप्रभृति पारिषदगण महादेवको न विष पीनेसे रोक सके न उनका अनुमोदन ही कर सके । अपने हृदयमें मङ्गलकामना करती हुई पार्वतीने शिवका आलिङ्गन कर लिया, तब जैसे माधवने नवनीत खाया था उसी तरह शिवने यह कहते हुए विष खा लिया कि—'मैं इस विषराज हालाहलका पान कर रहा हूँ, आप मत डरें, आपका ताप दूर हो' । जिस हालाहल विषका वड़वानल शिष्यवर्गमें है, अन्यान्य सर्पविष सेवकवर्गमें हैं, हीरेकी कनी दयाप्रार्थी है, सूर्य जिसके तापके आगे फीका पड़ जाता है, वह कालकूट अपनी भयङ्करताको समेटकर जम्बूफल, पुराना आँवला, खर्जूरपिण्ड अथवा खदिरसारकी तरह जब निःशङ्क-

जठरस्थजगत्सोपमाशङ्कमाना दयामयी भगवती दाक्षायणी पल्लवकोमलेन पाणिना परामम्र्श कण्ठपदम् ॥

निर्मर्यादभवज्वरज्वलनसीदज्जोवजीवातुना
संस्पृष्टं करपल्लवेन जगतां मातुः सुधास्यन्दिना ।
सद्यः शीतलितं शरत्परिणतज्योत्स्नामृतस्यन्दव-
त्तस्तम्भे गरलं गले भगवतश्चन्द्रार्धचूडामणेः ॥ ३३ ॥

यच्छैलेषु यदम्बुराशिषु यदुद्भिज्जेषु यज्जन्तुषु
क्वापि क्वापि हृतस्य तस्य सहसा लेपात्मना शेषितम् ।
तत्सौराष्ट्रिकदारदादिभिदया विख्यातमद्याप्यहो
कीटायापि न मन्यते खगपतिं धन्वन्तरिं चाश्विनौ ॥३४॥

अन्तर्निगीर्णमपि तेन तदाविरासी-
त्कालोन्मिषत्कुवलयच्छवि कण्ठमूले ।

भावसे महादेवके पेटमें जा चुका तब महादेवके उदरदेशमें वर्त्तमान जगत्के दाहकी शङ्का करनेवाली दयामयी भगवती पार्वतीने अपने पल्लवसुकुमार हाथसे महादेवका गला सहला दिया ॥

असीम सांसारिक तापरूप अग्निकी ज्वालासे सीदित होनेवाले जगत्को जीवन प्रदान करनेवाले अमृतवर्षी माता पार्वतीके हाथसे स्पृष्ट होनेपर वह तत्काल शरद् ऋतुकी प्रौढ़ चन्द्रिकाके प्रवाहकी तरह शीतल होकर महादेवके गलेमें रुका रह गया ॥ ३३ ॥

उस हालाहल विषका जो थोड़ा सा अंश लेपके रूपमें पर्वतों, सागरों, लता या वृक्षों अथवा जन्तुओंमें कहीं-कहीं शेष रह गया, उसीका नाम सौराष्ट्र और दारद आदि पड़ा, वह आजभी प्रसिद्ध है और वह गरुड़, धन्वन्तरि या अश्विनीकुमारको अतितुच्छ गिनता है ॥ ३४ ॥

महादेवने उस हालाहल विषको पी तो लिया, परन्तु कालक्रमसे वह नील-

आयस्य गुप्तमपि खल्वनृतं कदापि
सद्यः स्फुटीभवति साधुषु निर्मलेषु ॥ ३५ ॥

अथ भगवन्तमनायासकवलोकृतकालकूटं आविष्कृतमन्दस्मितसुन्दरमाश्वस्तया भवान्या मुहुर्मुहुराश्लिष्य परिचुम्बन्त्या परामृश्यमानकन्धरापदं, आनन्दतुन्दिलतया किमप्यज्ञातकरणीयैरालिङ्गद्भिरितरेतरं, अन्योन्यमास्फोटयद्भिरन्योन्यममरगणैरसकृदुपसंगृह्यमाणचरणारविन्दमालक्ष्य चन्द्रशेखरम्, आनन्दनिर्भरा गोविन्दविधिपुरंदरादयो देवाः, बलिविरोचनादयो दानवाः, ब्रह्मर्षयश्च सनकादयो यथामति स्तोतुमारेभिरे ॥

'दिष्ट्या विषेण भग्नाः स्मो दिष्ट्या पीतमिदं त्वया ।
दिष्ट्या च नीलकण्ठं त्वां गृणती साधिता श्रुतिः ॥३६॥

पाषाणान् सितनीलपीतहरितान्वैडूर्यवज्रादिकान्
कण्ठे वक्षसि मूर्ध्नि वा निदधतां का नाम तेन स्तुतिः ।

कमलके रंगमें उनके कण्ठमूलमें प्रकट हुआ, जैसे प्रयास करके छिपाये जानेपर भी अनृत स्वच्छहृदय साधुओंपर कभी न कभी खुल ही जाता है ॥ ३५ ॥

इसके बाद महादेवने जब अनायास कालकूटको निगलकर सुन्दर मन्दहास प्रकट किया, तब आश्वस्त होकर बारबार पार्वतीने शिवजीका आलिङ्गन करके उन्हें चूमा, उनकी गरदन सहलाई, महादेवके गण आनन्दविभोर होकर एक दूसरेका आलिङ्गन करने लगे उनकी समझमें नहीं आ रहा था कि क्या करें, वे परस्पर धक्का देते तथा हँसते थे। उन लोगोंके द्वारा प्रणत भगवान् चन्द्रशेखरको देखकर आनन्दमग्न विष्णु, ब्रह्मा तथा इन्द्र आदि देवगण, बलि, विरोचन आदि दानवगण तथा सनकादि ब्रह्मर्षिगणने यथामति शिवकी स्तुति करना आरम्भ किया।

हम सभी विषके सन्तापसे सन्तप्त हो रहे थे, हमारे सौभाग्यसे आपने उस विषको पी लिया है। अब हमारे भाग्यसे आपको नीलकण्ठ कहनेवाली श्रुति सार्थक हो रही है ॥ ३६ ॥

उजले, काले, पीले तथा हरे वैदूर्य आदि प्रस्थरखण्डोंको लोग कण्ठ तथा

एतद्भूषणमेतदेव जगतां दुःसाधमुज्जीवनं
कण्ठे यद्भगवन्नियच्छसि सुखं काकोलमुच्छृङ्खलम् ॥३७॥

अद्याहं परिपालकोऽस्मि जगतामद्यैव धातात्मभू-
रद्येमे हरिदीश्वरा भुजबलैरद्योद्भटा दानवाः ।
अद्यैते चिरजीविनो मुनिवरास्तन्त्रैश्च मन्त्रैरपि
स्वामिन्नाकलयामहे तव यदा कण्ठं घनश्यामलम् ॥३८॥

शैलादिकृतनिषेवण कैलासशिखरभूषण तत्त्वार्थगोचर चन्द्रार्धशेखर शापायुधकुलार्थ्यसस्मितापाङ्ग कोपारुणकटाक्षभस्मितानङ्ग ऊरीकृतविभूतिदिव्याङ्गराग गौरीपरिगृहीतसव्याङ्गभाग अङ्गानुषङ्गपावितनरास्थिलेश गङ्गातरङ्गभावितजटाप्रदेश वन्दनाभिरताखण्डल स्यन्दनायितभूमण्डल

मस्तकपर धारण करते हैं इससे उनकी क्या प्रशंसा है। यही भूषण है, यही जगत्का अति कष्टसाध्य उज्जीवन है जो कि आपने इस भयङ्कर हालाहल विषको अपने कण्ठमें निगृहीत कर रखा है ॥ ३७ ॥

वस्तुतः आज ही हम जगतके पालक हुए हैं, ब्रह्मा आज ही जगत्के निर्माता हुए हैं, आज ही यह देवगण दिगीश हुए हैं, दानवगण भुजबलसे अजेय हुए हैं और आज ही अपने-अपने तन्त्र-मन्त्रोंके द्वारा यह मुनिजन चिरजीवी हुए हैं जब हमने आपके इस कण्ठको मेघकी तरह श्यामलवर्ण धारण किये देखा है ॥ ३८ ॥

हे शैलराज पर निवास करनेवाले, कैलास शिखरके भूषण, तत्त्वार्थके विषय, चन्द्रकलाभूषण, आपकी जय हो। शापायुध-मुनिजन आपके सस्मित अपाङ्गकी प्रार्थना किया करते हैं, आपने कोपरक्त कटाक्षके द्वारा कन्दर्पको भस्मावशेष कर दिया है, आपने विभूतिके अङ्गरागको अपनाया है, आपके वाम भागको पार्वतीने अपना बना लिया है, आपने अपने शरीरके स्पर्शमात्रसे नरास्थिको भी पवित्र बना दिया है, आपकी जटाओंमें गङ्गा प्रवाहित होती रहती है। आपकी वन्दनामें इन्द्र निरत रहते हैं, आपने त्रिपुरदाहके समय पृथ्वीको अपना

अक्रीतदासतापसकदम्ब चक्रीकृतार्कशीतकरबिम्ब आहृतपुराणवेतण्ड
स्वीकृतसुमेरुकोदण्ड खर्वीकृतासुरमदानुपूर्वीविकास दर्वीकरेश्वरगृहीत-
मौर्वीविलास वीणामुनीन्द्रख्यापितगरिमपौरुष बाणाधिकारस्थापितपरम-
पूरुष अनिलाशनविहितनेपथ्य कमलासनविहितसारथ्य विश्वाधिकृत्वप-
दालम्ब अश्वायिताद्यवचोगुम्फ कुन्दस्मयहरकान्तिप्रकर मन्दस्मितलव-
शान्तत्रिपुर नादबिन्दुकलाभिज्ञास्पदभूरिभद्र स्वेदबिन्दुलवाविर्भावित-
वीरभद्र त्रस्तरक्षापरतन्त्र ध्वस्तदक्षाध्वरतन्त्र किरीटानीतविविधवेधः-
कपाल चपेटाघातशिथिलभास्वत्कपोल जृम्भितविक्रमोद्दण्ड स्तम्भित-
चक्रिदोर्दण्ड ब्रह्मस्तवोपचितमहाहर्ष जिह्मस्वभावजनदुराधर्ष वसुन्धरा-
धरसुतोपलालन जरन्धरासुरशिरोनिपातन कोपाहतपतितान्तक
व्यापादितसमदान्धक वरसंहननजटासंभृतपरभागगौर नरसिंहनियम-

रथ बनाया था, तपस्वीगण आपके बिना दामके गुलाम बने रहते हैं, आपने चन्द्रमा एवं सूर्यको अपने रथका दोनों चक्र बनाया था, आपने पुराने गजरूप गणेशके प्रति प्रेम किया है, सुमेरु पर्वत आपका धनुष बना, आपने असुरोंके मदको चूर किया, सर्पराजने आपके धनुषकी प्रत्यञ्चाका रूप धारण किया, नारदने आपके गौरव तथा पौरुषको प्रख्यापित किया, बाणासुरके अधिकारमें आपने भगवान्‌को रखा, सापोंको आपने भूषणका रूप प्रदान किया, ब्रह्माने आपका सारथि बनना स्वीकार किया, विश्वका अधिपतित्व आप पर अवलम्बित है, वेद आपके रथके अश्व बने, आपके शरीरकी कान्ति कुन्द पुष्पके गर्वको दूर करनेवाले हैं, आपके मन्दस्मित से त्रिपुर शान्त हो उठा, प्रणवके सूक्ष्मावयवोंको जाननेवाले आपकी कृपासे कल्याणराशिके पात्र होते हैं, आपने पसीनेकी बूँदके द्वारा वीरभद्रको उत्पन्न किया, भीतजनकी रक्षा करनेमें आप तत्पर रहा करते हैं, आपने दक्षके यज्ञका ध्वंस किया, आपने अनेक ब्रह्मकपालोंको किरीटरूपमें धारण किया है, चपेटाघात द्वारा आपने सूर्यके कपोलको शिथिल बनाया, आपका पराक्रम उद्दण्डरूपमें बढ़ता रहा है, आपने भगवान्‌के बाहुओंको स्तम्भित किया, आपको ब्रह्मा द्वारा की गई स्तुतिसे महाहर्ष होता है, कुटिलमति आपको नहीं प्राप्त कर सकते हैं, आपने नगराजकी पुत्रीको दुलारा है, आपने जरन्धर नामक असुरके सिरको गिरा दिया, आपके कोपसे आहत होकर यमराज पतित हुआ, आपने मदमत्त अन्धकासुरको मारा,

नालम्बितशरभावतार प्रपन्नभयमोचन विभिन्नभगलोचन प्रपञ्चदहनकारक विरिञ्चवदनहारक संचारपूतमन्दर पञ्चायुधातिसुन्दर अपनीतदक्षानन अभिनीतभिक्षाटन धारितमेरुकाननकुसुममालिकालंकार दारितदारुकाव-नकुलपालिकाहंकार समावर्जितभक्तमानसानुसार परावर्तितदृप्ततापसा-भिचार वैयासिकोक्तिगोचर वैयाघ्रकृत्तिभासुर गतपरिकर्मगणस्पृह कृतकरिचर्मपरिग्रह स्वध्यानशमितपातकप्रसङ्ग विध्यादिविबुधपूजित-स्वलिङ्ग शान्तमानसानुरोध क्षान्ततापसापराध फालानलवलनभीषण हालाहलगरलभूषण अरुणांशुकन्दलमणिसुन्दरफणिकुण्डल चरणाग्र-यन्त्रितदशकन्धरभुजमण्डल, आनन्दताण्डवनटनानुबन्ध गोविन्दपूजित-चरणारविन्द विनयानतामृताशनसहस्राहितप्रमोद तनयाभिलाषिमाधव-तपस्याकृतप्रसाद दिव्यास्त्रदानतोषितभृगुसूनुनम्य सव्यार्धभागभावित-

---

आपके मस्तक पर जटा है तथा आपका शेष शरीर गौर है, आपने नरसिंहको परास्त करनेके लिये शरभका रूप धारण किया, आप शरणागतके भयको दूर करनेवाले हैं, आपने वीरभद्रके द्वारा सूर्यके नयन उखड़वा लिये थे, आपने इस विश्वप्रपञ्चका दाह किया, आपने ब्रह्माका मुख अपहृत किया, आपने अपने सञ्चारसे मन्दरको पवित्र किया, आप पाँच आयुधोंसे अति सुन्दर हैं, आपने दक्षका सिर काट लिया, आपने भिक्षाटनका अभिनय किया, आपने मेरु पर वर्त्तमान वनके फूलोंकी माला धारण किया, आपने दारुकवनकी कुल-पालिकाका अहङ्कार दूर किया, आपने भक्तोंके हृदयका अनुसरण किया, आपने घमण्ड भरे तपस्वियोंके अभिचार कर्मको निष्फल किया, आप व्यासकी उक्तियोंके विषय तथा व्याघ्रचर्मसे भासित हैं, आपको परिकर्मगणकी स्पृहा नहीं है, आपने गजचर्म धारण किया है, आप अपने ध्यान करने वालोंके पाप शान्त करनेवाले हैं, ब्रह्मा आदि देवगण आपके लिङ्गकी पूजा करते हैं, आप मनके वेगको शान्त रखते हैं, आपने तपस्वियोंके अपराध क्षमा किये, आप कालानलकी ज्वालासे भीषण हैं, हालाहल विष आपका भूषण है, रक्त आभासे युक्त किरणवाले मणि आपके कर्णभूषण हैं, आपने चरणसे रावणके भुजमण्डलको नियन्त्रित किया, आप आनन्दमय ताण्डवनृत्यके अनुरागी हैं, आपके चरणारविन्द देवगणके द्वारा पूजित होते हैं, विनयनम्र देवगण आपके आनन्दको उत्पन्न किया करते हैं, पुत्रकी इच्छासे तपस्या करनेवाले विष्णु पर आपने कृपाकी थी,

हरिरूपरम्य वन्दितागतश्रुतिसार नन्दिपालितप्रतिहार बुद्धनानार्थरहस्य शतमन्युमुख्यामरभक्तिगोचर दुग्धपानार्थतपस्युपमन्युविश्राणितदुग्ध सागर अधिकसंचालितदुष्टपीडाचरण हरिविरिञ्चापरिदृष्टचूडाचरण अञ्चद्धर्मवृषाधार पञ्चब्रह्ममयाकार वेदाश्ववरोपहितस्वाम्य श्वेताश्वतरोपनिषद्गम्य चापल्यरहितरम्यस्वभाव कैवल्यवचनगम्यप्रभाव अखर्वमखाधिराज्यप्रताप अथर्वशिखानुवाद्यस्वरूप अगर्वनरस्तुतिमुदित अथर्वशिरःश्रुतिविदित नादान्तविभावनीय वेदान्तविबोधनीय प्रणतार्तिहर प्रणवार्थसार मुग्धलावण्याधार शुद्धचैतन्याकार आशीविषधारक काशीपुरनायक हृदम्बुजकृतविलास चिदम्बरकृतनिवास आकर्णचलितापाङ्ग गोकर्णरचितासङ्ग घोरासुरपुरधूमकेतुस्मित वाराकरगतरामसेतुस्थित

दिव्यास्त्र प्रदान द्वारा तुष्ट किये गये परशुरामके आप प्रणम्य हैं, आपने वाम अर्द्धभागमें हरिको रखकर अपने रूपको रम्य बनाया था, वेदके सार आपकी स्तुति करते हैं, आपके द्वारपालका कार्य नन्दी करते हैं, नानाप्रकारके अर्थ-रहस्योंको जाननेवाले देवगण आपकी भक्ति किया करते हैं, दूधके लिये तपस्या करनेवाले उपमन्युको आपने दूधका सागर प्रदान किया, आपने दुष्टोंको पीड़ा प्रदान करनेवाले चरण की भरपूर सञ्चालनाकी, विष्णु, ब्रह्मा आदि भी आपके तत्त्वको नहीं जान सके, आपने धर्मरूप वृषको अपना वाहन बनाया, आप परब्रह्म स्वरूप हैं, वेदस्तरूप अश्वोंपर आपका अधिकार है, आप श्वेताश्वतर उपनिषद्के प्रतिपाद्य हैं, आपका स्वभाव चापल्यरहित होनेके कारण रम्य है, मोक्षोपयोगी वचन आपके प्रभावका परिचय प्रदान करते हैं, समस्त स्वर्गराज्यपर आपका प्रभाव है, अथर्वशिखा नामक वेदभाग आपके स्वरूपका अनुवाद करता है, गर्वहीन मनुष्यकी स्तुतिसे आपको आनन्द होता है, अथर्ववेदके चरमभाग से आपका ज्ञान होता है, आप नादके अन्तमें बिन्दुरूपसे विभावनीय हैं, आप प्रणत व्यक्तियोंका कष्ट दूर करते हैं, आप ओंकारके अर्थके सारभूत हैं, भोले-भाले सौन्दर्यके आप आधार हैं, आप शुद्ध चैतन्यस्वरूप हैं, आप सर्पभूषण, काशीपुराधीश्वर, हृदयकमलवासी, चिदम्बरपुरके निवासी, कानपर्यन्त विस्तृत नयनशाली, गोकर्णकी चादर धारण करनेवाले हैं, आपकी मुसकान भीषण असुरनगरीके लिये धूमकेतु स्वरूप है, आप समुद्रस्थित रामसेतु पर

रक्षणलीलाविलास दक्षिणकैलासवास आताम्रलोलनयन एकाम्रमूलभवन आभीलविधुरसेवन श्रीशैलशिखरपावन आर्द्राक्षमधुरवाग्गुम्फ रुद्राक्ष-रुचिरदोःस्तम्भ कालकण्ठरुचिघटितलावण्य नीलकण्ठमखिनिहितकारुण्य सेवापरतन्त्रपालक शैवागमतन्त्रकारक सर्गस्थितिसंहृतिकार्यत्रयस्थेय भर्गश्रुतियन्त्रितगायत्र्यनुसन्धेय अध्यासितवरनिकुञ्जगृहहिमाहार्य अध्यापितहरिविरिञ्चमुखशिवाचार्य अर्चितानन्तविहार सच्चिदानन्दशरीर विजयी भव विजयी भव ॥

भुञ्जीथा न हलाहलं यदि महादेव त्वमेवंविधं
भुञ्जीरन् किमिमे सुराश्चरुपुरोडाशादिहव्यं मखे ।
आसीथा न यदि स्वयं पितृवने भूतानि संमोहय-
न्नासीरन् किमिमे जनाः सुकृतिनो हर्म्येषु सौधेषु च ॥३९॥

रहा करते हैं, आपकी लीला लोकरक्षार्थ है, आप दक्षिण कैलासपर वास करते हैं, आपकी आँखें रक्त तथा चपल हैं, आप ललाटमध्यवासी हैं, सभी दुःखी आपकी सेवा करते हैं, आपने श्री शैलशिखरको पवित्र किया, आपका वचन-विन्यास कच्चे बिभीतकके सदृश मधुर होता है, आपके करमूलमें रुद्राक्ष शोभा पाता है, कालकण्ठकी कान्ति आपके लावण्यको बढ़ाती है, आपने नीलकण्ठ-मखीपर दया की है, सेवामें निरत जनका आप पालन करते हैं, आपने शैवागम तन्त्रका प्रवर्त्तन किया, जगत्की सृष्टि, स्थिति एवं प्रलयरूप कार्यमें आप स्थिर भावसे वर्त्तमान रहते हैं, शिवके कानोंमें पड़ी गायत्री आपका अनुसन्धान करती है, हिमालयके निकुञ्जगृहमें आप वास करते हैं, आपने ब्रह्मा-विष्णु प्रभृति आचार्योंको पढ़ाया, आपने अनन्त विहारोंकी अर्चनाकी, आप सच्चिदानन्द स्वरूप हैं, आपकी जय हो, जय हो ॥

हे महादेव, आप यदि इस प्रकारके भीषण इस हलाहलका पान नहीं कर लेते, तो क्या यह देवगण यज्ञगत चरु-पुरोडाश आदिके भक्षणमें समर्थ हो सकते । आप स्वयं यदि प्राणियोंको मोहित करते हुए श्मशानमें वास नहीं करते तो क्या यह पुण्यपरायणजन-समुदाय बड़े-बड़े भवनों या प्रासादों पर सानन्द रहते ॥ ३९ ॥

किं बहुना—

त्वत्प्रसूतास्त्वया गुप्तास्त्वया व्यापारिता वयम् ।
त्वां विदन्तोऽविदन्तो वा त्वामेव प्रीणयामहे ॥ ४० ॥'

इति स्तुवतो देवान् पुरशासनः पुनरित्थमनुशशास ।

'पुत्रा यूयं भुवनविदिता ब्रह्मनारायणेशा
दासा देवाः शतमखमुखा दानवेशास्ततोऽपि ।
कस्यान्यस्य व्यसनमहरं कालकूटे निगृह्णन्
लज्जे भूयः स्तुतिषु भवतां व्यापृतः स्वे कुटुम्बे ॥४१॥

तदलमतिक्रामति कालो मथनस्य । वत्सा देवासुराः, वत्स भोश्चतुरानन, शृणुतावहिताः परमुपदेशमिमम्—

अधिक क्या कहें—

हम आपसे उत्पन्न हुए हैं, आपसे रक्षित हैं, आपके ही द्वारा कार्योंमें व्यापारित होते हैं, हम आपको जानते हुए अथवा विना जाने आपको ही प्रसन्न किया करते हैं ॥ ४० ॥

इस प्रकारसे स्तुति करते हुए देवोंको पुरारिने पुनः इस प्रकार कहा—

ब्रह्मा, नारायण, ईश प्रभृति देवगण हमारे जगद्विदित पुत्र हैं, इन्द्र आदि देव हमारे दास हैं, असुरगण तो उससे भी बढ़कर मेरे दास हैं, कालकूटको निगृहीत करके मैंने किस अन्यजनका दुःख दूर किया है, मैंने आत्मीय जनपर ही तो अनुकम्पा की है, फिर भी आप मेरी स्तुति करते हैं जिससे मुझे लज्जा मालूम पड़ती है ॥ ४१ ॥

अतः इस समय स्तुतिकी बात व्यर्थ है, समुद्रमन्थनका काल बीता जा रहा है । वत्स देवगण तथा दानवगण, वत्स चतुरानन, आप सभी सावधान होकर मेरे इस उपदेशको सुन लें ।

अमुं यं वीक्षध्वे पुरुषमरविन्देक्षणमसौ
सवित्री सर्वेषामपि च भवतां मत्प्रियतमा ।
मदाज्ञामस्याज्ञां मम भजनमेतस्य भजनं
विजानन्तो यूयं विनमत तथास्मिन्मयि यथा ॥४२॥

भगवन्नरविन्दलोचन जानामि भवतो मयि प्रीतिमन्याद्दृशीम् । काममग्रे सहैवास्वहे । कालस्त्वयमेषामत्येति सुधाप्रदानस्य । तदस्य वियोगेन मे नार्हसि वैक्लव्यमधिगन्तुम् ।

भवानिति भवानीति पश्य भेदः कियानयम् ।
विग्रहं प्राप्तयोरेकं विश्लेषः क इवावयोः ॥ ४३ ॥

इति प्रसादयन्निन्दुशेखरः, प्रदक्षिणीकृत्य सहस्रशः, पादावाधाय मूर्ध्नि, परिरभ्य निर्भरं बाहुभ्यां, विसृष्टः कथंचिदपि विश्वंभरेण, पश्यत्सु देवासुरेषु, पार्वतीसहितस्तिरोदधे ॥

आप जिस कमलनयन पुरुषको सामने देख रहे हैं, वह आप सभीकी माता मेरी प्रियतमा है । इसकी आज्ञाको मेरी आज्ञा तथा इसकी भक्तिको मेरी भक्ति जानते हुए आप सभी इसको भी उसी तरह प्रणाम करें जैसे मुझे प्रणाम किया करते हैं ॥ ४२ ॥

हे भगवन् कमलनयन, आपकी प्रीति मुझपर कुछ दूसरे प्रकारकी है यह बात मैं समझता हूँ, फिर आगे तो हम और आप साथ ही रहेंगे, इस समय इनके अमृतमथनका समय बीता जा रहा है, अतः इस समय आपको हमारे वियोगमें अधीर नहीं होना चाहिये ।

देखिये, भगवान् तथा भवानीमें भेदही कितना है, हम दोनों जब एक ही शरीरको प्राप्त हो जाते हैं, तब हम लोगोंमें अन्तर ही क्या रह जाता है ? ॥ ४३ ॥

इस प्रकार चन्द्रशेखरने भगवान्को प्रसन्न किया, विश्वम्भर भगवान्ने हजार बार प्रदक्षिणा करके, उनके चरणोंको सिर पर रखकर, बाहुओं द्वारा गाढ़ालिङ्गन करके, किसी प्रकार उन्हें विदा किया, तदनन्तर पार्वतीसहित महादेव देवों तथा दानवोंके देखते-देखते तिरोहित हो गये ॥

तदनु च—

स्तुवन्तो दिव्याभिः स्तुतिभिरभिसंगम्य शतशः
स्पृशन्तः कोटीरैश्चरणकमलं कैटभभिदः ।
स्मरन्तः श्रीकण्ठं सममसुरवीरैर्दिविचराः
प्रहृष्यन्तः सिन्धुं प्रमथितुमुपाक्रंसत पुनः ॥ ४४ ॥

इति श्रीमद्भरद्वाजकुलजलधिकौस्तुभश्रीकण्ठमतप्रतिष्ठापनाचार्यचतुरधिकशतप्रबन्ध-
निर्वाहकश्रीमन्महाव्रतयाजिश्रीमदप्पयदीक्षितसोदर्यश्रीमदाच्चान्दीक्षितपौत्रेण
नारायणदीक्षितात्मजेन श्रीभूमिदेवीगर्भसंभवेन श्रीनीलकण्ठ-
दीक्षितेन विरचिते श्रीनीलकण्ठविजये चम्पूकाव्ये
चतुर्थ आश्वासः ।

इसके बाद असुरोंके साथ देवगण भगवान् कैटभारिके पास जाकर दिव्य स्तुतियोंसे उन्हें प्रसन्न किया, उनके चरणोंको अपने मस्तकभूषण-मणिओंसे छुआ, उन्हें स्मरण किया, और प्रहृष्ट होकर एक साथ पुनः समुद्रमन्थन करना प्रारम्भ किया ॥ ४४ ॥

चतुर्थ आश्वास समाप्त ।

पञ्चमाश्वासः

आलोड्यमानः पुनरेकतानैरामूलमब्धिः सुरदैत्यसंघैः ।
प्रादुष्करिष्यन्परमामृतं तत्प्रासीददीशान इव क्रमेण ॥१॥

ततश्च ततः क्षोभ्यमाणात्सजातीयमन्दरसंघर्षमसहमानतया समुत्थित इव मैनाकभूधरः, परिगलत्कलुषमदजलासारपरिजिहीर्षया निर्वासित इव भुवि नैर्मल्यैकमत्यस्थितैरान्तरैर्जन्तुभिः, सलिल एव संततवप्रक्रियाशीलनेन संसक्तैर्दुग्धसागरसरोजनालैरिव वज्रवलयैरावेष्टितचतुर्दन्तः, संततभूभार-परिश्रान्तदिगन्तदन्तावलराजदृष्टिपथान्निलीय विष्टिग्रहणशङ्कया विनिर्गतः स्वयमेव बहिरिव केनापि पथा विस्मयनीयविग्रहो महानैरावतो नाम मतङ्गजः प्रादुरभूत् ॥

एकतान हृदय होकर देवों तथा दानवोंने जब मूलपर्यन्त सागरको मथना प्रारम्भ किया, तब वह परम अमृतको प्रकट करेगा, इसीलिये प्रसन्न होने लगा, जैसे महादेव क्रमशः प्रसन्न होते हैं ॥ १ ॥

इसके बाद मथे गये समुद्रसे ऐरावत नामका महान् गज निकला जो स्वसदृश प्रतीत होनेवाले मन्दर पर्वत द्वारा समुद्रके मथे जानेको नहीं सह सकनेवाले मैनाक पर्वतके समान लग रहा था, ऐसा लगता था जैसे गिरनेवाले दानवारिसे सम्भवी कलुषतासे बचनेके लिये निर्मलतापर एकमत होकर पानीमें रहनेवाले जन्तुओंने उसे पानीसे बाहर कर दिया हो। जलमें सदासे वप्रक्रीड़ा करते रहनेके कारण क्षीरसागरके कमलनाल सदृश लगनेवाले वज्रवलय ऐरावतके चारो दाँतोंमें लिपटे हुए थे। वह ऐरावत ऐसा लगता था मानो सर्वदा भूभार धारण करनेसे परिश्रान्त दिग्गजगणकी आँख बचाकर भाग खड़ा हुआ हो। वह छिप तो गया था परन्तु उसे पुनः पकड़े जानेकी शङ्का सताती रहती थी, इसीसे वह स्वयं बाहर निकल आया था। उसका शरीर आश्चर्यकारी था।

परिचलितदुग्धवेलापरिचयविमलस्य मन्दरस्य गिरेः ।
अभ्यर्णमुपसरन्नयमर्भक इव तस्य संददृशे ॥ २ ॥

आजिघ्रन्निव पुष्करेण जलधेरर्धं पिबन् शीकरै-
रासिञ्चन्नभितस्तनूमिव सुरान् स्रोतोभिरास्रावयन् ।
वप्राघातमिवाचरन् शिथिलयन्मन्थानमेवाचलं
हर्षायाजनि पश्यतां दिविषदामैरावणो वारणः ॥ ३ ॥

स च बहिर्निःसरन्नशिक्षिताधोरणनियन्त्रणतया मनागप्यगणयन् देवासुरान्, अमृतोपयोगसुहिततया किमप्यनालोकयन्नुपनीयमानानि-क्षुलताभारानुपह्रियमाणानि कदलीकाण्डानि संभ्रियमाणानि पिप्पल-पल्लवानि च, सर्वतः परामर्शं यादांसि । तमित्थमतर्कितोपनिष्क्रान्त-मालक्षयन्तः पुनरपि यावदाविलयांबभूवुरर्णवं देवासुराः, तावदुद्वेलहेषा-

---

क्षुभित क्षीरसागरकी बेलासे परिचय होनेके कारण मन्दर गिरि भी स्वच्छ वर्ण हो रहा था, उसके समीपमें वह मैनाक पर्वत ऐसा लगता था मानो मन्दर का ही बच्चा उसके समीप आ रहा हो ॥ २ ॥

अपने शुण्डादण्डसे वह समुद्रको सूँघ रहा था, समुद्रका आधा भाग वह पी रहा था, दूधके फुहारेसे अपनी देहको सींच रहा था, जलधारासे देवोंको नहला रहा था । वप्रक्रीड़ा-सा करता हुआ तथा समुद्रमन्थन-प्रवृत्त मन्दराचल को शिथिल करता हुआ वह ऐरावत नामका गज जब दृष्टिगोचर हुआ तब देवोंको बड़ा हर्ष हुआ ॥ ३ ॥

जब वह बाहर निकला उस समय उसे हस्तिपककी शिक्षा प्राप्त नहीं थी अतएव वह देवों तथा दानवोंको कुछ नहीं गिनता था, बराबर अमृत पीनेसे वह तृप्त हो रहा था अतः उपहृत किये गये ऊँखकी ओर दृष्टि भी नहीं डाल रहा था, उपहृत कदलीस्तम्भ एवं पीपरके पत्तोंकी ओर नजर भी नहीं कर रहा था, चारों ओर जलको उछाल रहा था ।

अतर्कित रूपमें उपस्थित होनेवाले उस ऐरावतको देखकर देवों तथा दानवों ने क्षीरसागरको फिर मथा, तब उससे उच्चैःश्रवा नामका अश्व निकला । वह

हलहलोन्मेषपोषितकल्लोलकोलाहलः, चटुलखुरपुटाविद्धदुग्धसागरशीकरासारदुर्दिनदुर्दर्शदिङ्मण्डलः, संततसलिलनिमज्जनोन्मज्जनक्लेशसहनाक्षमतया सैन्धव इव कुमुदबान्धवस्यन्दनसंदानितः, कोऽपि समुन्मुच्य बन्धनमुच्चलितो बहिरुच्चैःश्रवा नाम यथार्थनामा समुन्ममज्ज सज्जीकृतो वाजी ॥

आप्योऽसि रंहसा गच्छन्ननाप्यो मारुतेन यः ।
सैन्धवः सैन्धवाद्भर्मादुत्ततार स पाण्डरः ॥ ४ ॥

स च किंचिदुदञ्चिताग्रपादतया मुहुर्मुहुराधित्सन्निव शिरसि पदमनलसारथेः, अपहसन्निव हेषारवैरवनितलमात्रसंचारशिक्षिता इत्यारट्टजवनायुजान्, सलिलमात्रसंचारशीलिनो मत्स्यमण्डूककर्कटका इवेति वाजिनो वरुणस्य, तैलयन्त्रनियन्त्रिता बलीवर्दा इव संततभ्रमणमात्रगर्विता इति सैन्धवानम्भोजबान्धवस्य, मारुतविजयादेव मनांसि

अपने हेषा शब्दसे कल्लोल-कोलाहलको पुष्टकर रहा था, चञ्चल खुरों द्वारा उछाले गये क्षीरसागरके दुग्धकणोंकी वृष्टिके द्वारा दिङ्मण्डलको दुर्दर्श बना रहा था। वह ऐसा लगता था मानो चन्द्रमाके रथमें बँधा हुआ अश्व सदा जलमें डूबने-उतरानेके कष्टको नहीं सह सकनेके कारण बन्धन तुड़ाकर भाग खड़ा हुआ हो। उसके कान खड़े थे जिससे उसका उच्चैःश्रवा नाम चरितार्थ हो रहा था। वह सजा-सजाया था।

आप्य—जलसे उत्पन्न—होकर भी वह वेग में हवाके लिये अनाप्य—अप्राप्य-दुर्लभ था। ऐसा वह श्वेतवर्ण अश्व सागरके गर्भसे प्रकट हुआ ॥ ४ ॥

उसके चरणका अग्रभाग कुछ उठा हुआ था जिससे वह ऐसा लगता था मानो वायुदेवके सिर पर चरण रखना चाह रहा हो, अरबी घोड़ोंको वह अपने हेषा शब्दसे यह कहकर हँस रहा था कि उन्होंने केवल जमीनपर ही चलना सीखा है। वरुणदेवके अश्वोंको वह यह कहकर हँस रहा था कि वे तो केवल जलमें चलना सीख सके हैं अतः वे मछली, मेढक एवं केकड़ोंके समान ही हैं। सूर्यके अश्वोंको वह यह कहकर हँसता था कि बराबर घूमते रहनेसे गर्व करनेके कारण ये कोल्हूमें जुते हुए तेलीके बैलके सदृश हैं ॥

जिगाय । अपि च । वाडवानामाजानसिद्धो मनोजयः कस्तत्र यत्न इति कथयितुकाममिव चलप्रोथतया, वालविक्षेपनिर्धूतमेघमण्डलतया वाहनं प्राचीनमभिभवन्तमिवाखण्डलस्य पश्यन्नुच्चैःश्रवसमनिमेषेण चक्षुषा, पद्मनाभः स्वयमङ्गीकृतहयग्रीवतनुरध्यापनमात्रनिर्वृतः सर्वतोऽपि विस्मयनीये तदीये गतिचातुर्ये सासूय इव बभूव ॥

यावद्यावत्सागरं ते ममन्थुस्तावत्तावत्सोऽर्पयन्नेकमेकम् ।
भूयो भूयः क्षोभमेवाप देवैर्दृष्टास्वादास्तत्र किं ते दयन्ते ॥५॥

ततश्च—

साध्वी गौः सुरभिर्नाम सागरादुदभूत्स्वयम् ।
गोप्रसूता हि गावीस्यामसाधुश्चेति जानती ॥ ६ ॥
स्नातुं वाञ्छति शंकरोऽपि पयसा स्तन्येन यस्याः स्वयं
तोयं पावनमुत्तमं त्रिजगतां यद्गात्रनिष्यन्दजम् ।

वायुपर विजय प्राप्त करके ही उसने मनको भी जीत लिया था। उसके थूथन चल रहे थे मानो वह कह रहा था कि अश्वोंके लिये मनको जीतना स्वभावसिद्ध वस्तु है, उसमें क्या प्रयास है। गलेके ऊपर वर्त्तमान केसरको हिलाकर वह मेघमण्डलको इतस्ततः प्रक्षिप्त कर दिया था मानो उसने इन्द्रके प्राचीन वाहन मेघको परास्त कर दिया था। उस उच्चैःश्रवाको निर्निमेष नयनोंसे देखनेवाले भगवान्ने यद्यपि स्वयं हयग्रीवका रूप धारण किया था, परन्तु उस रूपमें वह केवल अध्यापन ही कर सके थे, गतिचातुर्य नहीं सीखा था, इस समय जब उन्होंने इस उच्चैःश्रवाके विस्मयजनक गतिचातुर्यको देखा तो उन्हें असूया होने लगी।

जैसे-जैसे देवों तथा दानवोंने समुद्रका मन्थन किया वैसे वैसे समुद्रने एक-एक रत्न उन्हें अर्पित किया, फिर भी समुद्रको देव–दानव मथते ही रहे, भला स्वाद पानेके बाद वह उसके ऊपर क्यों दया करते ? ॥ ५ ॥

इसके बाद सुरभि-कामधेनु समुद्रसे स्वयं पैदा हुई, उसने सोचा कि यदि मैं किसी गायसे पैदा होऊँगी तो इतनी भली नहीं हो सकूँगी ॥ ६ ॥

स्वयं शङ्कर भी जिसके दूधसे स्नान करनेकी इच्छा रखते हैं, जिसके शरीरसे

यद्रूपां समुपासते शमधना वाचं पुराणीं परां
सा दिव्या सुरभीकरोतु सुरभिर्वाचं कवीनामपि ॥७॥
प्रथमसमुद्गतामखिलकामदुघामनघां
सुरभिमभिप्रपद्य सुरसिद्धमहर्षिगणे ।
स्तुवति धृताक्षमा इव वदान्यशिखामणयः
समसुदयांबभूवुरथ पञ्च महातरवः ॥ ८ ॥

अमीषां च पुनरखिलभुवनाद्भुतानां किसलयान्येव कनकांशुकानि, जीर्णपर्णान्येव चीनाम्बराणि, मुकुला एव मुक्ताफलानि, निर्यासा एव वैडूर्याणि, फलपाका एव पद्मरागाः, परागा एव पटवासाः मधुकरा एव महेन्द्रोपलाः, प्ररोहा एव हारलताः, प्रसवासवा एव परिणामाः सुधारसस्येत्याचक्षते ॥

किं कर्म दुष्कृतमिदं तरुजन्महेतुः
किं वा महत्सुकृतमीदृशकीर्तिमूलम् ।

निकला हुआ पानी—स्वेदजल त्रिजगत्को पवित्र करता है, तपस्यापरायण मुनिजन पुरानी वाणीको जिसका स्वरूप मानते हैं, वह दिव्या कामधेनु कवियोंकी वाणीको भी सुरभित किया करे ॥ ७ ॥

पहले प्रकट होनेवाली, समस्त दोषरहित, अखिल कामनाको सफल करनेवाली—कामधेनुको प्राप्त करके देवगण तथा सिद्ध समुदाय उसकी प्रशंसा कर रहे थे, उनके द्वारा की गई उसकी प्रशंसाको नहीं सहन करनेके कारण दानियोंके अग्रगण्य पाँच कल्पतरु प्रकट हुए ॥ ८ ॥

अखिल विश्वको आश्चर्यमें डालनेवाले इन कल्पवृक्षोंके नये पत्ते ही स्वर्णमय वस्त्र, पुराने पत्ते रेशमी कपड़े, मुकुल मुक्ताफल, लस्सा वैदूर्यमणि, पके हुए फल पद्मराग, पराग पटवास, भ्रमर नीलमणि, अङ्कुर हारलतायें एवं प्रसवासवही अमृत परिणाम हुआ करते हैं—ऐसा सभी कहते हैं ॥

कल्पवृक्षोंके प्रकट होनेपर मुनियोंके बीच इस प्रकारकी वादकथा प्रारम्भ हो गई, कुछने कहा कि इन्हें जो यह वृक्षका जन्म प्राप्त हुआ है उसका मूल

किं वा तृतीयमिदमीदृशमन्यदेवे-
त्यद्यापि शाम्यति न वादकथा मुनीनाम् ॥ ९ ॥

अवस्थाप्य च तानानुपूर्व्येण परिहृतजरारोगपरिश्रमासु पञ्चेन्द्रियसमुज्जीविनीषु छायासु तेषामायासमवधूय पुनरपि ते ममन्थुरमृतार्णवम् ॥

अभ्युद्यतीं मथनतः किल निष्कलङ्का-
मानन्दकन्दलमयीममृतांशुरेखाम् ।
उत्तंसपुष्पकलिकेयमुमापतेरि-
त्यालोचयन्नुपददे मनसा मुकुन्दः ॥ १० ॥

ततश्चिन्तित एव संनिहितो नन्दी शिव इव सभाजितो देवासुरैः समर्पितां मधुसूदनेन शशाङ्करेखामाददानः सादरमिदमवादीत्—

कोई पाप होगा, दूसरेने कहा कि इस प्रकारकी कीर्तिका निदान कोई महान् पुण्य ही हो सकता है। तीसरे पुरुषने कहा कि यह कुछ दूसरा ही पदार्थ है जो स्वयं अनन्य सदृश है, इस प्रकार चलनेवाली मुनियोंकी वादकथा अभी भी शान्त नहीं हो रही है ॥ ९ ॥

जरा, रोग एवं परिश्रमकी कथासे रहित पाँचो इन्द्रियोंको समुज्जीवित करनेवाली छायामें क्रमानुसार उन कल्पवृक्षोंको स्थापित करके तथा उनकी थकावट दूर करके उन लोगोंने पुनः सागर मथना प्रारम्भ किया।

समुद्रमन्थनसे निकलनेवाली आनन्दप्ररोहसदृश उस निष्कलङ्क चन्द्रलेखाको देखकर, यह महादेवके शिरोभूषणकी पुष्पकलिका है—ऐसा समझकर भगवान् अपने मनमें अत्यधिक आनन्दित हुए ॥ १० ॥

इसकी चिन्ता करते ही नन्दी आकर उपस्थित हो गये, देवों और दानवोंने शिवकी ही तरह उनकी अभ्यर्थनाकी, भगवान्ने समुद्रसे निकली इन्दुलेखा नन्दीको सौंप दी, उसे ग्रहण करते हुए नन्दीने सादर कहा—

'किमिव दयितं शंभोः केन प्रसीदति देव इ-
त्यविरतसमासक्तं चित्तं तवैव हरे हरे ।
तदिह भगवन्माहाभाग्यं तव प्रणुमः कथं
त्वमसि शरणं शैवानां नस्त्वमेव महागुरुः ॥ ११ ॥
जानीषे ननु नाम केशव जगन्नाथस्य नाथस्य नः
प्रीतिं पारमिकीमनन्यसुलभां पुष्पेषु नीलोत्पले ।
अस्मिन्नुत्पलबन्धुरित्यतितनूभूतेऽपि भूतेशितुः
प्रीतिं चिन्तय तावतीमुपचितामिन्दौ ततो वाधिकाम् ॥१२॥

तदहमेव प्रसाधयन्नेन भगवतः कपर्दपदमाराधयामि हस्तेन ते परमात्मानम् । अग्रभुजे च विश्वेषामग्रपूजनमेतदुचितमाचरितम् । तदितो यथाभिमतमिमानि वस्तून्युपयुज्यन्तां' इत्यभिधाय तिरोभवति शिलादनन्दने, पुनरपि संचुक्षोभ सारस्वतो गर्भः ॥

महादेवको क्या प्रिय है, वह किस वस्तुसे प्रसन्न होते हैं, हे हरे, इस विषयमें आपका ही हृदय सदा संलग्न रहा करता है। इस विषयमें आपके अहोभाग्यकी हम किस प्रकार स्तुति करें ? आप हम शिवभक्तोंके आश्रयदाता तथा महागुरु हैं ॥ ११ ॥

हे केशव, हमारे स्वामी तथा जगत्के नियन्त्रक महादेवकी अन्यदुर्लभ परमप्रीति पुष्पोंमें नीलोत्पलपर है इस बातको आप जानते हैं। उत्पलबन्धु होनेके कारण इस अतिलघुकाय चन्द्रमाके प्रति भूतनाथकी प्रीति नीलोत्पलकी तरह ही है अथवा उससे भी अधिक है, ऐसा आपको विचार लेना चाहिये ॥ १२ ॥

अतः मैं इस चन्द्रकलाके द्वारा शिवके जटाजूटको सजाकर परमात्मा शिवकी आराधना कर दूँगा। शिवजी संसारकी सारी वस्तुओंके अग्रभोक्ता हैं अतः इस चन्द्रकलासे उनकी ही अग्रपूजा उचित है। अतः इसके आगे निकलने-वाली वस्तुओंका आप लोग यथारुचि उपभोग करें। इस प्रकारसे कहकर नन्दीके अन्तर्हित हो जानेपर पुनः समुद्रका अभ्यन्तर भाग मन्थनसे क्षुभित हो उठा।

नैर्मल्यादुपसंभृताः फणधरस्त्रैणानुबिम्बाः शतं
स्वस्थानक्षुभितोद्गतामृतरसस्यन्दोपसंदानतः ।
प्राप्तप्राणसमागमा इव ततः प्रादुर्बभूवुः स्त्रियो
नासीराग्रपताकिका रतिपतेर्नानाजयाङ्का इव ॥ १३ ।

ततश्च विद्रुमलता इव वीचीभिराहृताः, तटित इव तत्तत्समयोपनम्र-पयोधरोत्संगपरिभ्रष्टाः, कौस्तुभरत्नपाञ्चालिका इव कौतूहलाय विनिर्मिताः केनापि, पञ्चशरराज्यलक्ष्मीविभूतीरिव परिगृहीतविग्रहाः, तुल्यवयोरूप-विभ्रमाः, तुल्याम्बरविभूषणाः, हंसीरिव मानसादम्भोदविगमे समुत्त-रन्तीस्ता बहिरालक्ष्य सर्वेऽपि सुरासुराः विरम्य सागरमथनवृथाक्लेशा-दुत्तरमप्यमृतमुपेक्ष्य संनिहितेऽधरामृत एव दृष्टिमादधिरे । तापसा अपि तद्दर्शनक्षुभितहृदया मन्त्रजपादुपरम्य मणितभेदानधिजिज्ञासांचक्रिरे । पञ्चाग्निमपि विमुच्य पञ्चास्त्रविद्यामेव परमर्षयोऽपि बहुमेनिरे ।

बहुत-सी नागलोक–ललनाओंकी प्रतिच्छवियाँ स्वच्छ होनेके कारण क्षीर-सागरमें प्रतिफलित हुईं, वह प्रतिच्छवियाँ क्षुभित सागरके सुधारससे मिलकर जीवित हो उठीं, वही हैं यह अप्सरायें, ऐसी वह अप्सरायें क्षीरसागरसे प्रकट हुईं जो कामदेवकी सेनाके आगे-आगे चलनेवाली नानाजयचिह्नोंसे भरी विजय पताकाओंके समान लग रही थीं ॥ १३ ॥

इसके बाद तरङ्गोंके द्वारा लाई गई विद्रुमलताओंके समान, किनारेपर, आनेवाले मेघोंकी गोदसे गिरी बिजलियोंके समान, किसीके द्वारा लोगोंको आश्चर्यमें डालनेके लिये निर्मित कौस्तुभमणिकी पुतलियोंके समान प्रतीत होनेवाली सागरजलसे निकलती हुई अप्सराओंको देखकर देव तथा दानवगण सागर-मंथन-परिश्रमसे निवृत्त होकर तथा अतिशीघ्र प्राप्त होनेवाले अमृतकी भी उपेक्षा करके उनके अधरामृतपर ही दृष्टि डालने लगे । वे अप्सरायें शरीरधारिणी कन्दर्पराज्य-लक्ष्मीकी तरह लगती थीं, उनके उम्र, वस्त्र तथा भूषण एकसे थे, वे ऐसी लगती थीं मानो वर्षा ऋतुके बीत जानेपर मानससरोवरसे उतरती हुई हंसियाँ हों । उन अप्सराओंको देखकर चलितहृदय तपस्वीगण मन्त्रजपसे निवृत्त होकर रतिकूजितोंकी जिज्ञासा करने लगे । महर्षिगण भी पञ्चाग्नि-विद्याको

किं बहुना । श्रुतिन्यायविदोऽपि सूक्ष्मदर्शिनः, तासामालोकनमग्निष्टोमस्य, द्वारोपसर्पणं द्वादशाहस्य, गाननिषेवणं गवामयनस्य, नाट्यावलोकनं नक्षत्रसत्रस्य, वाङ्मिश्रणं वाजपेयस्य, परिष्वङ्गं पौण्डरीकस्य, वदनास्वादनं वाजिमेधस्य, दन्तक्षतं दाक्षायणयज्ञस्य, नखलेखनं नानाविधानां संस्थानां, कुचमर्दनं कुण्डपायिनामयनस्य, रशनावमर्शनं राजसूयस्य, विपरीतरतं विश्वसृजामयनस्य, चरणताडनं चान्द्रायणस्य, परिभाषणं च पराकसान्तपनयोः फलमाचक्षते ॥

सौहार्दं परमेयुषामपि तदा संनह्यतां विग्रहे
तासामेव कृते शनैः सुमनसां दैत्येश्वराणामपि ।
सद्यः क्षालयितुं विवादमनतिप्रौढं सरोजेक्षणः
संगृह्णन्नुभयानिमानभिदधे तथ्यं च पथ्यं वचः ॥१४॥

'हन्त भो देवासुराः, किमिदमजानतामिव भवतामपि वैमत्यम् ।

भूलकर पञ्चास्त्र विद्याका आदर करने लगे । अधिक कितना कहाजाय, वेद-वेदान्तके ज्ञाता सूक्ष्मदर्शीजनभी उनके दर्शनको अग्निष्टोमका, उनके दरवाजेपर आनेको द्वादशाह यज्ञका, उनके गान सुननेको गवामयन यज्ञका, उनके नृत्य-दर्शनको नक्षत्रसत्रका, उनके साथ बात करनेको वाजपेयका, उनके आलिङ्गनको पौण्डरीकका, उनके मुखचुम्बनको अश्वमेधका, उनके द्वारा किये गये दन्तक्षतको दाक्षायणयज्ञका, नखक्षतको नानाविध संस्थानोंका, कुचमर्दनको कुण्डपायी अयनका, करधनी खोलपानेको राजसूयका, विपरीत रतिको विश्वसृजामयनका, चरणताडनको चान्द्रायणव्रतका तथा कथोपकथनको पराकसान्तपनका फल कहने लगे ।

देव-दानवके बीच उस समय बड़ी मैत्री थी, परन्तु उन अप्सराओंके लिये आपसमें लड़नेकी तैयारी करने लगे, जब भगवान् कमलनयनने यह देखा तब तत्कालही उनके सद्यःप्ररूढ विवादको समाप्त कर देनेके लिये दोनों—देवों तथा दानवोंको सत्य तथा पथ्य वचन कहे ॥ १४ ॥

हे देवो तथा दानवो, आपलोग भी अनजानकी तरह आपसमें क्या मतभेद

तुल्ये परिश्रमे, तुल्ये चाभिजने, तुल्येनैव वो भवितव्यं फलेनापि तदिमाः समुद्रसंभवा अप्सरसो नाम तरुण्यः साधारण्यो भवन्तु भवताम् ॥

गजमेकमश्वमेकं गामेकां पञ्च च द्रुमान् दत्त्वा ।
संभावयत विनाशितसर्वस्वं वासवं यदि प्रीतिः ॥१५॥

इत्यभिहितमात्र एव सादरमाधाय शासनं शिरसि 'किं प्रतिब्रूमो भवच्छासने, किंतु स्वामिने किमप्यनुपहृत्य न युक्तमस्माभिरियदासेवितुं, तदग्रे यदुत्पत्स्यते तद्भवाननुमन्यतां' इति प्रार्थ्यमानः सुरासुरैरन्तरेव कृतस्मितः किंचिदन्वमन्यत रमारमणः ॥

अथ पुनरपि यावदाविलं ते
व्यधुरुदधिं विबुधाश्च दानवाश्च ।
सममखिलजनुष्मतां मनोभिः
समजनि तावदनाविला त्रिलोकी ॥ १६ ॥

कर रहे हैं ? आपने समान परिश्रम किया है, आप सभी समान हैं, फिर फल भी आप सभीको समानरूपमें मिलना चाहिये । अतः समुद्रसे निकलनेवाली युवती अप्सरायें भी आपलोगोंकी साधारण रहेंगी ।

आपलोगोंके हृदयमें यदि वस्तुतः प्रीति है, तो आप एक हाथी, एक घोड़ा, एक गाय तथा पांच वृक्ष देकर आप सर्वस्वसे वञ्चित इस विपन्न इन्द्रको सत्कृत करें ॥ १५ ॥

भगवान्के द्वारा इस प्रकार कहे जानेपर दानवोंने उनकी आज्ञाको सिरपर धारण किया और कहा—आपके आदेशपर हम क्या उत्तर दें, परन्तु हमारे लिये यह उचित नहीं है कि स्वामीको बिना कुछ दिये हुए हम इतनी वस्तुयें ले लें, अतः अब आगे जो निकलेगा, उसे आप स्वीकार करें । इस प्रकार देवों तथा दानवोंसे प्रार्थित हो भगवान्ने थोड़ा मुस्कुराकर अनुमति देदी

इसके बाद देवों तथा दानवोंनें जब पुनः सागरको मथकर मलिन बनाया तब समस्त प्राणियोंके हृदयोंके साथ-साथ समस्त त्रिलोकी प्रसन्न हो उठी ॥१६॥

अभ्यग्रावतरिष्यदर्णवसुताहस्ताग्रसंभावना-
संहृष्यत्कनकारविन्दकलिकासौरभ्यसारस्पृशः ।
मन्दं मन्दममन्दचन्दनकिरः पस्पन्दिरे मारुताः
कालोन्निद्रकदम्बडम्बरमभूद्येनाङ्गभङ्गं हरेः ॥ १७ ॥

ततश्च समसमयसमुन्मिषत्कनकारविन्दकाननश्रीरिव नयनानन्द-संदायिनी, समभागयोजितशरदिन्दुकन्दलबालारुणप्रविलापनचाकचक्य-लक्ष्मीरिव चमत्कारकारिणी, सागरावर्तविवरसमुत्थितफणासहस्रमणि-प्रभेव फणिराजस्य, काचन कान्तिधोरणी संमूर्च्छिता दुग्धकल्लोलेषु सन्ध्येव चन्द्रातपे, सफलीचकार कमलाक्षतां कमलाक्षस्य । तत्र च तालवृन्तचामरताम्बूलकरङ्ककनकालुकादिपरिकरपाणयो भावानुभावदेवता इव परिणताः शरीरबन्धेन शृङ्गारस्य, रम्भादिरामणीयकमात्रनिर्वर्णन-निर्वृतानि लज्जयन्त्यो नयनानि नाकसदां, प्रादुर्बभूवुरग्रतः परिवारशक्तयः

अभी निकट भविष्यमें अवतार लेनेवाली लक्ष्मी अपने हस्ताग्र भागमें ग्रहण करके आदर प्रदान करेंगी, इस खुशीसे विकसित होनेवाली कनक-कमलकी कलिकाओंकी सुगन्धसे परिपूर्ण तथा चन्दन-विन्दुओंकी वर्षा करने वाली वायु मन्द-मन्द बहने लगी, जिससे वर्षाकालमें विकसित कदम्बकी तुलनाको भगवान्के अङ्गोंने धारणकर लिया, अर्थात् शीतल वायुके संपर्कसे भगवान्का शरीर रोमाञ्चित हो गया ॥ १७ ॥

इसके बाद एक साथ विकसित होनेवाले कनक-कमलवनकी शोभाकी तरह आंखोंको आनन्दित करनेवाली, समानमात्रामें एकत्र की गई—शरद् ऋतुकी चन्द्रकला, बालसूर्यप्रभा तथा चाकचक्य-लक्ष्मीकी तरह चमत्कारकारिणी, सागरके जलराशिके घूमते रहनेसे बननेवाले विवरोंमें होकर निकलनेवाले शेषफणामणि-प्रभाके सदृश कोई प्रभाप्रवाह क्षीरसागरके तरङ्गोंपर प्रकट हुआ जो चन्द्रातपमें सन्ध्याकी तरह लगा, उसने भगवान्के नयनोंका कमलरूपत्व प्रमाणितकर दिया। ऐसी समय पङ्खा, चामर, पानके पात्र, तथा स्वर्णमय उगलदान प्रभृति साम-ग्रियोंको हाथोंमें धारण करनेवाली, शृङ्गाररसकी शरीरधारिणी भावानुभाव-देवता-ओंकी तरह लगनेवाली, लक्ष्मीकी परिवारशक्तियाँ आगे प्रकट हुईं, उन शक्तियोंने

कमलालयायाः । तदनु च परमानन्दघनीभावपरिणाममयी मातृकावर्ण-संपन्नमकुटादिचरणान्तसर्वाङ्गसुन्दरी पतिदेवता धर्मनियन्त्रणेन पतिमुख-लक्ष्यैकपातिनीभिरपि कटाक्षवृत्तिभिः परिसरनिष्यन्दमात्रपरिपोषित-जगत्त्रयी, जातजायमानजनिष्यमाणरूपापि जातरूपैकमयीव लक्ष्यमाणा, धर्ममयी धार्मिकेषु, विज्ञानमयी विप्रेषु, पराक्रममयी बाहुजेषु, संपन्मयी राजसु, साहसमयी शरारुषु, कारुण्यमयी भक्तेषु, कामकलामयी परिणे-तरि, विजयपताकिका जनार्दनस्य, जीविका मकरध्वजस्य, माता चरा-चराणां, महिषी नारायणस्य, समालक्ष्यत सौभाग्यदेवता ॥

विरहासहेव सततं विहितस्थितिराननेन्दुना सविधे ।
कुवलयवनीव रेजे कुटिला कचसंहतिस्तस्याः ॥ १८ ॥

कपोलौ निर्मातुं किल शकलमेकं हिमरुचे-
र्यदादायात्याक्षीदसममिदमस्या इति विधिः ।

रम्भा आदि अप्सराओंकी सुन्दरताको देखकर सुखी होनेवाले सुरनयनोंको लज्जित कर दिया । अनन्तर परमानन्दके घनीभावकी परिणामस्वरूपा, मातृकावर्णसे सम्पन्न, मुकुटादि, चरणान्त अङ्गोंमें सुन्दरी लक्ष्मी प्रकट हुई । वह पतिपरायणा थी, धार्मिक नियन्त्रणसे उसकी कटाक्षवृत्ति यद्यपि पतिके मुखमात्रको लक्ष्य बनाती थी, तथापि समीपदेशमें जो कटाक्षवृत्तिके अंश फैल जाते थे, उतनेसे ही जगत्त्रयका पोषण हुआ करता था । उसका सौन्दर्य जात, जायमान तथा जनिष्यमाण था (शाश्वत था) फिर भी वह जातरूपमयी—सुवर्णमयी दीख पड़ती थी, वह धार्मिकोंके प्रति धर्ममयी, ब्राह्मणोंके प्रति विज्ञानमयी, क्षत्रियोंके प्रति पराक्रममयी, राजवर्गके प्रति सम्पत्तिमयी, युद्धप्रियजनोंके प्रति साहसमयी, भक्तोंके प्रति करुणामयी, विवाह करनेवाले पतिके प्रति कामकलामयी, जनार्दनकी विजय-पताकारूपा, मकरध्वजकी जीवनदात्री, चराचरकी माता तथा नारायणकी पटरानी थी।

मुखस्वरूप चन्द्रमाके विरहको नहीं सह सकनेके कारण कुवलयवनी कुटिल कचभारके रूपमें सदा उसके मुखके पास बनी रहती है, ऐसा मालूम पड़ता था ॥ १८ ॥

इसके कपोलोंका निर्माण करनेके लिये ब्रह्माने चन्द्रमाके एक खण्डको हाथ में लिया और यह कहकर छोड़ दिया कि यह चन्द्रखण्ड इसके कपोलकी

तदासीदाश्चर्यं परममखिलानां दिविषदां
तदुत्तंसीभूतं पुरमथितुरद्यापि मकुटे ॥ १९ ॥

अपिच कमलासनपदप्रदस्य कमलोपमां मीनकेतनजनकस्य मीनसादृश्यमपि कथयितुमपत्रपन्ते कवयोऽपि तन्नयनस्य । करगतकमलं घ्राणसंसक्तं तत्रत्यमौक्तिकमिव तस्या नासामणिः परिणेमे ॥

कस्यां श्रुतावधिगता मणिकर्णिकेति
मूढात्मनां प्रलपतां मुखमुद्रणाय ।
आसीदशेषजनताभवतापहन्त्री
मातुः श्रुतावधिगता मणिकर्णिकैव ॥ २० ॥

पद्महस्तायाश्च तस्याः पाणिकमलयोर्विवेकाय कल्पितानि चिह्नतयेव कङ्कणानि प्रचकाशिरे । आजानसरलमस्या हृदयमावृण्वतोरनवशेषमेव

रचनामें लगाये जाने योग्य नहीं है । समस्त देवमण्डलीको यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि वही चन्द्रखण्ड अभी भी महादेवके मस्तक पर अलङ्कार बनकर वर्त्तमान है ॥ १९ ॥

कमलासन—ब्रह्माके पदको देनेवाले उनके नयनको कमलसे उपमा देने तथा मीनकेतन—कन्दर्पके जनक उसके नयनको मीनसदृश कहने में कवियोंको लाज लगती है । उसके हाथका कमल जब नासिकासे जा मिलता है तब वह नासामौक्तिककी तरह (नासामणि) प्रतीत होता है ।

मूढहृदय विवादीजन एक दूसरेको परास्त करनेके लिये पूछा करते हैं कि मणिकर्णिका किस श्रुति में वर्णित है ? अशेष जनताके सांसारिक सन्तापको दूर करनेवाली मणिकर्णिका (मणिमय कर्णभूषण) तो माता लक्ष्मीके कानोंमें ही पाई गई थी ॥ २० ॥

हाथ में कमल धारण करनेवाली लक्ष्मीके हाथ तथा कमलमें अन्तर उत्पन्न करनेके लिये कल्पित चिह्नके समान शोभित होते थे उसके हाथके कङ्कण । उसके स्तनों पर लगाये गये कुङ्कुमलेप ऐसे लगते थे मानो स्वभावसरल उसके

कुकुचकुम्भयोः कोपारुणाः कटाक्षा इव पुण्डरीकाक्षस्य कुंकुमपत्रभृ दद्दशिरे ॥

वक्त्राक्षिपाणिचरणासनधारणानि
पद्मानि यानि षडिमानि हरिप्रियायाः ।
उद्बुद्धमेकमपि तेषु किल व्यनक्ति
संसारमोहरजनीमणुमात्रशेषाम् ॥ २१ ॥

पद्मे निवेश्य परिगृह्य च पद्ममेव
या पद्मरागमखिलं स्वमुदाजहार ।
तस्याः श्रियः समुचितानि हि तन्मयानि
ताटङ्ककङ्कणमुखानि विभूषणानि ॥ २२ ॥

विहारोऽप्येतस्या विकसति सरोजे चरणयोः
प्रसूते लौहित्यं यदि चरतु सा कुत्र सुमुखी ।
इति ध्यायंध्यायं मृदुनि नवनीतादपि निजे
हृषीकेशो मेने हृदयभवने वासमुचितम् ॥ २३ ॥

हृदयको समस्तरूपमें आवृत करनेवाले कुचकुम्भों पर पड़नेवाले भगवान् पुण्डरीकाक्षके कोपारुण कटाक्ष हों ।

मुख, नयन, चरण, हाथ, आसन तथा हाथमें धारण किये गये लक्ष्मीके जो यह छः कमल हैं, उनमें एक भी यदि विकसित हो जाता है (वास्तविक रूपमें ज्ञात हो जाता है) तो संसाररूप रात्रिका अवसान हो जाता है, उसके ज्ञानमात्रसे मोक्ष सुलभ हो जाता है । ॥ २१ ॥

पद्मपर आसन लगाकर, पद्मको हाथसे ग्रहण करके, जिसने अपने हृदयमें वर्त्तमान समस्त पद्मानुरागको व्यक्त कर दिया, उचित ही है कि उस लक्ष्मीके ताटङ्क, कङ्कण प्रभृति सारे भूषण पद्मरागके ही बने हों ॥ २२ ॥

लक्ष्मीके चरण जब विकसित कमलपर सञ्चरण करते हैं तब भी उनमें लाली दौड़ जाती है, फिर वह सुमुखी लक्ष्मी संचार करे तो कहाँ करे ? इस विषय पर विचार करके भगवान् हृषीकेशने यही ठीक समझा कि मक्खनसे भी कोमल भगवान्के हृदयमें ही लक्ष्मीका वास उपयुक्त है ॥ २३ ॥

ततस्तदिङ्गितवेदिनी मङ्गलदेवता परिवृता विभूतिभिः पश्यत्सु देवासुरेषु, सहस्रादित्यवर्चसा सह कौस्तुभेन सागरादुत्तरन्ती पद्मेन सह चिन्तामणिमपि पाणिना धारयन्ती भुजाद्भुजान्तरं संक्रम्य भूभुजां कृतशिक्षेव भुजान्तरमेव भूवल्लभस्य समारुरोह ॥

दिव्या दुन्दुभयो विनेदुरभितः स्निग्धं जगुः किन्नरा
जानन्तः परदेवतां जय जयेत्यस्तावि पुस्तापसाः ।
अम्लानैर्ववृषुः सुमैः सुरभिलैराश्चर्यमेघाश्च ता-
मारूढां हृदयं हरेरपि सुरैरज्ञातमन्तःपुरम् ॥ २४ ॥
चन्द्रं चन्द्रिकयेव चण्डकिरणं दीप्त्येव शक्त्या तया
नित्याश्लिष्टमनन्ययापि मिलितं देवं तदानीमिव ।
दृग्दर्शमनिर्वृतां दशशतीमक्ष्णां किरन्पादयो-
रस्तावीत्कमलालयामभिमुखीकर्तुं पुनर्वासवः ॥ २५ ॥

इसके बाद भगवान्‌के इशारेको समझने वाली मङ्गलदेवतालक्ष्मी अपनी विभूतियोंके साथ, देवों तथा दानवोंके समक्ष, सहस्रसूर्यप्रकाश कौस्तुभके साथ समुद्रसे निकली, उसके हाथमें चिन्तामणि था, उसने सीधे भगवान्‌के भुजान्तर में प्रवेश किया, क्योंकि उसे एक राजाके भुजासे दूसरे राजाके भुजान्तरमें प्रवेश करनेकी आदत थी ।

दिव्य दुन्दुभियाँ बज उठीं, किन्नरगण मधुर गीत गाने लगे, तपस्वीगण परदेवता लक्ष्मीको जानते थे अतः 'जय जय' कहकर लक्ष्मीकी स्तुति करने लगे, आश्चर्यमेघ, सुगन्धित तथा सदाबहार फूलोंकी वृष्टि करने लगे, लक्ष्मीने देवोंके द्वारा भी अज्ञात भगवान्‌के हृदयरूप अन्तःपुरमें प्रवेश किया ॥ २४ ॥

जैसे चन्द्रमा चन्द्रिकासे तथा सूर्य दीप्तिसे नित्यमिलित रहते हैं उसी तरह भगवान् भी अपनी उस शक्तिसे नित्यमिलित रहते हैं, फिर भी भगवान्‌को उस अपनी अनन्य शक्तिसे उस समय मिलित देखकर इन्द्रने अपने अतृप्त हजार नयनोंको भगवान्‌के चरणोंमें लगा दिया, और उस कमलवासिनी लक्ष्मीको अपनी ओर आकृष्ट करनेके लिये पुनः स्तुति करना प्रारम्भ किया ॥ २५ ॥

भगवति जगज्जननि भक्तवत्सले, परमः पुमानपि भवत्या विनाकृतो नीहार इव भानुमान्, निदाघान्त इव चन्द्रमाः, नानन्दयामास नयनानि मादृशाम्। अधुना तु—

या त्वेषा तुलसीति वक्षसि हरेर्या कापि वन्यौषधि-
र्यश्चासौ तिलकालको बहुमतः श्रीवत्स इत्याख्यया।
हन्तासीत्तदपि द्वयं शमवतामालम्बनं ध्यायतां
चारूणामपि चारु चारुचरणन्यासेन पद्माक्षिते ॥२६॥

अपि च। यामेव भवतीमियन्तं कालमासेदुषीमरातिभवनानि मणिप्रभामिव महोरगफणागतामालक्ष्य चकितोऽस्मि तामेव सर्वलोकशरण्यस्य भगवतः सरसिजेक्षणस्य वक्षोगतामालक्ष्यच सर्वतो निर्वृतोऽस्मि॥

अज्ञानादतिलालनादपि च ते मातर्मया माद्यता
निर्माल्ये परदैवतस्य चलितं यत्किंचिदुच्छृङ्खलम्।

हे जगत्की जननि, हे भक्तकल्याणकरे, भगवति लक्ष्मि, तुमसे रहित होकर परमात्माभी पालेमें सूर्यकी तरह. वर्षा ऋतुमें चन्द्रमाकी तरह, हमारी आंखोंको आनन्दित नहीं कर रहे थे। इस समय तो—

